विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
दैनिक जागरण
www.dainikjagranmpcg.com
वर्ष 73 अंक 97 पृष्ठ 12 रीवा, रविवार 04 जनवरी, 2026
माघ कृष्ण पक्ष 01, विक्रम संवत् 2082 नगर मूल्य 5 रुपए

# वेनेजुएला की संप्रभुता पर हमला



## अब वेनेजुएला में अराजकता के बीच तीन सत्ता केंद्र

**उपराष्ट्रपति ने संभाली सत्ता:** वेनेजुएला के संविधान के मुताबिक राष्ट्रपति की 'पूर्ण अनुपस्थिति' में उपराष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज अंतरिम सत्ता संभालेंगी और 30 दिनों के भीतर नए चुनाव कराने होंगे।

**विपक्ष सक्रिय:** विपक्ष ने दावा किया है कि असली राष्ट्रपति निर्वासन में रह रहे एडमंडो गोंजालेज हैं, जिन्हें 2024 के चुनाव में विपक्षी समर्थन मिला था। उनकी वापसी तय मानी जा रही है।

**सेना निर्णायक स्थिति में:** अब सेना के रुख को निर्णायक माना जा रहा है। रक्षा मंत्री व्लादिमीर पाद्रिनो लोपेज ने कहा है कि विदेशी सैन्य दखल वेनेजुएला के लिए सबसे बड़ा अपमान है।

**काराकस, जेएनएन।** अमेरिका ने वेनेजुएला पर सीधा सैन्य हमला कर अंतरराष्ट्रीय राजनीति में एक नया और खतरनाक मोड़ ला दिया है। यह मौजूदा लोकतांत्रिक इतिहास में पहली बार है जब किसी संप्रभु देश पर हमला कर उसके राष्ट्रपति को बंधक बना लिया गया हो। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने खुद वेनेजुएला पर हमला कर राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने की पुष्टि की है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर लिखा कि मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया एडेला अब अमेरिकी सैनिकों के कब्जे में हैं। उन्हें न्यूयार्क लाया जा रहा है। यह कार्रवाई बीती रात करीब 2 बजे (भारतीय समयानुसार सुबह 11.30 बजे) की गई, जिसमें वेनेजुएला के चार शहरों को निशाना बनाया गया। राजधानी काराकस में कम से कम सात जोरदार धमाके सुने गए। स्थानीय मीडिया के अनुसार कम से कम सात बड़े विस्फोट हुए। अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मादुरो एक सैन्य परिसर में सो रहे थे, जब अमेरिकी विशेष बल वहां पहुंचे। अधिकारियों के हवाले से कहा गया कि मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को बेडरूम से बाहर निकालकर हिरासत में लिया गया। दोनों को अमेरिकी युद्धपोत यूएसएस जिमा के जरिए न्यूयॉर्क ले जाया जा रहा है, जहां उन पर कानूनी कार्रवाई होगी। वेनेजुएला ने यूएन सिक्योरिटी काउंसिल में आपात बैठक बुलाने की मांग की है। मादुरो की गिरफ्तारी के बाद कैरिबियन क्षेत्र में हवाई यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ।

**तस्वीर पर विवाद:** गिरफ्तारी के बाद ट्रंप ने सोशल मीडिया पर मादुरो की एक तस्वीर साझा की, जिसमें वे ग्रे ट्रैकसूट पहने, आंखों पर काली पट्टी और कानों पर ईयरमफ्स लगाए दिख रहे हैं। यह गिरफ्तारी के ठीक बाद की तस्वीर है। इस पर बहस छिड़ गई है। कई विश्लेषकों का कहना है कि यह तस्वीर मादुरो को सार्वजनिक रूप से अपमानित करने के उद्देश्य से जारी की गई। बाद में दूसरी तस्वीर जारी की गई जिसमें मादुरो सैन्य अधिकारियों के साथ हवाई जहाज में हैं और सफेद कपड़े पहने हुए हैं।

## हालात सामान्य होने तक अमेरिका संभालेगा शासन



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि जब तक वेनेजुएला में हालात पूरी तरह सामान्य नहीं हो जाते, तब तक अमेरिका वहां शासन व्यवस्था संभालेगा। उन्होंने अमेरिकी सैनिकों की 'असाधारण बहादुरी' की तारीफ भी की। ट्रंप ने कहा है कि वेनेजुएला में आगे कौन शासन करेगा, इस फैसले में अमेरिका 'बहुत गहराई से शामिल' रहेगा। एक टीवी इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि अमेरिका यह जोखिम नहीं उठा सकता कि मादुरो के हटने के बाद कोई और उसी तरह सत्ता संभाल ले।

**ऑपरेशन में 150 से ज्यादा विमान शामिल:** अमेरिका के जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ के चेयरमैन जनरल डैन केन के मुताबिक, मादुरो को पकड़ने के लिए चलाए गए इस ऑपरेशन में 150 से ज्यादा विमान शामिल थे।

**मादुरो पर ड्रग कार्टेल का आरोप:** ट्रंप ने मादुरो पर 'कार्टेल दे लॉस सोलेस' नामक ड्रग तस्करी नेटवर्क का सरगना होने का आरोप लगाया। ■ शेष पृष्ठ 7 पर


## हार्ट क्लीनिक आपके शहर रीवा में

**डॉ. शिरीष मिश्रा हृदय रोग विशेषज्ञ की सेवाएं प्रत्येक दिन**



**रीवा।** रीवा के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ शिरीष मिश्रा जी M.D. मेडिसिन D.N.B कार्डियोलॉजी कंसलटेंट इंटरवेशनल कार्डियोलॉजिस्ट पूर्व कंसलटेंट - मैक्स हॉस्पिटल, बी.ल कपूर हॉस्पिटल, नई दिल्ली हृदय रोग विशेषज्ञ की सेवाएं प्रति दिन समड़िया गोल्ड बाल भारती स्कूल के सामने रीवा में उपलब्ध है, डॉ शिरीष मिश्रा पूर्व में मैक्स हॉस्पिटल और बी.एल. कपूर जैसे हॉस्पिटल में अपनी सेवाएं प्रदान कर चुके है, हार्ट अटैक, सीने का दर्द, ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, सांस फूलना, स्टंट, पेसमेकर, वाल्व बाईपास इत्यादि के मरीजों का फॉलो उप, जन्मजात हृदय रोग जैसे बीमारी का इलाज किया जाता है, आधुनिक जांच सुब्धियाएं जैसे कि इकोकार्डियोग्राफी, टीएमटी, ECG, होल्टर, एबीपीएम जैसे आधुनिक तक्नीक से जांच उपलब्ध है। अधिक जानकारी हेतु आराध्या मेडिकल स्टोर्स समदड़िया गोल्ड, बाल भारती स्कूल के सामने, रीवा। संपर्क नं. 9752244-218 में संपर्क कर सकते हैं।

**75 वर्ष से ज्यादा व्यक्तियों का सभी प्रकार की जांचो में 50% की छूट एवं निःशुल्क परामर्श**

**विशेष सुविधाएं: एन्जोप्लास्टी, बाईपास सर्जरी,** आयुष्मान द्वारा निःशुल्क सर्जरी की जाती है।











जागरण रीवा
रीवा, 04 जनवरी 2026
www.dainikjagranmpcg.com

गिल कप्तान, पंत, सिराज और श्रेयस की वापसी (पेज : 11)



# 6 माह बाद शहरवासियों नवनिर्मित टंकियों से मीठा पानी देने का दावा

## अमृत-2 योजना से शहर में बन रही 18700 किलोलीटर क्षमता की 12 टंकियां

## 8 टंकियों का निर्माण पूरा, 4 निर्माणाधीन, 15 हजार घरों को मिलेगा पानी

**जागरण, रीवा।** शहर में नागरिक सुविधाओं के लिए नगर निगम द्वारा अमृत-2 योजना के तहत अधोसंरचनाओं का तेजी से विकास किया जा रहा है। इस योजना के माध्यम से लोगों को मीठा पानी उपलब्ध कराने के लिए 18700 किलोलीटर क्षमता की 12 टंकियों का निर्माण किया जा रहा है। अगर सबकुछ सही रहा तो अगले तीन महीने बाद मार्च माह में शहर के लोगों को नवनिर्मित टंकियों से मीठा पानी मिलने लगेगा। अलग-अलग स्थानों में बन रहीं 12 टंकियों में से 8 का निर्माण पूरा हो चुका है जबकि 4 टंकियों का निर्माण आखिरी चरण में चल रहा है। नगर निगम आयुक्त डॉ सौरभ सोनवणे ने बताया कि नगर निगम रीवा में अधोसंरचनाओं का तेजी से विकास हो रहा है। शहर की जनसंख्या में भी तेजी से वृद्धि होने के कारण पेयजल, साफ-सफाई, सड़कों के विस्तार की आवश्यकता है। नगर निगम में अमृत-2 योजना के तहत पेयजल व्यवस्था के लिए कुल 18700 किलोलीटर क्षमता की 12 टंकियों का अलग-अलग स्थानों में निर्माण किया जा रहा है। इसके साथ-साथ 462 किलोमीटर की पाइपलाइन भी बिछाई जा रही है। मार्च महीने तक परियोजना का कार्य पूरा होने पर 15 हजार घरों को नल कनेक्शन देकर स्वच्छ और मीठे पानी की आपूर्ति की जाएगी। शहर के जिन क्षेत्रों में अभी पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है वहाँ भी पानी की कमी दूर होगी। निगमायुक्त डॉ सोनवणे ने बताया कि अमृत-2 योजना के तहत 162 करोड़ रुपए के निर्माण कार्य मंजूर किए गए हैं। संबंधित निर्माण एजेंसी द्वारा तेजी से निर्माण किया जा रहा है। कुठुलिया में बीहर नदी के किनारे एक इंटेकवेल, रॉ वाटर राइजिंग तथा एक वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का कार्य तेजी से चल रहा है। इस योजना के तहत 12 टंकियों का निर्माण किया जा रहा है, जिनमें से 4 का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। अनंतपुर में 1980 किलोलीटर, पचमठा में 850 किलोलीटर, आयुर्वेद कॉलेज के पास 2950 किलोलीटर, नीम चौराहा में 1550 किलोलीटर, खोभर में 2000 किलोलीटर, पद्मधर कॉलोनी में 1100 किलोलीटर क्षमता की टंकिया बनाई जा रही हैं। इसी तरह बाल न्यायालय के पास 2360 किलोलीटर, चिरहुला में 1650 किलोलीटर, आरटीओ ऑफिस के पास 1050 किलोलीटर, इंदिरा नगर में 780 किलोलीटर, धोबिया टंकी में 2000 किलोलीटर तथा हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में 400 किलोलीटर क्षमता की टंकियों का निर्माण किया जा रहा है। इस परियोजना में 34.74 किलोमीटर लम्बाई में क्लियर वाटर पाइपलाइन भी बिछाई जा रही है। परियोजना का कार्य पूरा होने पर शहर की पेयजल आवश्यकताओं की पूरी तरह से पूर्ति हो जाएगी।

शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
कामता सोनोग्राफी सेन्टर
(अल्ट्रासाउण्ड)
डॉ. रश्मी शुक्ला
M.D. (Radio Diagnosis) G.S.V.M. Medical College Kanpur
Ex. J.R. AIIMS New Delhi
Ex. Consultant Radiologist Alpha Imaging & MRI Kanpur
Ex. Consultant Radiologist Noble Hospital Kanpur
ए-ब्लॉक, समदड़िया सेन्टर प्वाइन्ट, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा (म.प्र.) 07662-451599, 9399312433

# करहिया मण्डी परिसर में गंदगी का आलम

**जागरण, रीवा।** करहिया मण्डी परिसर में इन दिनों गंदगी का आलम है। विभागीय सूत्रों की मानेकं तो यहां प्रतिमाह सफाई के नाम पर ही लाख रुपया खर्च किया जा रहा है उसके बाद भी यहां दिनभर कचरा उड़ता रहता है, कई जगह जमा कचरे को देखकर प्रतीत होता है कि इसे काफी समय से नहीं हटाया गया, यानी सफाई के नाम पर यहां सिर्फ औपचारिकता ही निभाई जा रही है। मण्डी परिसर में उड़ने वाली धूल से ही लगता है कि महीनों से यहां झाड़ू नहीं लगाया गया, जबकि अंदर सीमेंटेड सड़कें बनी हैं, वहीं शेडों के अगल-बगल भी सीमेंट, कांक्रीट किया हुआ है। फिर भी धूल का अंबार है। सब्जी व्यापारी यहां सड़ी-गली सब्जियां फेंक जाते हैं उन्हें भी नियमित नहीं हटाया जाता। जिससे फेंकी गई सब्जी वहीं पड़ी सड़ांध मारती रहती है। जिस स्थान पर अनाज की तौलाई होती है वहां आसपास कोई सुविधाघर नहीं, जिससे मण्डी परिसर में आने वाले किसान जहां-तहां निवृत्त होते हैं, जिसकी गंदगी, दुर्गंध वहीं फैली रहती है।

# सर्द और बर्फीली हवाओं के असर से कड़ाके की ठंड शुरू

## ठंड से बचने दिन में भी अलाव का सहारा लेते नजर आये लोग

## मौसम विभाग ने जारी किया रीवा संभाग में तीन दिन का यलो अलर्ट





**जागरण, रीवा।** उत्तर भारत की ओर से आ रही सर्द और बर्फीली हवाओं के असर से जिले में कड़ाके की ठंड का दौर शुरू हो गया है। मौसम विभाग ने रीवा संभाग के लिए तीन दिनों तक घने कोहरे का यलो अलर्ट जारी किया है। शुक्रवार देर रात से ही कोहरे का असर देखने को मिला जो शनिवार सुबह तक बना रहा। घने कोहरे के चलते सड़क और रेल यातायात प्रभावित हुआ। पूरे विंध्य की वादियों में सर्द हवाओं ने लोगों की कंपकंपी बढ़ा दी है। कड़कड़ाती ठंड के असर का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि दिन भी लोग ठंड से बचने के लिए आग का सहारा लिया। लगातार बढ़ती ठंड से राहत पाने के लिए शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में लोग अलाव तापते नजर आए। सुबह-शाम बाजारों, बस स्टैंड और सार्वजनिक स्थानों पर ठंड का असर साफ दिखाई दिया। बुजुर्गों और बच्चों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। शनिवार को सुबह से शाम तक चली सर्द हवाओं के कारण देर रात तक हाड़ कंपा देने वाली ठंड बनी रही। रात से कोहरा गिरने के कारण कई स्थानों पर दृश्यता बेहद कम हो गई, जिससे वाहन चालकों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। हाईवे और ग्रामीण सड़कों पर वाहनों की रफ्तार धीमी रही। वहीं उत्तर भारत की ओर से आने-जाने वाली कुछ ट्रेनों के संचालन पर भी कोहरे का असर पड़ा, जिससे यात्रियों को देरी का सामना करना पड़ा। कोहरे के कारण रीवा-आनंद बिहार ट्रेन लगातार लेट चल रही है। अन्य ट्रेनों पर भी असर देखने को मिल रहा है।

### दिन का तापमान सामान्य से नीचे

मौसम विभाग के अनुसार शनिवार सुबह कोहरे और फिर दोपहर बाद हुए सूर्य दर्शन के कारण न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई और न्यूनतम तापमान 10.0 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। दिन भर धुंध छाए रहने और कोल्ड वेव के चलते अधिकतम तापमान सामान्य से गिरकर 17.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी का स्तर भी अधिक रहा। सुबह के समय आर्द्रता 88 प्रतिशत और शाम को 84 प्रतिशत दर्ज की गई।

### 6 जनवरी तक शीतलहर की चेतावनी

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार उत्तर भारत से आ रही ठंडी हवाओं के कारण रीवा जिला सहित पूरे संभाग में आगामी दिनों में तापमान में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। मौसम विभाग ने 3 से 6 जनवरी के बीच कड़ाके की ठंड और शीतलहर चलने की चेतावनी जारी की है। इस दौरान सुबह और रात के समय कोहरा छाए रहने की संभावना है। प्रशासन और मौसम विभाग ने लोगों से सतर्क रहने, अनावश्यक यात्रा से बचने और वाहन चलाते समय सावधानी बरतने की अपील की गयी है। इसके साथ ही ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़े पहनने और स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी गई है।

# गंदे पेयजल से नहीं मिल रही निजात, शिकायतों के बाद भी नहीं सुनवाई

## लोग बाजार से पानी खरीदकर प्यास बुझाने को मजबूर

**जागरण, रीवा।** शहर के अधिकतर वार्डवासी नलों में आ रहे गंदे व दुर्गंधयुक्त पेयजल से परेशान हैं, कई बार शिकायत करने के बाद भी उनकी सुनवाई आज तक नहीं हुई। शहर के वार्ड क्रमांक 12 के रहवासी पिछले पांच वर्षों से पानी का अभाव झेल रहे हैं, कई लोगों को प्यास बुझाने के लिए पानी की बोतल बाजार से खरीदना पड़ती है कोई अपने परिचत से पानी का जुगाड़ कर रहा है तो कोई नदी, तालाब में कपड़े धोने, नहाने जा रहा है। शिकायत करने के बाद अधिकारी आए भी, उन्होंने मौका मुआयना भी किया, किन्तु समस्या का समाधान आज तक नहीं हुआ। लोगों को मजबूरीवश अभी भी पानी खरीदना पड़ रहा है। इन वार्डों के साथ ही वार्ड क्रमांक 3, 5, 13, 15, 42 के लोगों का भी यही कहना है कि उनके यहां लगे नलों में गंदा पानी आ रहा है, जिससे बदबू आती है, नलों में आने वाले पानी का उपयोग पीने तो दूर नहाने, कपड़े धोने तक के लिए नहीं कर पाते। कितनी बार इसकी शिकायत कर चुके हैं, मौखिक तौर पर भी बोल चुके हैं, मगर किसी ने भी आज तक उनकी समस्या का निराकरण नहीं किया गया। लोगों को बाजार से पानी खरीदना पड़ता है। वार्ड के रहवासियों ने बताया कि हर माह उनसे पेयजल सुविधा के नाम पर राशि वसूली की जा रही है, जमा करने के बादभी नलों में साफ पेयजल प्रदाय नहीं कर रहे। वार्डों में गंदा पानी किस कारण से पहुंच रहा है इसकी भी जांच नहीं की जा रही। लोग परेशान हो रहे हैं।



# साईं मंदिर के सामने भिखारियों का स्थाई अड्डा

## सपरिवार यहीं कर रहे निवास, बच्चों से भी मंगवाते हैं भीख

## जिन भिखारियों के बच्चे, परिवार हैं उन पर भरण-पोषण का प्रकरण कराया जाएगा दर्ज



**जागरण, रीवा।** साईं मंदिर के सामने के हिस्से को भिखारियों ने स्थाई अड्डा बना रखा है। साईं मंदिर क्षेत्र सहित आसपास से भीख मांगने वाले यहां स्थाई रूप से सपरिवार निवास कर रहे हैं, भिखारियों के साथ ही यहां पर महिला, बच्चे भी रहते हैं, कई भिखारी इनके साथ रहने वाले बच्चों को स्कूल भेजने की बजाय बच्चों से भीख मंगवाते हैं। जबकि पूर्व में कमिश्नर के आदेश जारी किए थे कि जो लोग भीख मांग रहे हैं उनके परिवारकी जांच की जाए, जिनके बच्चे अथवा परिवार हैं उन पर इनके भरण पोषण का प्रकरण दर्ज कराया जाए। जिन लोगों के बच्चे व परिवार हैं वे लोग भी शौकिया तौर पर भिक्षावृत्ति कर रहे हैं। जिन देवालयों अथवा मंदिर के सामने भिखारी बैठते हैं उन मंदिर प्रबंधकों को भी नोटिस जारी किए गए हैं कि इन्हें मंदिरों के सामने न बैठने दिया, इयदि इसके बाद भी मंदिरों के सामने भिखारी बैठे पाए गए तो मंदिर प्रबंधन के विरुद्ध भी कार्यवाही की जाएगी। शहर में जगह-जगह बुजुर्गों के साथ ही बच्चों को भी भीख मांगते आसानी से देखा जा सकता है, जबकि सरकार बच्चों को शिक्षित करने हर संभव प्रयास कर रही है, हर वर्ष शाला त्यागी बच्चों की खोज के लिए शालावार समितियां बनाकर ऐसे बच्चों की खोज की जाकर बच्चों को शाला में प्रवेश कराना है। इन बच्चों को शिक्षा से दूर भीख मांगते देखकर तो यही साबित होता है कि उक्त योजनाएं महज तक कागजों में ही सिमटकर रह गई है। बाल श्रम रोकने के लिए श्रम विभाग का दायित्व है, श्रम विभाग के साथ ही बचपन बचाओ व अन्य अशासकीय संगठन भी बाल रोके जाने का दावा कर रहे हैं, बाल श्रमिक करवाने वालों पर कानूनी कार्रवई का प्रावधान है, किन्तु शहर में बड़ी संख्या में भिक्षावृत्ति कर रहे बच्चों को देखकर ये दावे भी खोखले साबित हो रहे हैं।

# कौदौ की रोटी व चने की भाजी खाने से एक ही परिवार के 5 लोग बीमार



**जागरण, रीवा।** जिले के सेमरिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम खमरिया में कोदौ की रोटी व चने की भाजी खाने से एक ही परिवार के पांच लोग बीमार हो गए, जिहें उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पीड़ित परिवार के पुष्पराज तिवारी ने बताया कि शुक्रवार दोपहर उनके यहां पर कौदौ की रोटी व चने की भाजी बनाई गई थी। परिवार के सभी लोगों ने एक साथ बैठकर भोजन किया। भोजन करने के कुछ देर बाद सभी की तबियत अचानक बिगड़ने लगी, जिससे घर के लोग घबरा गए व बीमारों को लेकर संजय गांधी अस्पताल पहुंचे,जहां उनका उपचार किया जा रहा है। बीमारों में दो महिला, 2 पुरुष व एक बच्चा शामिल है।

# गुलाब नगर में आरसीसी सड़क, नाली एवं पुलिया निर्माण का शुभारंभ



**जागरण, रीवा।** नगर निगम रीवा जोन क्रमांक 03 अंतर्गत वार्ड क्रमांक 15 में कायाकल्प 2.0 योजना के तहत गुलाब नगर क्षेत्र में आरसीसी सड़क, नाली एवं पुलिया निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। यह निर्माण कार्य त्रियुगीनारायण के घर से प्रारंभ होकर बालगोविन्द चतुर्वेदी, विश्वम्भर प्रसाद तिवारी, समुन्द्री पटेल के घर होते हुए शम्भू शुक्ला के घर के सामने स्थित नाला तक किया जाएगा। उक्त कार्य का शुभारंभ बृजेश मिश्रा द्वारा नारियल फोड़कर विधिवत रूप से किया गया। इस निर्माण कार्य की अनुमानित लागत 22.65 लाख रु. है। निर्माण कार्य को अनुबंध अनुसार 04 माह (वर्षाकाल सहित) की समय-सीमा में निर्धारित गुणवत्ता एवं मापदण्डों के अनुरूप पूर्ण किया जाना हैं। इस निर्माण कार्य से क्षेत्र के स्थानीय निवासियों को जलनिकासी एवं आवागमन की सुविधा सुचारु रूप से प्राप्त हो सकेगी। इस दौरान कांग्रेस के शहर अध्यक्ष अशोक पटेल झब्बू, बृजेश मिश्र, शंभू प्रसाद शुक्ला, विनोद तिवारी, एच.पी. गौतम, रामसुमन तिवारी, चंद्रवली पटेल, रमेश तिवारी, नितिन जायसवाल, अनिल द्विवेदी, के.पी. मिश्रा, विनीत मिश्रा, रोहित दुबे, आर.के. दुबे, शंभू प्रसाद दुबे, अंजनी पटेल जी.पी. सिंह, उपयंत्री शुभम तिवारी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# शहर में नये पीएम आवास बनाने के लिए तलाशी जा रही जमीन

## पीएम आवास-2 के लिए किये गये 6000 से अधिक आवेदन

## बीएलसी के तहत पीएम आवास के 317 पात्र हितग्राहियों को सौंपे गये स्वीकृति पत्र



**जागरण, रीवा।** शहर में नये पीएम आवास बनाने के लिए नगर निगम द्वारा उपयुक्त जमीन की तलाश की जा रही है। पीएम आवास योजना-2 के लिए अब तक 6000 से अधिक हितग्राहियों ने आवेदन किया हुआ है। पीएम आवास के आवेदन की प्रक्रिया के साथ-साथ इनका सत्यापन भी किया जा जा रहा है। ये पीएम आवास कब तक उपलब्ध हो पाएगे इसकी कोई सीमा निर्धारित नहीं है। इतना अवश्य है कि पात्र हितग्रहियों को आवास अवश्य मिलेगा। बीएलसी योजना के तहत अब तक 317 पात्र हितग्राहियों के न केवल आवेदन स्वीकृति किये जा चुके हैं बल्कि उन्हें स्वीकृति पत्र भी सौंपा जा चुका है। पीएम आवास 1.0 में बीएलसी योजना से 91 आवास अभी निर्माणाधीन है। इसमे 74 हितग्राहियों को आवास की अंतिम किस्त उपलब्ध करा दी गई है और इनके आवास पूर्ण होने के करीब पहुंच गये है। इसी तरह 17 हितग्राहियों को आवास की दूसरी किस्त मुहैया कराई गई है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री आवास 1.0 योजना का लाभ देने के मामले में द्वारा नगर निगम द्वारा काफी उदारता बरती गई है। इस योजना के तहत शहर में अब तक 8968 हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा चुका है। शहर में बीएलसी योजना के तहत अब तक कुल 7232 हितग्राहियों का पीएम आवास योजना का लाभ दिया जा चुका है। इनमें में 95 प्रतिशत आवासों का निर्माण पूरा भी हो चुका है। इसके अलावा ईडब्ल्यूएस योजना के तहत शहर में गोल क्वार्टर बिछिया, एसएएफ कॉलोनी के पास, चिरहुला मार्ग पर ललपा साइट, इंजीनियरिंग कॉलेज के पास सुंदरनगर एवं रतहरा में 1736 पीएम आवास बनाये गये हैं। इनमे में 1600 से अधिक आवासों का आवंटन किया जा चुका है। इसके अलावा एसएएफ कॉलोनी के पास 48 एवं ललपा साइट में 96 एमआईजी एवं गोल क्वार्टर में 60 एलआईजी आवास का निर्माण किया गया है। ईडब्ल्यूएस आवासों को 3.20 लाख रुपये में दिया गया है। एमआइजी आवासों को 18 लाख रुपये से अधिक में दिया गया है तथा एलआईजी आवासों को 15 लाख रुपये में दिया गया है। ऊपरी मंजिल के आवासों को क्रमशः एक लाख रुपये कम कीमत में दिया गया है। बीएलसी योजना के तहत सभी हितग्राहियों को ढाई लाख रुपये की राशि किस्तों में उपलब्ध कराई गई है। सूत्रों का दावा है कि अगर पीएम आावास का औसत सर्वेक्षण कराया जाय तो रीवा नगर निगम में सबसे अव्वल आएगा।

**एसएएफ साइट के पूरे किये जाएगे अधूरे पड़े 384 एलआईजी मकान :** नगर निगम द्वारा शीघ्र ही एसएएफ साइट में अधूरे पड़े 384 एलआईजी मकानों को पूरा किया जाएगा। इससे मध्यम वर्गीय को शहर को मकान खरीदने का सपना पूरा हो सकेगा। एसएएफ साइट में पिछले कई वर्षों से अधूरे पड़े हुए थे लेकिन अब इनका टेंडर हो चुका है। इसका टेंडर कांग्रेस नेता की कंपनी शिल्पी इंफ्रा को 45 करोड़ में मिला है। इसके साथ ही कई सालों से अधूरे पड़े इन भवनों के पूरा होने की उम्मीद बढ़ गई है। इनका निर्माण पूरा होने के बाद जरूरतमंद लोगों को सस्ता मकान उपलब्ध कराया जाएगा और इससे नगर निगम को लगभग 45 करोड़ रुपये की आय भी होगी।

### 30 हितग्राहियों से वसूली के लिए की जाएगी कुर्की

नगर निगम में प्रधानमंत्री आवास 1.0 योजना के तहत जितने हितग्राहियों को आवास बनाने के लिए राशि उपलब्ध कराई गई है उसमे से 30 हितग्रही ऐसे हैं जिन्होंने आवास का निर्माण नहीं करके राशि कहीं और खर्च कर दी। नगर निगम द्वारा इन चिन्हित हितग्राहियों से राशि वसूली के लिए कुर्की की जाएगी।

# शहर में नाला की भूमि को पाटकर भूमाफिया ने कर ली प्लाटिंग

## पड़रा में टेकुआ नाला को पाटकर समाप्त कर दिया अस्तित्व

## नाला की भूमि को प्लाटिंग रकबे में सम्मिलित कर बेच दिया गया



**जागरण, रीवा।** शहर में पड़रा मोहल्ले के तरफ से पुष्पराजनगर की ओर आने वाले टेकुआ नाले का भूमाफिया द्वारा अस्तित्व समाप्त कर दिया गया है। यह नाला बीहर नदी में आकर मिलता है और इस नाले से होकर बरसात के दिनों में कई गांवों का पानी निकलता है। टेकुआ में किये गये अतिक्रमण को लेकर समाजसेवी अधिवक्ता बीके माला द्वारा कलेक्टर से शिकायत किये जाने के उपरांत जाचं कराये जाने पर अतिक्रमण की पुष्टि हुई है। इसके बावजूद न तो भूमाफिया के विरुद्ध कोई कार्यवाही की गई और न ही नाले पर किये गये अतिक्रमण को ही हटाया जा सका है। इस नाले का अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो निकट भविष्य में बरसात के दिनों में शहर में भारी तबाही हो सकती है। नाले से पानी का बहाव रुकने पर नाले के किनारे स्थित गांव एवं मोहल्ले जलमग्न हो जाएगे। शासकीय नाला की भूमि को पाटकर भूमाफिया द्वारा प्लाटिंग करके विक्रय किए जाने के संबंध में समाजसेवी अधिवक्ता बीके माला द्वारा कलेक्टर से शिकायत की गई थी। शिकायत के मुताबिक शहर में तहसील हुजूर के अन्तर्गत पटवारी हल्का पड़रा स्थित टेकुआ नाला से होकर बरसात के दिनों में कई गांवों का पानी निकलता है। टेकुआ की आराजी 122 व अन्य नम्बर से होते हुए नाले का पानी नदी में मिलता है। इस नाला की आराजी राजस्व अभिलेख में मप्र शासन दर्ज है और यह नाला काफी प्राचीन है। कलेक्टर से की गई शिकायत में बताया गया है कि ग्राम टेकुआ में भूमि खसरा क्रमांक 122 रकवा 0.1420 हे., शासकीय मप्र शासन नाला की परिक्षेत्र में बिना टीएनसीपी की मंजूरी के कच्ची अवैध प्लाटिंग की गई है। प्लाटिंगकर्ताओं ने एक योजनाबद्ध तरीके से नाला की भूमि को प्लाटिंग में रकवे को सम्मिलित करके विक्रय किया जा रहा है। भू-माफिया द्वारा टीएनसीपी रेरा अधिनियम के विपरीत नगर निगम की अनुमति के बिना अवैधानिक कार्य किए जा रहे है। इस संबंध में कई बार प्लाटिंगकर्ताओं से जनहित में आग्रह किया गया कि नाला, नाली, नदी व अन्य प्राकृतिक धरोहरों को नष्ट एवं विलुप्त नहीं करें। यह सार्वजनिक सम्पत्ति शासकीय है। परन्तु प्लाटिंगकर्ताओं ने नियमों को दरकिनार करते हुए नाले की भूमि को विक्रय कर दिया गया है। कलेक्टर से मांग की गई है कि नाले, नदी की अवैध प्लाटिंग क्षेत्र पर जांच कराकर सरकारी भूमि के विक्रय पर रोक लगाई जाय।

**जांच में हुई है शिकायत की पुष्टि :** कलेक्टर के आदेश पर तहसीलदार द्वारा शिकायत की जांच कराई गई और 16 मई 2025 को जांच प्रतिवेदन सौंप दिया गया है। तहसीलदार द्वारा कलेक्टर को दिये गये जांच प्रतिवेदन में बताया गया है कि हल्का पटवारी से जांच कराकर प्रतिवेदन प्राप्त किया गया गया है। हल्का पटवारी द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि मौका मुआयना करने पर गठित दल द्वारा पाया गया कि नाले का अस्तित्व राजस्व नक्शे अनुसार नहीं है मौके पर शासकीय नाला नक्शे अनुसार विलुप्त है। मौके पर नाले का कुछ हिस्सा रिक्त है। अंश भाग में ग्राम खैरा की आ. नं. 163 के भू-स्वामियों द्वारा सड़क बनाकर अतिक्रमण किया गया है। इसके अलावा नाले के अंश भाग में रेलवे लाइन निकली हुई है। मौके पर उपस्थित लोगों के समक्ष सीमांकन कर भूमि का चिन्हांकन किया गया। सीमांकन के वक्त नाले की चौड़ाई 4 से 6 मी. तक पाई गई है।

# औद्योगिक क्षेत्र घूमा में भूखंड आवंटन के लिए आवेदन 15 तक

**रीवा।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा रीवा जिले के विभागीय औद्योगिक क्षेत्र घूमा में रिक्त औद्योगिक भूखंडों के आवंटन हेतु एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट आमंत्रित किया गया है। इच्छुक उद्यमी 15 जनवरी को शाम 5 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रत्येक भूखंड के लिए आवेदन शुल्क पाँच हजार रुपए है, जो वापस नहीं होगा। ईओआई जमा करने से पहले आवेदक का विभागीय पोर्टल पर संबंधित विवरण के साथ पंजीकृत होना अनिवार्य है। आवेदन भूखंड के आरक्षित प्रीमियम के 25 प्रतिशत अग्रिम राशि के भुगतान के साथ ही मान्य होगा। भूखंडों का अंतिम आवंटन मध्यप्रदेश एमएसएमई को औद्योगिक भूमि तथा भवन आवंटन एवं प्रबंधन नियम 2025 के प्रावधानों के अनुसार किया जाएगा।

महिला संबंधी सभी समस्याओं का उपचार
अनियमित माहवारी, P.C.O.D, बांझपन, ऑपरेशन, डिलीवरी, गर्भाशय की गांठ
डॉ. एच.एन.सिंह
MBBS, DGO
वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूती रोग विशेषज्ञ, एल.टी.टी. सर्जन
दिन- बुध, गुरू, शुक्र, शनि एवं रविवार को रीवा में
दिन- सोम एवं मंगल को मऊगंज में
लगभग 1 लाख LTT ऑपरेशन का अनुभव
उपलब्ध परामर्श
• मीनोपाज
• परिवार नियोजन
• यूरिन संक्रमण
• गर्भधारण संबंधी समस्या
• किशोरियों की स्वास्थ्य संबंधी समस्या
आयुष्मान मेडिकल स्टोर
उप्पल मोटर्स नेहरू नगर रोड, नया बस स्टैण्ड रीवा (म.प्र.)
9074442005

कॉस्मेटिक स्किन एंड प्लास्टिक सर्जरी क्लीनिक
डॉ. सौरभ सक्सेना
एम.बी.बी.एस., एम.एस. (सर्जरी), MCH (प्लास्टिक सर्जरी)
समयः 4:00 PM से 7:30PM सोमवार से शनिवार, रविवार 12 PM- 02:00PM
• स्किन टैन, तिल, मस्से का उपचार टैटू रिमूवल
• झुरियां, मुंहासे के दाग के लिए
• सफेद दाग का इलाज • फिलर ट्रीटमेन्ट
• लेजर द्वारा नॉन सर्जिकल एवं सर्जिकल उपचार
• त्वचा संबंधी सभी विकृतियों का उपचार
• स्ट्रेच मार्क चोट, सर्जरी के दाग का उपचार
• हेयर लेजर रिमूवल (अनचाहे बाल) केमिकल पीलिंग से (झाइयां)
• कार्बन पीलिंग • Prp थैरेपी, GFC थैरेपी
• मेडिफेशियल, वैंपायर फेसियल
• हेयर ग्रोथ ट्रीटमेन्ट
• स्किन व्हाइटनिंग एण्ड ग्लो ट्रीटमेन्ट
07662.352194, 9827268788, 9825935433 (एमरजेन्सी नंबर)
पता-साक्षी मेडिकोज के बगल में, LIC क्र.-1 के नीचे, सिरमौर चौराहा, रीवा (म.प्र.)

वर्ष 73 ▸ अंक 97 ▸ पृष्ठ 12
रीवा, रविवार 04 जनवरी, 2026
माघ कृष्ण पक्ष 01, विक्रम संवत् 2082
नगर ▸ मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार Sunday
www.dainikjagranmpcg.com

## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली दंगा: आरोपियों की जमानत पर फैसला आज



**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली दंगों से जुड़े 'बड़ी साजिश' मामले में गिरफ्तार किए गए छात्र कार्यकर्ताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं की जमानत याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट सोमवार को अपना फैसला सुनाएगा। इनमें उमर खालिद, शरजील इमाम, गुलफिशा फातिमा, मीरान हैदर, शिफा उर रहमान, मोहम्मद सलीम खान और शादाब अहमद शामिल हैं। इन सभी ने सितंबर 2025 में दिल्ली हाई कोर्ट द्वारा जमानत खारिज किए जाने के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। सभी आरोपी 2020 के दिल्ली दंगों के मामले में यूएपीए के तहत गिरफ्तार किए गए थे। वे पिछले पांच साल से अधिक समय से जेल में बंद हैं। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ ने सभी याचिकाओं पर लंबी सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। अब सोमवार को यह स्पष्ट हो जाएगा कि आरोपियों को जमानत मिलेगी या उन्हें अभी और जेल में रहना होगा।

### सुकेश की याचिका पर कोर्ट ने दिया नोटिस



**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने 200 करोड़ रुपए के कथित ठगी मामले में आरोपी ठग सुकेश चंद्रशेखर की सेटलमेंट याचिका पर शनिवार को दिल्ली पुलिस और शिकायतकर्ता अदिति सिंह को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने दोनों पक्षों से इस याचिका पर अपना जवाब दाखिल करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 8 जनवरी को होगी। अदालत ने सुनवाई के दौरान सुकेश चंद्रशेखर की ओर से दाखिल आवेदन पर संज्ञान लेते हुए साफ किया कि पुलिस और शिकायतकर्ता की दलीलें सुनने के बाद ही इस मामले में कोई फैसला लिया जाएगा। नोटिस से स्पष्ट हो गया है कि कोर्ट सेटलमेंट के प्रस्ताव पर सभी पक्षों की राय जानना चाहती है। सुकेश ने अपनी याचिका में कहा है कि वह इस कथित धोखाधड़ी मामले को समाप्त करने के लिए 217 करोड़ रुपए देने को तैयार हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा है कि वह शिकायतकर्ता अदिति सिंह के साथ आपसी समझौते के जरिए मामले का निपटारा करना चाहते हैं।

### पीएम आवास योजना में वसूली पर सचिव निलंबित

**जागरण, छतरपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत आवास फार्म के सत्यापन में अवैध वसूली के मामले में जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया ने ग्राम पंचायत गठेवरा के सचिव प्रेमचन्द्र असाटी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। सचिव पर प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के आवास फार्म सत्यापन के दौरान हितग्राहियों से प्रति फार्म एक-एक हजार रुपए वसूलने के आरोप हैं। इस संबंध में जनपद पंचायत छतरपुर के सीईओ द्वारा प्रतिवेदन भेजा था। साथ ही 2 जनवरी को मामले की जांच की गई।

### बाइक सवार युवक-युवती के ऊपर से निकला कंटेनर

**जागरण, इंदौर।** शहर के कनाडिया थाना क्षेत्र में एक कंटेनर ने बाइक सवार युवक-युवती को टक्कर मार दी और बाइक समेत उनके ऊपर से निकल गया। हादसे का वीडियो सामने आया है। घटना स्कीम नंबर-140 की बताई जा रही है।

**मौसम:** प्रदेश के कई हिस्सों में घना कोहरा, ट्रेनें 7 घंटे तक लेट

# 15-20 दिन तक चलेगी शीतलहर भोपाल, इंदौर में बारिश के आसार

**भोपाल, जेएनएन।** मध्यप्रदेश में सर्दी के मौसम ने इस बार रिकॉर्ड तोड़ असर दिखाया है। शनिवार को प्रदेश में इस सीजन का अब तक का सबसे लंबा कोहरा छाया रहा। राजधानी भोपाल में पूरे दिन घना कोहरा छाया रहा, जिससे दृश्यता बेहद कम हो गई। इसका असर रेल और सड़क यातायात पर साफ दिखाई दिया। कई ट्रेनें 5 से 7 घंटे तक लेट रहीं, जबकि हाईवे पर वाहन रेंगते नजर आए।

प्रदेश के अन्य हिस्सों- इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर, रीवा, सागर, सतना, छिंदवाड़ा समेत कई जिलों में भी कोहरे का असर रहा। मौसम विभाग के मुताबिक 11 शहरों में दिन का अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया, जो सामान्य से काफी कम है। मौसम विभाग के अनुसार जनवरी का महीना मध्यप्रदेश में कड़ाके की ठंड लेकर आया है। इस बार दिसंबर में प्रदेश के किसी भी हिस्से में बारिश नहीं हुई, जिससे ठंड और कोहरे का असर बढ़ गया। दिसंबर में भोपाल, इंदौर समेत कई जिलों में 15 से 16 दिन तक शीतलहर चली और यही पैटर्न जनवरी में भी जारी रहने की संभावना है।

मौसम विभाग का अनुमान है कि जनवरी में 15 से 20 दिन तक शीतलहर का असर रहेगा। ठंड का सबसे तीखा दौर जनवरी के दूसरे सप्ताह से शुरू होकर महीने के अंत तक बना रह सकता है। इस दौरान न्यूनतम तापमान में और गिरावट देखने को मिलेगी। हालांकि ठंड के बीच हल्की राहत की संभावना भी है। साल के पहले ही दिन ग्वालियर में हल्की बारिश दर्ज की गई थी। अब मौसम विभाग ने भोपाल और इंदौर में भी हल्की बारिश के आसार जताए हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ के असर से प्रदेश के कुछ हिस्सों में बादल छा सकते हैं और कहीं-कहीं बूंदाबांदी हो सकती है।



### अगले तीन दिन तक घना कोहरा रहने के आसार

मौसम विभाग ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि मध्यप्रदेश में अगले तीन दिन तक घना कोहरा बना रहेगा। खासतौर पर सुबह और रात के समय दृश्यता बेहद कम रह सकती है। वाहन चालकों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

### उत्तर भारत में भी ठंड का कहर

मध्यप्रदेश के साथ-साथ उत्तर भारत के कई राज्यों में भी ठंड का प्रकोप जारी है। राजस्थान में नए साल में पहली बार तापमान शून्य डिग्री तक पहुंच गया है। माउंट आबू में पारा जमाव बिंदु पर दर्ज किया गया, जबकि बाड़मेर और बीकानेर जैसे रेगिस्तानी इलाकों में भी कड़ाके की सर्दी पड़ी। उत्तराखंड में केदारनाथ, बद्रीनाथ, हेमकुंड साहिब और पिथौरागढ़ में बर्फबारी से ठंड और बढ़ गई है। बद्रीनाथ में तापमान माइनस 13 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। हिमाचल प्रदेश के मनाली में भी ताजा बर्फबारी दर्ज की गई है।

### कई राज्यों में अलर्ट

मौसम विभाग के अनुसार 4 और 5 जनवरी को पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार, मध्यप्रदेश, झारखंड और छत्तीसगढ़ समेत करीब 15 राज्यों में घने कोहरे का अलर्ट है। पहाड़ी राज्यों के ऊंचाई वाले इलाकों में भारी बर्फबारी और निचले क्षेत्रों में हल्की बारिश की संभावना जताई गई है। स्थानीय स्तर पर जिला प्रशासन ने अलर्ट की सूचना जारी की है।

महिलाओं के कारण सुरक्षित है धर्मः डॉ. भागवत - पेज-7 पर)

कृषि वर्ष-2026 के तहत प्रस्तावित गतिविधियों की समीक्षा बैठक

# 'समृद्ध किसान - समृद्ध प्रदेश' का लक्ष्य हासिल करें: सीएम

**भोपाल, जेएनएन।** मध्यप्रदेश में वर्ष-2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाया जाएगा। इस दौरान किसानों की आय बढ़ाने, कृषि क्षेत्र में रोजगार सृजन और प्रदेश को कृषि के क्षेत्र में राष्ट्रीय-वैश्विक पहचान दिलाने पर विशेष फोकस रहेगा। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कृषि वर्ष-2026 के तहत प्रस्तावित गतिविधियों की समीक्षा बैठक में कही। बैठक समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में आयोजित हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में विविध जलवायु क्षेत्र, पर्याप्त सिंचाई सुविधाएं और मजबूत सड़क नेटवर्क उपलब्ध हैं। इनका सही उपयोग कर 'समृद्ध किसान-समृद्ध प्रदेश' के लक्ष्य को साकार किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि कृषि वर्ष-2026 में शुरू की जाने वाली सभी गतिविधियां तीन साल के स्पष्ट लक्ष्य तय कर संचालित की जाएं।

सीएम ने कहा कि कृषि यंत्रीकरण, किसानों के प्रशिक्षण और भ्रमण कार्यक्रम, खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना, उद्यानिकी विस्तार और एफपीओ (किसान उत्पादक संगठन) के निर्माण को प्राथमिकता दी जाए। किसानों को सस्ती ब्याज दर पर ऋण, माइक्रो इरीगेशन, बेहतर बाजार नेटवर्क और फसल का वाजिब मूल्य दिलाने के प्रयास तेज किए जाएं। उन्होंने पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन को भी किसानों की आय बढ़ाने के महत्वपूर्ण साधन बताया। मुख्यमंत्री ने जलवायु अनुकूल खेती, सस्टेनेबल एग्रीकल्चर, श्रीअन्न (मिलेट्स) उत्पादन, जैव विविधता संरक्षण और प्राकृतिक व जैविक खेती को बढ़ावा देने के निर्देश दिए।



### फूलों की खेती और महोत्सव

मुख्यमंत्री ने भोपाल में होने वाले गुलाब महोत्सव को पुष्प महोत्सव के रूप में आयोजित करने और प्रदेश के सभी जिलों में फूलों की खेती को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2028 का इंटरनेशनल रोज कॉम्पीटिशन भोपाल में प्रस्तावित है। सिंहस्थ-2028 को देखते हुए उज्जैन जिले में 100 एकड़ क्षेत्र में फूलों की खेती को विशेष बढ़ावा दिया जा रहा है।

### मंडियों का आधुनिकीकरण

बैठक में बताया गया कि मंडियों के आधुनिकीकरण पर भी जोर रहेगा। वर्ष 2025-26 से 2027-28 तक कुल 81 मंडियों को ई-एनएएम से जोड़ा जाएगा। इससे साफ, ग्रेडेड और पैक्ड उपज के जरिए किसानों को बेहतर दाम मिलेंगे और प्रदेश के उत्पादों की राष्ट्रीय बाजारों में भागीदारी बढ़ेगी।

### किसानों को मिलेगा देश-विदेश का अनुभव

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को अन्य राज्यों की सफल कृषि पहल से रूबरू कराया जाए। साथ ही, कृषि में उन्नत तकनीकों के लिए इजराइल और ब्राजील जैसे देशों के अध्ययन भ्रमण भी कराए जाएं। इसके लिए किसान कल्याण, सहकारिता, पशुपालन, ग्रामीण विकास, उद्यानिकी, खाद्य प्रसंस्करण, ऊर्जा और सिंचाई विभागों को आपसी समन्वय से काम करने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि वर्ष-2026 के तहत आयोजित होने वाले सम्मेलन, महोत्सव और कार्यशालाएं प्रदेश की कृषि को नई दिशा देंगी और किसानों की समृद्धि का आधार बनेंगी।

**करोड़ों की हेराफेरी:** पूर्व अध्यक्ष समेत 3 पर एफआईआर

# भोपाल: वक्फ बोर्ड ने अपनों को बांटी बेशकीमती प्रॉपर्टी

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड में नियमों को ताक पर रखकर अपनी जेबें भरने और चहेतों को उपकृत करने के मामले में आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ ने पूर्व चैयरमैन, तत्कालीन सचिव एवं सह सचिव के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। इस संबंध में राज्य सरकार ने ही ईओडब्ल्यू को जांच के लिखित निर्देश दिए थे। छानबीन में पाया गया कि बोर्ड की भोपाल समेत प्रदेशभर के अलग-अलग जिलों में करोड़ों की सरकारी संपत्ति को इन पदाधिकारियों ने अपनी निजी जागीर की तरह इस्तेमाल किया। शासन की रिपोर्ट और लंबी जांच के बाद अब बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष शौकत मोहम्मद खान, पूर्व सचिव फुरकान अहमद और सह-सचिव मोहम्मद जुबेर के खिलाफ धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार का मामला दर्ज कर लिया है। अध्यक्ष रहते हुए शौकत और उसके साथियों ने जिन 185 मकानों और दुकानों की किरायदारी में हेराफेरी की, उनका कुल क्षेत्रफल लगभग 83,390 वर्गफुट है।




### हर साल 2.54 करोड़ की हेराफेरी

कलेक्टर गाइडलाइन के मुताबिक इन संपत्तियों का बाजार भाव 59 करोड़ 60 लाख रुपए है। इनसे वक्फ बोर्ड को हर साल करीब 2 करोड़ 76 लाख रुपये का किराया मिलना था, लेकिन बोर्ड को महज 21 लाख रुपए सालाना मिले। इस तरह हर साल सीधे तौर पर 2 करोड़ 54 लाख रुपये से ज्यादा की आर्थिक चोट बोर्ड को पहुंची। साथ ही नियमों के खिलाफ इन संपत्तियों पर बिना अनुमति के स्थायी निर्माण की मंजूरी भी बोर्ड ने दे दी। 2023 में दर्ज प्राथमिक जांच के बाद अब ईओडब्ल्यू ने तत्कालीन अध्यक्ष, पूर्व सचिव और सह-सचिव के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में कुछ और रसूखदार चेहरे जांच के दायरे में आ सकते हैं।

### 5 साल तक बेरोकटोक चली धोखाधड़ी

जांच एजेंसी की पड़ताल में खुलासा हुआ कि इस भ्रष्टाचार ने वक्फ बोर्ड की माली हालत खराब कर दी। 2013 से 2018 के बीच वक्फ बोर्ड द्वारा गठित इंतजामिया कमेटी औकाफ आम्मा के कार्यकाल में नियमों की जमकर धज्जियां उड़ाई गईं। उस समय जिन 185 संपत्तियों को पारदर्शी प्रक्रिया के जरिए लीज (किराये) पर दिया जाना था, उन्हें गुपचुप तरीके से नए लोगों के नाम कर दिया गया। हैरानी की बात ये रही कि इस पूरी प्रक्रिया में न तो कोई सार्वजनिक सूचना जारी की गई और न ही विज्ञापन निकाले गए। कागजों पर इसे महज लीज परिवर्तन बताकर पुराने किराएदारों को हटाकर नए चहेतों को बेशकीमती प्रॉपर्टी सौंप दी गई। इन संपत्तियों को अपने चहेतों को सौंपने के लिए कई मामलों में तो फर्जी ब्लड रिलेशन (रक्त संबंध) तक के दस्तावेज लगाए गए।

गांधीनगर में इंदौर जैसे हालात

## दूषित पानी पीने से 100 से अधिक लोग बीमार

**अहमदाबाद, जेएनएन।** गुजरात की राजधानी गांधीनगर में भी इंदौर जैसे हालात पैदा हो रहे हैं। यहां भी दूषित पानी पीने से सौ से अधिक लोग बीमार हो गए हैं और अस्पताल में भर्ती हैं। जांच में अधिकांश लोगों को टायफाइड होने की शिकायत मिली है। गुजरात के उपमुख्यमंत्री हर्ष सांघवी ने अधिकारियों के साथ बैठकर स्थिति की समीक्षा की। उधर, गृह मंत्री एवं गांधीनगर से सांसद अमित शाह ने दूषित पेयजल से लोगों के बीमार होने की खबर मिलते ही फोन पर हालात का जायजा लिया। लोगों के स्वास्थ्य और उपचार की जानकारी ली। राज्य सरकार को बेहतर उपचार कराने का निर्देश दिया। गांधीनगर के सेक्टर 25,26,28 में लोगों के बीमार होने की संख्या लगातार बढ़ती गई। शनिवार सुबह तक जब यह आंकड़ा 100 से ऊपर पहुंच गया तो प्रशासन हरकत में आया और 22 चिकित्सकों की टीम को जांच व उपचार के काम में लगाया। स्वास्थ्य विभाग ने प्रभावित क्षेत्र के पानी के नमूने लिए तथा करीब 10 हजार घरों का सर्वे कराया।

# दूषित पानी से मौत का मामला: कांग्रेसियों से भिड़े भाजपाई, चूड़ियां फेंक दिखाए काले झंडे

**जागरण, इंदौर।** दूषित पानी से मौतों के बाद इंदौर का भागीरथपुरा सियासी खींचतान का केंद्र बन गया है। शनिवार को यहां पहुंची कांग्रेस की जांच कमेटी पर भाजपा के कार्यकर्ताओं ने चूड़ियां फेंकना शुरू कर दिया। काले झंडे लहराते हुए 'बाहरी लोग वापस जाओ' के नारे लगाए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जवाब में 'घंटा पार्टी मुर्दाबाद' के नारे लगाए। इस बीच धक्कामुक्की और झड़प तीखी होने पर पुलिस को दखल देना पड़ा। पुलिस ने लाठियां घुमाकर दोनों दलों के कार्यकर्ताओं को अलग किया। इस बीच कांग्रेस के पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, विधायक महेश परमार, समेत 20 कांग्रेसियों को पुलिस शहर के बाहर ले गई। पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने कहा- यहां लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। पुलिस बीजेपी वालों को सुरक्षा दे रही है।

### तेज तर्रार आईएएस क्षितिज बने इंदौर ननि के कमिश्नर

**जागरण, भोपाल।** भागीरथपुरा में मौतों के बाद नगर निगम इंदौर की बिगड़ी छवि सुधारने की जिम्मेदारी तेज तर्रार आईएएस क्षितिज सिंघल को सौंपी गई है। 2014 बैच के आईएएस सिंघल उज्जैन नगर निगम कमिश्नर भी रह चुके हैं। वर्तमान में वे मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के एमडी थे। नए कमिश्नर के लिए देर रात चले मंथन में शाजापुर कलेक्टर ऋजु बाफना, मंदसौर कलेक्टर अदिति गर्ग और सामाजिक न्याय विभाग की डिप्टी सेक्रेटरी अंकिता धाकरे का नाम भी चर्चा में आया। मगर सीएम किसी अनुभवी और स्वच्छ छवि वाले तेज तर्रार अधिकारी को कमान देने के पक्ष में थे।



### उज्जैन में मुनादी: उबाल और छानकर पीएं नलों का पानी

**जागरण, उज्जैन।** भागीरथपुरा में दूषित पानी से मौतों के बाद प्रदेश के तमाम नगर निगम और नगरीय निकाय सतर्क हो गए हैं। उज्जैन में नगरवासी असमंजस में हैं कि कहीं यहां भी दूषित पानी तो सप्लाई नहीं किया जा रहा? लोग घरों में नलों से आ रहे पानी की जांच तक कराने लगे हैं। उज्जैन में गली-मोहल्लों में आटो और गाड़ियां घुमाकर लोगों को पानी को लेकर सुझाव दिया जा रहा है। गाड़ियों में लगे लाउड स्पीकर से सलाह दी जा रही है कि सप्लाई किए जा रहे पानी को उबालकर और छानकर ही पीयें। इस अपील से सतर्कता की जगह भय पैदा हो गया है कि कहीं दूषित पानी तो सप्लाई नहीं हो रहा?

### हितानंद पहुंचे इंदौर, नेताओं को किया गया तलब

दूषित पानी से मौतों से राज्य सरकार की हुई किरकिरी ने प्रदेश भाजपा संगठन की चिंता बढ़ा दी है। इसे देखते हुए प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा इंदौर पहुंचे हैं। उन्होंने शहर के वरिष्ठ नेताओं की बैठक तलब की। घटना के बाद भाजपा के ही वरिष्ठ नेता सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहे हैं, वहीं कांग्रेस सरकार को निशाना बना रही है।

## अब ईवी बैटरियों को मिलेंगे यूनिक आईडी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** केंद्र सरकार इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की बैटरियों के लिए एक अनिवार्य यूनिक पहचान प्रणाली लाने की तैयारी कर रही है। इसके तहत हर ईवी बैटरी पैक को 21 अंकों का एक खास नंबर दिया जाएगा, जिसे 'बैटरी पैक आधार नंबर' यानी बीपीएएन कहा जाएगा। इस प्रस्ताव का मकसद बैटरी के पूरे जीवनचक्र कच्चे माल की सोर्सिंग से लेकर निर्माण, इस्तेमाल, दोबारा उपयोग और अंत में निपटान तक की निगरानी करना है। यह प्रस्ताव सड़क एवं परिवहन मंत्रालय की ओर से रखा गया है। मंत्रालय का मानना है कि इससे देश में तेजी से बढ़ रहे इलेक्ट्रिक मोबिलिटी सेक्टर में पारदर्शिता, जवाबदेही और पर्यावरणीय संतुलन को बढ़ावा मिलेगा। हर इलेक्ट्रिक वाहन की बैटरी को एक यूनिक बीपीएएन दिया जाएगा। यह नंबर बैटरी की डिजिटल पहचान की तरह काम करेगा। इसके जरिए यह पता चल सकेगा कि बैटरी कहां बनी, उसमें किस तरह की केमिस्ट्री इस्तेमाल हुई।




**वेनेजुएला पर हमला** | मादुरो और उनकी पत्नी का अपहरण आधुनिक विश्व व्यवस्था के लिए विध्वंसक क्षण

# वैश्विक नियम, संधियां व मर्यादाएं एक झटके में अप्रासंगिक!

**त्वरित टिप्पणी**
**अजीत सिंह**

*अमेरिका द्वारा वेनेजुएला में सैन्य कार्रवाई कर राष्ट्रपति निकोलस मादुरो एवं उनकी पत्नी का अपहरण और उन्हें देश से बाहर ले जाना, आधुनिक विश्व व्यवस्था के लिए एक विध्वंसक क्षण है। अंतरराष्ट्रीय राजनीति में पहली बार ऐसी घटना हुई है जिसने स्थापित नियमों, मर्यादाओं और संधियों को एक झटके में अप्रासंगिक बना दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा सोशल मीडिया पर इस कार्रवाई को 'सफलता' निरूपित करना, इस बात की खुली मुनादी है कि अब वैश्विक मंच पर अंतरराष्ट्रीय कानून और कूटनीतिक शिष्टाचार का युग समाप्त हो चुका है। यह घटना सीधे तौर पर मशहूर लोकोक्ति 'जिसकी लाठी उसकी भैंस' को चरितार्थ करती है। दरअसल, किसी संप्रभु राष्ट्र की सीमाओं का उल्लंघन कर, वहां के सर्वोच्च नेता को बलपूर्वक उठा लेना एक ऐसा कृत्य है जिसे किसी भी सभ्य समाज या कानूनी ढांचे के तहत जायज नहीं ठहराया जा सकता। यह घटना ईराक पर अमेरिकी हमले और पनामा जैसे देशों में अमेरिकी दखल से भी ज्यादा बड़ी है।*

*दरअसल, जब अमेरिका बड़े पैमाने पर हमले की बात करता है और एक निर्वाचित राष्ट्रपति को बंदी बनाकर ले जाने को अपनी उपलब्धि बताता है, तो वह अंतरराष्ट्रीय संस्थानों और संयुक्त राष्ट्र जैसे संगठनों के अस्तित्व पर सवालिया निशान लगा देता है। संयुक्त राष्ट्र का चार्टर, जो देशों की क्षेत्रीय अखंडता और आंतरिक स्वायत्तता की रक्षा का वादा करता है, इस कार्रवाई के बाद महज एक कागजी दस्तावेज बनकर रह गया है। यह कार्रवाई लोकतंत्र की रक्षा के नाम पर की गई एक ऐसी तानाशाही है, जो यह संदेश देती है कि यदि आपकी विचारधारा या नीतियां किसी महाशक्ति के अनुकूल नहीं हैं, तो आपकी संप्रभुता का कोई मूल्य नहीं है। मादुरो की सरकार पर भ्रष्टाचार या तानाशाही के आरोप लगाना एक अलग विषय हो सकता है, लेकिन उन आरोपों का समाधान किसी बाहरी सेना द्वारा अपहरण के माध्यम से करना एक खतरनाक मिसाल पेश करता है। यह कृत्य अमेरिका को एक न्यायप्रिय लोकतंत्र के बजाय एक साम्राज्यवादी की छवि में ढाल देता है।*

*अमेरिका की यह कार्रवाई केवल वेनेजुएला के लिए ही नहीं, बल्कि दुनिया के हर छोटे और मध्यम दर्जे के देश के लिए एक चेतावनी है। यह स्पष्ट करता है कि अब आपकी सुरक्षा आपके संविधान या अंतरराष्ट्रीय कानूनों पर नहीं, बल्कि महाशक्तियों की मेहरबानी पर टिकी है। इस तरह के 'सत्ता परिवर्तन' के प्रयासों का इतिहास हमेशा से रक्तरंजित और अस्थिर रहा है। इराक से लेकर लीबिया तक के उदाहरण बताते हैं कि जब भी किसी बाहरी शक्ति ने बलपूर्वक नेतृत्व को हटाया है, वहां की जनता को दशकों तक अराजकता और हिंसा की आग में झोंक दिया गया है। वेनेजुएला, जो पहले से ही आर्थिक संकट से जूझ रहा था, अब इस सैन्य प्रहार के बाद एक गहरे और अनिश्चित भविष्य की ओर धकेल दिया गया है।*

*अंततः, ट्रंप का यह बयान और अमेरिका की यह कार्रवाई अंतरराष्ट्रीय संबंधों में अहंकार के उस स्तर को दर्शाती है जहां संवाद के लिए कोई जगह नहीं बची है। किसी राष्ट्रपति को उनकी पत्नी समेत पकड़कर ले जाना न केवल एक राजनीतिक हमला है, बल्कि यह एक राष्ट्र की गरिमा और उसके लोगों के आत्मसम्मान पर किया गया प्रहार है। यह घटना विश्व इतिहास में एक काले अध्याय के रूप में दर्ज की जाएगी, जो आने वाली पीढ़ियों को यह याद दिलाएगी कि 21वीं सदी में भी मानवता ने 'शक्ति ही सत्य है' के सिद्धांत से आगे बढ़ना नहीं सीखा।*

*इस कार्रवाई ने न केवल लातिन अमेरिका के भू-राजनीतिक परिदृश्य को बदल दिया है, बल्कि रूस और चीन जैसी अन्य शक्तियों को भी अपने प्रभाव क्षेत्रों में इसी तरह की मनमानी करने का एक अनैतिक लाइसेंस दे दिया है। यह अंतरराष्ट्रीय अराजकता की ओर बढ़ता हुआ वह पहला कदम है, जिसके परिणाम भविष्य में पूरी दुनिया को भुगतने पड़ सकते हैं।*



# आलिया का गोल्डन मोमेंट

"आलिया भट्ट को 5वें रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में गोल्डन ग्लोब होराइजन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। इस इवेंट में उनके करियर का एक क्यूरेटेड रेट्रोस्पेक्टिव दिखाया गया।

एक्ट्रेस आलिया भट्ट को सऊदी अरब के जेद्दा में हुए रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के पांचवें एडिशन में गोल्डन ग्लोब्स होराइजन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। मशहूर लेबनानी डिजाइनर एली साब का बेज फ्लोरल गाउन पहने, 32 साल की एक्टर ने अपनी आने वाली स्पाई फिल्म अल्फा के बारे में भी बात की और अपनी बेटी राहा के बारे में एक प्यारा सा अपडेट शेयर किया, जिसमें बताया कि छोटी सी बच्ची ने उसके टूर के बारे में सवाल पूछना शुरू कर दिया है और पैपराज़ी के साथ उसका अपना प्यारा सा रिश्ता भी बन गया है। आलिया ने कहा, पिछली बार जब मैं यहां थी, तो राहा एक साल की थी और अब वह तीन साल की है। अब पैपराज़ी के साथ उसका अपना रिश्ता है, और इतनी बड़ी हो गई है कि अब मुझसे पूछने लगी है कि मैं कहां जा रही हूं, और कब वापस आऊंगी। आलिया भट्ट इस साल के रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में सबसे मशहूर हस्तियों में से एक बनकर उभरीं। यह पहचान उनके इंटरनेशनल सफर में एक अहम पड़ाव है। आलिया भट्ट ने रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में पहले एक ब्लैक ड्रेस पहनी, जो उनके सिल्हूट को सही जगहों पर उभार रही थी। बाद में, उन्होंने फेस्टिवल में एक और इवेंट के लिए फूलों की डिटेलिंग वाला पीला गाउन पहना।



## शुरुआती सालों को याद किया

फेस्टिवल में बातचीत के दौरान, भट्ट ने एक एक्ट्रेस के तौर पर अपने शुरुआती सालों को याद किया, जब उन्होंने स्टूडेंट ऑफ द ईयर और हाईवे जैसी फिल्मों से शुरुआत की थी। उन्होंने अपने करियर के उस समय को याद किया जब वह बड़ी-बड़ी आँखों वाली, उत्सुक और खुद को साबित करने की कभी न थकने वाली इच्छा से भरी हुई थीं। उन्होंने बताया कि कैसे हर मौका अर्जेंट लगता था और सेट पर हर पल उत्सुकता और जोश से भरा होता था।

**ग्लैमर डिटेलिंग :** ग्लैमर की बात करें तो, उन्होंने ब्लैक ड्रेस को सुंदर स्टोन-स्टडेड नेकलेस और छोटे स्टोन स्टड के साथ पेयर किया था ताकि आउटफिट में कुछ चमक आ सके। उनके ब्लैक शेड्स उन्हें चिक दिखा रहे थे जबकि ब्लैक प्लंप हील्स ने आउटफिट को और भी रिफाइंड बना दिया था। उन्होंने अपने बालों को खुला और नैचुरली लहराते हुए रखा, जिससे वह फ्रेश और करिश्माई लग रही थीं। उनके नए आउटफिट में पीले रंग का बॉडी-हगिंग गाउन था जिसमें फूलों की डिज़ाइन डिटेलिंग और फ्लोई ट्रेन थी। इसे वेवी बालों, हाइलाइटेड मेकअप और डिफाइन आंखों के साथ पेयर किया गया था।

# कॉकटेल्स ही नहीं, जिन अब सलाद, पास्ता और मिठाइयों में भी

"जिन के तीखे वानस्पतिक स्वाद ने इसे देश भर के रेस्टोरेंट में नमकीन और मीठे व्यंजनों का मुख्य इनग्रेडिएंट बना दिया है। वनस्पति-तत्वों से भरपूर यह क्लियर स्पिरिट अब मीठे और नमकीन व्यंजनों की श्रृंखला में एक नया आकर्षण पा रही है।




■ राउल डायस ■
फूड ब्लॉगर

दार्जिलिंग के पास ग्लेनबर्न टी एस्टेट में आयोजित एक पॉप-अप डिनर में कई जाने माने शेफ़, मिक्सोलॉजिस्ट और फूड ब्लॉगर्स शामिल थे। उनमें से एक, कोलकाता के सलाहकार शेफ शॉन केनवर्थी ने उस सिरप के विशिष्ट जड़ी-बूटी वाले स्वाद का स्रोत जानने के लिए कहा जिसमें उन्होंने अपने ट्री टमाटर, या टैमारिलो को मैरीनेट किया था। ये छोटे, आधे कटे हुए जंगली टमाटर भैंस के गाढ़े चिकने मीठे दही से बने एक गड्ढे में भरे एक तरल में डुबाए गए थे। जब सभी लगभग हार मान गए तब उन्होंने मेहमानों को आश्चर्यचकित करते हुए एक नाम लिया-जिन... !

जी हां, वनस्पति-तत्वों से भरपूर यह क्लियर स्पिरिट अब एक नया आकर्षण पा रही है- मीठे और नमकीन व्यंजनों की श्रृंखला में एक इनग्रेडिएंट और स्वाद बढ़ाने वाले एजेंट के रूप में अब जिन इस्तेमाल की जा रही है। केनवर्थी कहते हैं, जिन को अपनी तीव्र वानस्पतिक सुगंध और स्वाद के लिए जाना जाता है। इस मलाईदार, दही-बेस्ड मिठाई में इसे शामिल करके, मैंने देखा कि इसने ट्री टमाटरों के हल्के उमामी टेस्ट के साथ-साथ एक ज़बरदस्त काम्पलेक्सिटी और एक फ्रेशनेस भी जोड़ दी।

## एक मीठा स्वाद

दिल्ली और गोवा में फिग एंड मेपल की शेफ-ओनर राधिका खंडेलवाल ने अपनी जिन-आधारित डिश डिज़ाइन करते समय तकनीक को सबसे आगे रखा, जो ईटन मेस-स्टाइल पैनकेक डेज़र्ट का एक मादक रूप है। खंडेलवाल कहती हैं, मैंने दिल्ली के मेनू में जिन में भीगे ईटन के मेस पैनकेक शामिल किए हैं। सबसे पहले, हमारे फिग बार में 76 से ज़्यादा जिन इन्फ्यूज़न हैं ताकि जिन की बहुमुखी प्रतिभा को प्रदर्शित किया जा सके। इसके अलावा जुनिपर, सिट्रस और विभिन्न जड़ी-बूटियों के स्वादों के साथ, जिन ईटन मेस के मेरिंग्यू और क्रीम की मिठास को संतुलित करते हुए एक ताज़ा कंट्रास्ट प्रदान करती हैं।



## नाज़ुक फूलों का स्वाद भी

मुंबई के परेल स्थित आईटीसी ग्रैंड सेंट्रल की सू शेफ मोजान करभरी का दावा है कि उनका जिन और टॉनिक लेमन टार्ट एक बेहतरीन पेयरिंग है। करभरी कहती हैं, नींबू की ताज़ा खटास को जिन के साथ मिलाकर, हमने एक ऐसी मिठाई तैयार की है जो हर निवाले के साथ जीभ पर नाचती है। जिन न केवल कस्टर्ड में डेप्थ लाती है, बल्कि यह नाज़ुक फूलों का स्वाद भी देती है। करभरी टार्ट बनाते समय दो बार जिन मिलाती हैं। एक बार जब लेमन कर्ड बनता है और दूसरी बार टार्ट के खोल में लेमन कर्ड भरने के बाद ऊपर से जिन डाला जाता है।

## जिन-इन्फ़्यूज़िंग ट्रेंड

मुंबई के चेंबूर स्थित ले कैफ़े इस जिन-इन्फ़्यूगिंज ट्रेंड का एक प्रमोटर है, जहां नए कैप्सूल मेनू में जिन से भरपूर 11 व्यंजनों को शामिल किया गया है। यहां समय समय पर आयोजित 'जिन फेस्ट' में रूबर्ब और जिन-गर बाजरे के सलाद और स्मोक्ड पेपरिका सॉस के साथ चिकन जिनबॉल से लेकर डिल-केपर-जिन सॉस के साथ कॉन्चिग्ली पास्ता और चिकन टेरिन तक, सब कुछ शामिल किया जाता है, जिसे जिन और चुकंदर रिडक्शन के साथ परोसा जाता है। ले कैफ़े के कार्यकारी शेफ अजय समतानी कहते हैं, विशेष मेनू के लिए, हल्की सामग्री को जिन में इतनी देर भिगोकर रखा जाता है कि उसका स्वाद हर चरण में अच्छी तरह से घुल-मिल सके। जिन अपने हर्बी और वानस्पतिक स्वादों को एक ताज़ा और कुछ तीखे संतुलन के साथ व्यंजनों में लाती है। वह सुनिश्चित करते हैं कि जिन के पूरी तरह पकने के बाद भी उसका अंतर्निहित स्वाद और हल्का अल्कोहलिक जिंग बना रहे। समतानी बताते हैं, कुछ व्यंजनों में, हमने सॉस में जिन मिलाया, तो कुछ में हमने इसे अंत में डाला या ऊपर से छिड़का ताकि हर निवाले के साथ इसका वानस्पतिक स्वाद बना रहे।



## मौसम का स्वाद



प्रसिद्ध चॉकलेट ब्रांड पॉल एंड माइक, के लिए बिना अल्कोहल के स्पिरिट के स्वाद को शामिल करना ही मंत्र बन गया है। उनकी जिन और अदरक चॉकलेट बार, एक डार्क चॉकलेट बेस के साथ, खट्टे और फूलों के स्वाद वाला गहरा कोकोआ अनुभव प्रदान करता है। चॉकलेट ब्रांड के प्रमुख, शेफ ओमकार दभाने कहते हैं, यह मिश्रण जिन का विशिष्ट स्वाद देता है। इसके पूरक के रूप में, इसमें कैंडीड अदरक मिलाया जाता है। परिणामस्वरूप एक चॉकलेट बार बनता है जो डार्क चॉकलेट के बोल्ड स्वाद को जिन के ताज़ा और खट्टे स्वाद के साथ बैलेंस करता है। जिन की खासियत को भारत में एक आदर्श बदलाव के रूप में देखा जा सकता है। एक ऐसा पेय जो बार काउंटर से खुशी-खुशी निकल रहा है और पाककला के मीठे, नमकीन और यहाँ तक कि कैंडी वाले पक्ष की ओर एंट्री ले रहा है।

# बादशाह ने खरीदी 9 करोड़ रु की बार्बी रोलेक्स घड़ी

रैपर-सिंगर बादशाह ने दुनिया की सबसे रेयर रोलेक्स घड़ियों में से एक, बार्बी डेटोना खरीदी है, जिससे वह इस अल्ट्रा-एक्सक्लूसिव घड़ी के मालिक बनने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। 18-कैरेट पीले सोने और गुलाबी नीलम से बनी यह मशहूर घड़ी, जिसके बारे में कहा जाता है कि दुनिया भर में सिर्फ 10 ही हैं, जाहिर है लग्जरी के शौकीनों के लिए यह एक बड़ी बात है।

म्यूजिक स्टार बादशाह को हाई-एंड घड़ियों की दीवानगी के लिए भी जाना जाता है। रैपर-सिंगर बादशाह ने एक बार फिर इंस्टाग्राम पर एक ऐसी बात कहकर घड़ियों के शौकीनों को उत्साहित कर दिया है, जिसे देखकर आप हैरान रह जाएंगे। बादशाह ने हाल ही में बताया कि अब उनके पास दुनिया की सबसे रेयर रोलेक्स घड़ियों में से एक, बार्बी डेटोना है। इस खरीद के साथ, बादशाह इस अल्ट्रा-एक्सक्लूसिव घड़ी के मालिक बनने वाले पहले भारतीय बन गए हैं, जिससे वह तुरंत घड़ी संग्रहकर्ताओं के एक एलीट ग्लोबल क्लब में शामिल हो गए हैं। इसकी झलक पिछले दिनों इंडियन आइडल के सेट से एक इंस्टाग्राम पोस्ट से मिली। पहली नज़र में फ़ोटो कैजुअल लग रही थीं, लेकिन तेज नजर वाले फैन ने तुरंत एक खास डिटेल पर ध्यान दिया - बादशाह की कलाई का एक क्लोज़-अप जिसमें वे एक शानदार गुलाबी और सुनहरे रंग की रोलेक्स पहने हुए हैं, जिसे पाना कई रईसों के लिए भी लगभग नामुमकिन है।

▸▸ सबसे रेयर रोलेक्स घड़ी में से एक 'बार्बी डेटोना', दुनिया भर में सिर्फ 10 लोगों के पास है।





## दुनिया भर में सिर्फ़ 10 पीस

वॉच इनसाइडर्स और इंस्टाग्राम हैंडल द इंडियन हॉरोलॉजी के अनुसार, बहुत रेयर होने की वजह से बार्बी डेटोना घड़ी के दुनिया भर में सिर्फ़ 10 पीस ही मौजूद हैं, रिपोर्ट के मुताबिक रीसेल मार्केट में इस घड़ी की कीमत लगभग एक मिलियन (लगभग 9.02 करोड़) है। बादशाह अब उन ग्लोबल सेलिब्रिटीज़ की लिस्ट में शामिल हो गए हैं जिनके पास बार्बी डेटोना है, जिनमें लियोनेल मेस्सी, ड्रेक, शाई गिलगियस-अलेक्जेंडर, मार्क वाह्लबर्ग, मिर्का फ़ेडरर और कैरोलिन वोजनियाकी शामिल हैं।

### दुर्लभ गुलाबी नीलम के 40 स्टोन्स से जड़ी

18-कैरेट पीले सोने से बनी इस घड़ी में बहुत ज़्यादा डिटेलिंग है, जिसमें बेजल पर लगभग 40 गुलाबी नीलम लगे हैं, साथ ही डायल पर घंटों को बताने वाले 12 मिलते-जुलते पत्थर भी हैं। यह खास 'डेटोना' घड़ी रोलेक्स के रेगुलर कैटलॉग का हिस्सा नहीं है और किसी भी ऑफिशियल रिटेल लिस्टिंग पर नहीं मिल सकती है। इसे अपने बोल्ड गुलाबी एक्सेंट के कारण 'बार्बी' निकनेम मिला है, हालांकि रोलेक्स ने खुद कभी भी इस नाम को ऑफिशियली स्वीकार नहीं किया है। यह पीस मशहूर डेटोना फैमिली का है, जिसे पहली बार 1963 में लाया गया था और इसे अब तक के सबसे आइकॉनिक क्रोनोग्राफ़ में से एक माना जाता है।

# फोकस

# हिंसा की आग में झुलस रहा बांग्लादेश: भारत के लिए बढ़ी चुनौतियां

जुलाई-अगस्त 2024 में बांग्लादेश में हुए हिंसक आंदोलन ने शेख हसीना की सरकार को हटा दिया था। साथ ही इस हिंसा ने देश को उस ट्रैक से भी उतार दिया जिस पर वह पिछले कई सालों से सावधानीपूर्वक बढ़ रहा था। यह ट्रैक था आर्थिक समृद्धि का। साल 2020 में बहुत से लोगों को यह जानकर झटका सा लगा था कि बांग्लादेश की आर्थिक विकास की दर भारत से तेज होने जा रही थी। लेकिन जुलाई, 2024 में यह पूरी तरह से बदल गया। 1971 के स्वतंत्रता आंदोलन के परिजनों को आरक्षण जारी रखने के बांग्लादेश हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ युवाओं का जो आंदोलन शुरू हुआ वह इस कदर बेपटरी हुआ कि बांग्लादेश पिछले डेढ़ साल से हिंसा की आग में सुलग रहा है।



■ राजेश डोबरियाल ■

हालात कितने खराब हो चुके हैं यह बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के एक नेता के बयान से समझा जा सकता है जिनका कहना है कि देश में लोकतंत्र के बजाय भीड़तंत्र क्यों आ गया? ऐसे में यह सवाल तो उठता ही है कि यह सब कुछ हुआ कैसे और क्या स्थितियों के सुधरने की उम्मीद की जा सकती है? पिछले दिनों इंकलाब मंच के नेता शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद से बांग्लादेश और भारत के रिश्तों में और तनाव आ गया है। क्योंकि ये अफवाह उड़ी कि हादी को गोली मारने वाले लोग भारत फरार हो गए हैं। इससे सवाल उठ रहा है कि बांग्लादेश में मौजूदा घटनाक्रम को देखते हुए क्या हालात जल्द संभल सकते हैं? साउथ एशियन यूनिवर्सिटी में एसोसिएट प्रोफेसर धनंजय त्रिपाठी कहते हैं, चुनी हुई सरकार वहां है नहीं, अराजकता है, अंतरिम सरकार ने कुछ किया नहीं है। शेख हसीना के देश छोड़ने के बाद वहां टार्गेटेड हिंसा हुई है।अब वहां विदेशी निवेश में गिरावट आई है। यह स्वाभाविक भी है, जब अराजकता होगी तो आर्थिक प्रगति प्रभावित होगी ही। ऐसे लोग जो शेख हसीना के साथ नहीं थे और उम्मीद कर रहे थे कि वह जाएंगी तो फिर देश दूसरी तरफ बढ़ जाएगा, अब वह निराश हो रहे हैं।दरअसल लोकतंत्र में अगर आप संवैधानिक तरीके से सत्ता का हस्तांतरण नहीं करवाते हैं और उसे भीड़ के हाथ में दे देते हैं तो फिर वही होता है जो आज बांग्लादेश में हो रहा है। ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन के अध्ययन और विदेश नीति विभाग के उपाध्यक्ष प्रोफेसर हर्ष वी पंत कहते हैं, भारत शुरू से ही कह रहा था कि अगर आपको शेख हसीना की सरकार को हटाना है तो वह लोकतांत्रिक तरीके से होना चाहिए।

## भारत विरोधी गुट प्रभाव में

बांग्लादेश में भारत विरोधी एक गुट हमेशा से रहा है लेकिन शेख हसीना के चलते वह प्रभावशाली नहीं हो पाया, अब वह प्रभाव की स्थिति में है। बांग्लादेश में जो भारत-विरोधी ताकतें थीं वह शेख हसीना के खिलाफ भी थीं क्योंकि वह मानती थीं कि हसीना का झुकाव भारत की तरफ था। वही ताकतें हसीना को हटाने में भी आगे थीं। वहां वही ताकतें अब प्रमुख राजनीतिक ताकत बनी हुई हैं। प्रोफेसर पंत कहते हैं, अभी तो स्थिति यह है कि बांग्लादेश को कट्टरपंथ की तरफ ले जाया जा रहा है पहले लोग कह रहे थे जो हो रहा है वह भारत की वजह से हो रहा है लेकिन अब जो हो रहा है उसमें तो सिर्फ़ बांग्लादेश के लोगों की जिम्मेदारी है। प्रोफेसर पंत कहते हैं, लोकतांत्रिक संस्थाओं को जिस तरह निशाना बनाया जा रहा है आपको लगता है कि प्रगतिशील तबका वहां आकर वोट देगा? एक तरह से माहौल ऐसा बनाया जा रहा है कि जो कट्टरपंथी गुट हैं उन्हीं को मुख्यधारा में जमाया जाए और उन्हीं को सत्ता का हस्तांतरण किया जाए।

## चुनाव से खास उम्मीद नहीं

फरवरी में होने वाले चुनाव से कुछ बदलने की उम्मीद करना बेमानी है। बांग्लादेश में मुख्यधारा की दो पार्टियां हैं चरमपंथी उनके खिलाफ हैं, उन्हें निशाना बनाया जा रहा है। बीएनपी का तो शेख हसीना से कोई लेना-देना नहीं है लेकिन उसे निशाना इसलिए बनाया जा रहा है कि वह एक मुख्यधारा की पार्टी है और अब सरकार में कट्टरपंथियों का दबदबा है। हसीना के खिलाफ जो लोग या युवा आगे आए थे कि वह कोटा सिस्टम या आरक्षण को हटा नहीं रही थीं, वह भी अब निराश हैं क्योंकि जो मूलभूत मुद्दे थे उन पर इन करीब डेढ़ साल में कुछ हुआ नहीं है और आगे भी कुछ होने की उम्मीद नहीं है।



## क्या यह अंतरिम सरकार की नाकामी है?

प्रोफेसर पंत कहते हैं।, आज बांग्लादेश की जो हालत है उसकी सबसे बड़ी वजह हैं अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस। नोबेल पुरस्कार विजेता यूनुस को यह कहकर लाया गया कि वह सब ठीक कर देंगे, पूरी तरह असफल हो गए। देखिए बांग्लादेश की क्या हालत हो गई है उनके नेतृत्व में। मैंने तो नहीं देखा कि मोहम्मद यूनुस ने कड़े शब्दों में चरमपंथियों की निंदा की हो। शायद वह यही चाह रहे हों कि चरमपंथी ही सत्ता में आएं। पिछले डेढ़ साल में आर्थिक विकास, रोजगार, यूथ मैनेजमेंट जैसे एक भी असल मुद्दे पर यूनुस सरकार ने क्या काम किया है? मुझे तो कुछ नजर नहीं आता।

## भारत के लिए चुनौतियां

हाल ही में जारी भारत में विदेशी मामलों की एक संसदीय समिति की रिपोर्ट में कहा गया है कि 1971 की जंग के बाद भारत को बांग्लादेश में सबसे बड़े रणनीतिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। प्रोफेसर त्रिपाठी भारत और बांग्लादेश के संबंधों के भविष्य को लेकर बहुत आशावान नहीं दिखते। वह कहते हैं, जब तक वह कुछ रचनात्मक नहीं कर पाते, अर्थव्यवस्था की स्थिति नहीं सुधार पाते तब तक वह राजनीतिक फायदे के लिए भारत का हौवा खड़ा करते रहेंगे। बांग्लादेश में अगर राजनीति में स्थायित्व आता है, अर्थव्यवस्था का विकास होता है तो उन्हें भारत को साथ लेकर चलना होगा क्योंकि भारत के साथ उनका बड़ा व्यापार है। लेकिन चूंकि वहां अराजकता है और ऐसे में आर्थिक विकास होना नहीं है इसलिए भारत को बलि के बकरे की तरह इस्तेमाल किया जाता रहेगा, भारत विरोध वहां बना रहेगा। बांग्लादेश में जो कुछ हो रहा है उसमें भारत शायद ही दखल दे। भारत के लिए इसमें दखल देने की संभावनाएं बहुत कम हैं। क्योंकि यह बांग्लादेश का घरेलू मामला पहले है। यह बांग्लादेश के लोगों को ही तय करना है कि उन्हें प्रगतिशील रास्ते पर आगे बढ़ना है या कट्टरपंथ की राह पर।

## न्यूज कार्नर

### महज पांच वर्ष के अंदर गणित न्यूज को मिला सिल्वर बटन अवार्ड

**जागरण, रीवा।** विंध्य के एकमात्र चैनल गणित न्यूज को महज पांच वर्ष के अंदर यूट्यूब से सिल्वर बटन अवार्ड मिला है। इस उपलब्धि पर गणित समाज के सभी सदस्यों, संरक्षक, पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई प्रेषित की गई है। इस उपलब्धि पर विंध्य सहित रीवा में खुशी को माहौल है पूर्व आरटीओ अनिरुद्ध सिंह, एडवोकेट हेतलाल शर्मा, रवि शुक्ला, गणित समाज के संरक्षक पंकज पाठक विधायक अभय मिश्रा, पूर्व पार्षद अरुण तिवारी, भाजपा नेता सचिन तिवारी, बालाजी द्विवेदी, प्रो. अरुण तिवारी, मंगल भारत, अखिलेश द्विवेदी सहित हजारों लोगों ने गणित न्यूज शुभकामनाएं दी।

### रिदम म्यूजिकल ग्रुप ने महाआरती में सुरीले भजनों से सजाया मंच



**रीवा।** साईं संस्थान के तत्वाधान में नववर्ष के स्वागत में आयोजित महाआरती के भव्य आयोजन में आमंत्रण पर पधारे रिदम म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों ने साई भजनों के साथ श्रीराम, कृष्ण, भोले, दुर्गा के सुरीले भजनों की प्रस्तुति से जिस तरह से मंच सजाया उसने कार्यक्रम को शानदार और यादगार बना दिया, जिसका साईं भक्तों और नगर वासियों ने भरपूर आनंद उठाया। सायं 04:00 बजे से प्रारंभ हुये इस कार्यक्रम में देर रात तक भजनों का दौर चलता रहा। इस अवसर पर साईं संस्थान और रिदम परिवार ने उपस्थित जनसमुदय को नववर्ष की शुभकामनाओं के साथ उपस्थिति का शानदार सह्योग देने के लिये आभार व्यक्त किया। रिदम म्यूजिकल ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. विनोद तिवारी, उपाध्यक्ष एवं मंच संचालक अवनीश शर्मा, महासचिव पियूष मिश्रा, गुंजन शुक्ला, रश्मी शुक्ला, श्याम गंगवानी, नीलम गुप्ता के द्वारा प्रस्तुत किये गये भजनों ने लोगों को नाचने-झूमने और जयकारा लगाने के लिये अवसर प्रदान किये। कार्यक्रम में उपस्थित रिदम परिवार के संरक्षक नारायण डिगवानी ने सभी कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। महाआरती के संयोजक राजेश शाह्नी, अध्यक्ष अजय धमीजा के साथ अनिल त्रिपाठी, महेश लेडवानी, राजनारायण मिश्रा, ने साई संस्थान के पुजारी मनसुखलाल के साथ मिलकर सभी साईं भक्तों का स्वागत कर हलवा प्रसाद वितरित किया। अगले वर्ष आयोजन के वृह्द रूप प्रदान करने के वादे के साथ सभी सह्योगियों का आभार व्यक्त किया गया। रिदम परिवाद ने मंच प्रदान करने के लिये आयोजन समिति का दिल से आभार व्यक्त किया।

# प्रशासनिक भवन के सामने पार्क में स्थापित होगी स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा

### 5 लाख रुपए खर्च कर तैयार की जा रही युवा दिवस पर हो सकता है अनावरण

जागरण,रीवा

अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय में स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा स्थापित की जा रही है, उक्त संबंध में विवि प्रबंधन द्वारा प्रतिमा निर्माण के लिए आर्डर भी कर दिया गया है। करीब 5 लाख रुपए प्रतिमा को तैयार करने में खर्च किया जा रहा है। प्रतिमा का अनावरण भी विवि प्रबंधन आगामी 12 जनवरी को युवा दिवस के दिन करने की तैयारी में है। यदि सब कुछ तय समय अनुसार रहा तो इस दिन युवाओं को प्रेरणा देने इसी दिन प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। बता दें कि विवि कुलगुरु डॉ.राजेन्द्र कुड़रिया जी द्वारा महापुरुषों की प्रतिमा स्थापना करने की बात कही गई थी, उन्होंने इसी क्रम में विवि परिसर में प्रशासनिक भवन के सामने स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा स्थापित कराए जाने का निर्णय लिया है, इस संबंध में सभी औपचारिकताएं भी विवि प्रबंधन द्वारा पूरी कर ली गई है। राजस्थान के कारीगरों को प्रतिमा निर्माण का आर्डर भी दिया गया है। करीब 11 फिट की प्रतिमा का निर्माण कराया जा रहा है। विवि प्रबंधन का मानना है कि महापुरुषों की प्रतिमा से युवाओं को उनके जीवन में किए गए उत्कृष्ट कार्यों की प्रेरणा मिलेगी। विवि परिसर में अन्य महापुरुषों की प्रतिमा की स्थापना किए जाने को लेकर भी कार्य किया जा रहा है।



### राज्यपाल ने की नवाचार की सराहना

बता दें कि विवि के 13वें दीक्षांत समारोह में इस वर्ष विवि कुलगुरु डॉ.राजेन्द्र कुड़रिया द्वारा नवाचार किया गया था, फूलों की माला की जगह तुलसी की माला, बुके की जगह उसी खर्च में ड्राय फ्रूट का बकेट व तुलसी का पौधा अतिथियों को दिलाया गया था। जिसकी सराहना प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल द्वारा की गई है, बताया गया कि जब वह गुजरात सरकार में मंत्री थे तो उन्होंने ही इस नवाचार की शुरुआत की थी और अवधेश प्रताप सिंह विवि में कुलगुरु द्वारा लिए गए इस निर्णय की उन्होंने सराहना की है।

# परिवर्तनों के बिना देश को सुदृढ़ नहीं बनाया जा सकता






### 'आत्मबोध से विश्वबोध' विषय पर व्याख्यान माला संपन्न

**रीवा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर अखिल भारतीय साहित्य परिषद द्वारा आत्मबोध से विश्वबोध विषय पर व्याख्यानमाला का आयोजन रीवा के कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में किया गया। जिसमें संघ साहित्य चिन्तन प्रवाह के साथ सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए विभाग प्रचारक हरिनारायण जी ने कहा कि पंच परिवर्तन भारतीय समाज की महती आवश्यकता है, इससे राष्ट्र को सुदृढ़ एवं सक्षम बनाया जा सकता है। पंच परिवर्तन में स्व का बोध, कुटुंब प्रबोधन,पर्यावरण,समरसता एवं नागरिक कर्तव्य आदि पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि भारतीय समाज की रचना इस प्रकार से है कि इन परिवर्तनों के बिना देश को सुदृढ़ नहीं बनाया जा सकता है। कार्यक्रम संयोजक अखिल भारतीय साहित्य परिषद के जिला अध्यक्ष शिवानंद तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रघुराज किशोर तिवारी एवं अखिल भारतीय साहित्य परिषद के अखिल भारतीय सह कोषाध्यक्ष कमलकांत गर्ग का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समीर शुक्ला ने की। सम्मान समारोह का संयोजन अखिल भारतीय साहित्य परिषद की जिला महामंत्री डॉ. रंजना मिश्रा ने किया।सरस्वती वंदना कु. मधुस्मिता एवं परिषद गीत की प्रस्तुति उपाध्यक्ष डॉ.कमलाकर पाण्डेय ने दी। कार्यक्रम का संचालन अखिल भारतीय साहित्य परिषद के प्रांत महामंत्री चंद्रकांत तिवारी ने कियाव कार्यक्रम में विधायकगण एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा साहित्य,संगीत,कला,संस्कृति, मेडिकल, विधि, इंजीनियरिंग एवं समाज सेवा से जुड़े प्रबुद्ध जनों की काफी संख्या में सहभागिता रही।

# मेधावी छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया

### सवित्री बाई फुले की 195वीं जयंती मनाई जीडीसी में आयोजित हुई संगोष्ठी



**जागरण, रीवा।** शा.कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सवित्री बाई फुले की 195वीं जयती पर संगोष्ठी का आयोजन ककस एवं जीडीसी के संयुक्त तत्वावधान में सम्पन्न हुई। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि एवं विषय वक्ता प्रोफेसर दिनेश कुशवाहा, विभागाध्यक्ष हिन्दी अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रहे। अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. विभा श्रीवास्तव ने की। विशिष्ठ अतिथि डॉ. आर.एन. पटेल प्राचार्य शासकीय शिक्षा महाविद्यालय, बी.पी. सिंह अध्यक्ष कल्पना कल्याण समिति, एम.एल. कुशवाह सेवा निवृत्त प्राध्यापक आयुर्वेद महाविद्यालय रहे। मंचासीन अतिथियों के द्वारा सवित्री बाई फुले के शिक्षा एवं समाज के प्रति किये गये अतुलनीय योगदान पर विस्तृत व्याख्यान दिया गया।

कार्यक्रम का संचालन प्रो. सरोज गोस्वामी, भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ प्रभारी जीडीसी के द्वारा किया गया। डॉ. महेन्द्रमणि द्विवेदी एवं प्राचार्य डॉ. विभा श्रीवास्तव द्वारा भी व्याख्यान दिया गया। विषय प्रवेश एवं उद्देश्य ककस अध्यक्ष वी.पी सिंह द्वारा किया गया। कल्पना कल्याण समिति के द्वारा महाविद्यालय में अध्ययनरत प्रत्येक विभाग की 10-10 मेधावी छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया साथ ही 5 छात्राएं जिन्होंने अपने विचार साझा किये उन्हे स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र के साथ पुरस्कृत किया गया।

# दोस्त ऐसे मिले जैसे गुजरा जमाना लौट आया हो

### एफएमएस के छात्रों ने 28 वर्ष बाद पुर्नमिलन 2.0 मनाया



**जागरण, रीवा।** एफएमएस 98 बैच के छात्र-छात्राओं ने पुर्नमिलन 2.0 कार्यक्रम भव्यता से मनाया। इस मौके पर 28 वर्ष बाद देश विदेश से रीवा पहुंचे पूर्व छात्र आपस में मिलकर पुरानी यादों में खो गए। लम्बे समय बाद एक दूसरे से मिलकर खूब बातें भी की। पुर्नमिलन कार्यक्रम खजुराहो में मनाया गया। फ्रोमेंस मेमोरियल स्कूल के पूर्व छात्रों ने जब 28 वर्ष पुराने अपने अनुभवों को स्टेज में साझा किया तो माहौल खुशनुमा और भावुक हो गया। पूर्व छात्रों ने गीत व डांस और अन्य इवेंन्ट में जमकर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व छात्रों ने राष्ट्रीय गान से किया। फ्रोमेंस स्कूल के छात्र छात्राओं ने भांगड़ा करके सबका मन मोह लिया। रियूनियट मीट कार्यक्रम में गौरव तिवारी, अमरजीत सिंह, मयंक गोयल, कपीश पाण्डेय, सतीश सिंह, प्रोमिल चन्द्र मित्रा, सचिन डुडानी, डॉली सिंह, रेनू अग्रवाल, खुशबू मेहता, कुलजीत कौर, प्रियंका सिंह, मृणाल निगम, आरती पाण्डेय, शिप्रा अग्रवाल, पूजा मिश्रा, अपूर्व त्रिपाठी, राहुल खण्डेलवाल, जीतिन पाण्डेय, सुनील आहुजा, प्रवाल बख्शी, अंकुर श्रीवास्तव, रविन्द्रनाथ शुक्ला, अभिजित शुक्ला, अमित गुप्ता धीरेन्द्र गुप्ता मितेश खरे बलवीर सिंह समीर खान शामिल रहे।

# दो दिवसीय वालीबॉल प्रीमियर लीग का हुआ शुभारंभ



**रीवा।** प्रकाश युवा मण्डल ,युवा एकता कल्याण संघ व क्षेत्रिय जन मानस के सहयोग से 20 वर्ष पूर्व शुरुआत की गई वालीबॉल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। जिसके मुख्य अतिथि संदीप मिश्रा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मानस मण्डल के अध्यक्ष सुभाष बाबू पाण्डेय ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में राजीव पाठक नगर पुलिस अधीक्षक, विश्वविद्यालय थाना प्रभारी हितेंद्रनाथ शर्मा, वरिष्ठ समाजसेवी वीरभद्र सिंह , सुषमा शुक्ला ब्लॉक जन अभियान, दिनेश डायमंड व युवा समाजसेवी अमित उपस्थित रहे। स्वागत गीत सुषमा शुक्ला व स्वागत भाषण सुभाष पाण्डेय ने दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से हंसवाहिनी स्कूल के संचालक अवनींद्र कुमार पटेल, अधिवक्ता पवन तिवारी, सोनोरा से पूर्व सरपंच रावेंद्र पटेल ,भैयालाल पटेल,चंद्र शेखर ,राजराखन ,सुभाष ,प्रांशु, नीतीश सहित ग्राम के प्रबुद्ध जन खेल, प्रेमी व वरिष्ठ जन उपस्थित रहे। इस वालीबॉल प्रतियोगिता में 6 टीमों के प्रदेश स्तरीय उत्कृष्ट खिलाड़ी भाग ले रहे हैं जिससे ग्राम इटौरा सहित आस पास के क्षेत्र वासियों को शानदार खेल देखने को मिल रहा है। आज 4 जनवरी को सेमीफाइनल और फाइनल मैच सम्पन्न होंगे। प्रतियोगिता में खेलप्रेमियों से आनंद उठाने का आग्रह किया गया है।

# जान हथेली में रख कर रहे पटरी क्रॉस, कोई रोकने वाला नहीं

### बच्चों को गोद में लेकर पटरी पर आ रही ट्रेन के सामने एक प्लेटफार्म से जा रहे दूसरे प्लेटफार्म



**जागरण, रीवा।** शहर में जहां यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं वहीं लोग रेलवे को भी इससे अछूता नहीं रख रहे। रेलवे स्टेशन रीवा में एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म जाने के लिए सीढ़ियां बनी हुई हैं, लेकिन यहां आने वाले अधिकतर यात्री एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म जाने के लिए बजाय सीढ़ियों का उपयोग करने के रेल की पटरियां क्रॉस कर जाते हैं। खुलेआम रेलवे स्टेशन में इस प्रकार की अव्यवस्था देखी जा रही है, छोटे-छोटे बच्चों को गोद में उठाए महिलाएं पटरी पर आ रही ट्रेन को देखकर भी दौड़ लगाकर पटरियां पार कती हैं,गोद में लिए बच्चों के साथ ही उनके साथ अन्य छोटे बच्चे भी रहते हैं, कई बार जल्दबाजी के चक्कर में कोई महिला, बच्चे आदि गिर भी पड़ते हैं कोई एकदम से पटरियों से प्लेटफार्म पर नहीं चढ़ पाता जिससे पटरी पर आ रही ट्रेन नजदीक आ जाती है, जिससे कब कोई घटना घट जाए कहा नहीं जा सकता किन्तु खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ाने वालों को रोकने वाला यहां कोई नहीं।

रेलवे स्टेशन में इन अनियमितताओं को देखने का जिम्मा स्टेशन मास्टर सहित यहां पदस्थ रेलवे पुलिस का भी है, किन्तु इनके द्वारा भी रेल पटरियों को पार करने वाले लोगों को न तो रोका जाता है न ही उन पर किसी प्रकार की कार्यवाही की जा रही है, जिससे पटरियां पार कर प्लेटफार्म से दूसरे में जाने वाले यात्रियों की संख्या में दिन ब दिन इजाफा होता जा रहा है। खुलेआम नियम विरुद्ध पटरियां पार करने वाले लोगों को यहां खड़े यात्रियों के साथ ही रेलवे अधिकारी, कर्मचारी व रेलवे पुलिस कर्मचारी खड़े देखते रहते हैं, ये लापरवाही कभी भी रेलवे को ही महंगी पड़ सकती है।

# विश्व हिंदू परिषद महाकौशल प्रांत की प्रांत बैठक का शुभारंभ

### तय की जाएगी पूरे साल की कार्य योजना




**रीवा।** विश्व हिंदू परिषद महाकौशल प्रांत की प्रांत बैठक का शुभारंभ शनिवार को बिछिया रोड स्थित सिंधु भवन में हुआ। 04 जनवरी तक चलने वाली इस प्रांत बैठक का संचालन महाकौशल प्रांत के प्रांत मंत्री उमेश माधव मिश्र ने किया । बैठक की अध्यक्षता महाकौशल प्रांत के प्रांत अध्यक्ष सुनील भागचंदानी एवं क्षेत्र संगठन मंत्री जीतेंद्र सिंह पवार ने की। बैठक में महाकौशल प्रांत में केंद्र, क्षेत्र,प्रांत कार्य समिति,विभाग मंत्री,संयोजक एवं 34 जिलों से जिला अध्यक्ष, मंत्री सहित कार्यकर्ता उपस्थित हैं। जनवरी माह की इस प्रांतीय बैठक में गत छः महीनों में किए गए कार्यों की समीक्षा एवं आगामी कार्यक्रमों की योजना पर चर्चा कर, महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। प्रांतीय बैठक में आगामी 2026 के पूरे साल की कार्य योजना तय की जाएगी। बैठक का मुख्य विषय हिंदू समाज को संगठित और मजबूत करना, हिंदू धर्म और मूल्यों की रक्षा व प्रचार, धर्मांतरण रोकना, गोहत्या रोकना, सामाजिक सेवा (शिक्षा, स्वास्थ्य), और विदेशों में बसे हिंदुओं से सतत् संवाद शामिल है। विभिन्न बैठकों में 'जिहादी चुनौतियों और उनके समाधान', 'धार्मिक अल्पसंख्यकों की परिभाषा' पुनः परिभाषित हो जैसे अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर विशेष चर्चा होगी। वर्ष भर विश्व हिंदू परिषद के सुचारू कार्य संचालन के लिए वर्ग, विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल मातृशक्ति व दुर्गावहिनी के पदाधिकारियों से चर्चा हुई। त्रिदिवसीय बैठक में सभी विभागों के वर्ष भर होने वाले कार्यक्रमों, प्रशिक्षण व बैठकों की विस्तृत जानकारी दी गई।

## राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का दूसरा दिन

# मेजबान रीवा सहित इंदौर, खरगोन और जबलपुर विश्वविद्यालय की टीम सेमीफाइनल में प्रवेश

### आज होगा समापन, 15 साल बाद विवि बन सकता है चैंपियन



**जागरण,रीवा।** उच्च शिक्षा विभाग की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के आयोजकत्व में किया जा रहा है। शनिवार को क्वार्टर फाइनल मैचों में जीत दर्ज कर चार टीमें सेमीफाइनल पहुंच चुकी है। आज इनके बीच सेमीफाइनल और फिर विजेता दो टीमों के बीच फाइनल मुकबला होगा। प्रतियोगिता के दूसरे दिन 4 मैच खेले गए। सभी मैच 20-20 फॉर्मेट में खेले गए। प्रतियोगिता के दूसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में डॉ.येदलवार विभागाध्यक्ष सर्जरी विभाग श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में एमके धौलपुरी संभागीय खेल अधिकारी और डॉ.हरीश तिवारी डिप्टी डायरेक्टर शारीरिक शिक्षा विभाग नागालैंड विश्वविद्यालय मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आयोजक सचिव संचालक शारीरिक शिक्षा विभाग प्रो.राम भूषण मिश्रा ने किया। कार्यक्रम का संचालन डा.संजीव कुमार मिश्रा ने किया। पहला मैच विश्वविद्यालय स्टेडियम में पंडित शंभू नाथ विश्वविद्यालय शहडोल और क्रांति सूर्य भील तात्या यूनिवर्सिटी खरगोन के बीच खेला गया, जिसमें खरगोन विश्वविद्यालय ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और 20 ओवर में खरगोन की टीम ने 145 रन का लक्ष्य शहडोल को दिया। शहडोल विश्वविद्यालय की टीम 140 रनों का पीछा करते हुए 18.4 ओवर में 101 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। इस प्रकार खरगोन की टीम सेमीफाइनल में प्रवेश करने वाली पहली टीम बनी। प्रतियोगिता का दूसरा क्वार्टर फाइनल मैच सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन और रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर के बीच में एमपीसीए मैदान पर खेला गया, जिसमें जबलपुर के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने के लिए उज्जैन टीम को आमंत्रित किया। उज्जैन की टीम 17.6 ओवर में 9 विकेट खोकर 99 रन बनाये और जबलपुर को जीत के लिए 100 रन का लक्ष्य दिया जबलपुर की टीम ने 12.4 ओवर में 100 रन बनाकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। तीसरा मैच एमपीसीए ग्राउंड में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर और बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल के बीच में खेला गया जिसमें इंदौर विश्वविद्यालय की टीम ने टॉस जीतकर कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया इंदौर की ओर से यश मालवाडकर 25 बॉल पर 50 रन, पवन 31 बाल पर 73 रन बनाते हुए 18 ओवर में चार विकेट खोकर 175 रन का लक्ष्य भोपाल के सामने रखा। भोपाल की पूरी टीम 18 ओवर में 101 रन बनाकर ऑल आउट हो गई और इस प्रकार से देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर की टीम सेमीफाइनल में प्रवेश करने वाली तीसरी टीम बनी। प्रतियोगिता का चौथा मैच विश्वविद्यालय स्टेडियम में अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा और खरगोन विश्वविद्यालय के बीच में खेला गया जिसमें खरगोन विश्वविद्यालय ने 20 ओवर में चार विकेट खोकर 140 रन बनाएं। जवाब में रीवा की शुरुआत अच्छी रही रीवा के ओपनर बल्लेबाज दो ओवर में 24 रन का स्कोर बना लिया परंतु चौथे ओवर में लगातार तीन विकेट गिरने के कारण रीवा की टीम लड़खड़ा गई पर पांचवें विकेट ने आगे संभाल कर खेलना चालू की रीवा की ओर से अमरजीत यादव 75 रन 50 बॉल पर और वैभव 22 बाल पर 30 रन का स्कोर बनाते हुए रीवा ने यह मैच 7 विकेट से जीत कर सेमीफाइनल में प्रवेश करने वाली चौथी टीम बनी। प्रतियोगिता के दौरान डॉ.पुष्पेंद्र पांडेय, डॉ.उपेंद्र पांडेय, डॉ.रविंद्र सिंह,डॉ.राजेश भारती, डॉ विजय सिंह, डॉ.नृपेन्द्र सिंह कर्चुली और शारीरिक शिक्षा विभाग के प्राध्यापक डॉ.गायत्री प्रसाद शुक्ल, डॉ.विजय पाल, डॉ.राहुल श्रीवास्तव, डॉ.मनीष मिश्रा, रुक्मणि द्विवेदी, विपिन वर्मा एवं विभिन्न महाविद्यालयों के क्रीड़ा अधिकारी और खेल प्रेमी उपस्थित रहे। आज एमपीसीए ग्राउंड में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर और देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर के बीच पहला सेमीफाइनल मैच खेला जाएगा। दूसरा सेमीफाइनल मैच विश्वविद्यालय स्टेडियम में तात्या भील यूनिवर्सिटी खरगोन और अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा के बीच में खेला जाएगा। आज के मैच के अंपायर विश्वविद्यालय स्टेडियम में नवीन तिवारी, अमित शर्मा और स्कोरर विकास सिंह एवं एमपीसीए ग्राउंड में अंपायर रोहित सिंह, नीति मिश्रा और स्कोरर रोशन मिश्रा रहे।

# आध्यात्म से सर्व समस्याओं के समाधान का संदेश

### ब्रह्माकुमारी में नववर्ष स्नेह मिलन एवं सम्मान समारोह



**रीवा।** नववर्ष के पावन अवसर पर ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, शांति धाम संस्थान झिरिया रीवा में नववर्ष स्नेह मिलन एवं सम्मान समारोह का भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम आध्यात्मिक चेतना, आपसी स्नेह, सद्भाव और समाज को श्रेष्ठ दिशा देने के उद्देश्य से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी संस्थान भोपाल जोन की नव नियुक्त जोनल डायरेक्टर राजयोगिनी बीके निर्मला दीदी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उनके साथ कार्यक्रम में जिला पंचायत रीवा की अध्यक्ष नीता कोल, पंचमठ आश्रम के पीठाधीश्वर स्वामी विजय शंकर ब्रह्मचारी, मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री के मुख्य निज सचिव राजीव तिवारी, उप मुख्यमंत्री प्रतिनिधि प्रकाश सोनी, विधायक प्रतिनिधि स्वास्थ्य विभाग कमलेश सचदेव, उप मुख्यमंत्री के निज सचिव समय लाल पांडे, वरिष्ठ समाजसेवी अशोक सिंह परिहार, पूर्व जनपद अध्यक्ष लाल बहादुर सिंह, लोकतंत्र सेनानी बृहस्पति सिंह, पूर्व सभापति नगर निगम रीवा सतीश सोनी, सहायक परियोजना समन्वयक सोमनाथ कॉल सहित अनेक गणमान्य अतिथि, समाजसेवी एवं नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर राजयोगिनी बीके निर्मला दीदी ने अपने प्रेरणादायक संदेश में कहा कि राजयोग और ईश्वरीय ज्ञान के माध्यम से मनुष्य अपने जीवन की हर समस्या का समाधान कर सकता है। शांति में स्थित होकर किया गया जीवन ही सच्चा सुख और श्रेष्ठ आचरण की ओर ले जाता है।

कार्यक्रम में अशोक सिंह परिहार, समय लाल पांडे, कमलेश सचदेव सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए जन-जन के लिए शांतिमय, सुखमय और नशा मुक्त जीवन की कामना की। कार्यक्रम के दौरान राजयोग मेडिटेशन बीके विकी लता दीदी द्वारा कराया गया, जिससे संपूर्ण वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा और शांति से ओत-प्रोत हो गया। सभी अतिथियों का सम्मान राजयोगिनी बीके निर्मला दीदी द्वारा लक्ष्मी-नारायण के दिव्य चित्र भेंट कर किया गया। इस अवसर पर मीसा बंदी एवं लोकतंत्र सेनानी, पत्रकार, साहित्यकार, गीतकार, समाजसेवी, चिकित्सक एवं नगर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मंच संचालन बीके प्रकाश भाई एवं आभार प्रदर्शन नीलेश श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

# पति की हत्या कराने बहुती में सहेली के घर करवाया हत्यारोपी प्रेमी के ठहरने की व्यवस्था

## यहीं रची पति की हत्या की साजिश

### आरोपी की तलाश में यूपी में मऊगंज पुलिस की दबिश, आरोपी पत्नी व उसकी सहेली गिरफ्तार



जागरण, रीवा

मऊगंज- मिर्जापुर हाईवे में डगडौआ के पास सड़क किनारे युवक की हत्या कर शव को फेंका गया था। मृतक की पहचान के बाद मऊगंज पुलिस ने पूरी घटना की जांच शुरू की, जिसमे पत्नी ही पूरी घटना की मास्टरमाइंड निकली। पत्नी ने इंदौर में हत्या के आरोपी के साथ मिलकर अपने पति की हत्या करा दी। आरोपिया पत्नी ने हत्यारोपी प्रेमी के ठहरने की व्यवस्था बहुती में अपने एक सहेली के घर में करवायी और यहीं हत्या की साजिश भी रची। पुलिस ने आरोपी पत्नी व हत्यारे को पनाह देने वाली एक महिला को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि हत्यारों की तलाश पुलिस टीम द्वारा की जा रही है। घटना 30 दिसंबर की सुबह सामने आई थी। पुलिस को सरपंच ग्राम डगडौआ ने सूचना दी थी कि एनएच 135 रीवा- मिर्जापुर हाईवे में सड़क किनारे एक लाश पड़ी है। मृतक के सिर व चेहरे पर धारदार हथियार से खतरनाक चोट के निशान थे। पुलिस ने मृतक की पहचान सतना निवासी सुधीर दाहिया उर्फ लाला पिता रमेश दाहिया 35 साल निवासी प्रेमनगर थाना कोतवाली सतना के रुप में की थी। मृतक सुधीर दाहिया उर्फ लाला की पत्नी कंचन दाहिया, जीजा जितेन्द्र दाहिया, भाई शिवा उर्फ शिब्बू दाहिया तथा पिता रमेश दाहिया के पुलिस ने बयान दर्ज किए। पुलिस ने साक्ष्य के आधार पर मृतक की पत्नी कंचन दाहिया से बारीकी से पूछताछ की जिसके बाद पत्नी कंचन दाहिया ने बताया कि उसने अपने पति सुधीर दाहिया के दोस्त आर्यन उर्फ गबरू व उसके दोस्त बाबा पंडित के साथ षड्यंत्र कर अपने पति की हत्या की साजिश रची। 29-30 दिसंबर की दरमियानी रात्रि वह अपने पति सुधीर दाहिया उर्फ लाला की एन एच 135 रीवा मिर्जापुर हाईवे में हत्या करवाकर लाश को ग्राम डगडौआ रोड के किनारे फेंकवा दी। घटना के बाद आरोपी आर्यन उर्फ गबरू व बाबा पंडित को उनके पहचान की महिला मित्र संजना सिंह निवासी बहुती थाना नईगढ़ी जिला मऊगंज ने आरोपियों को रुकने ठहरने की व्यवस्था की थी जिस पर पुलिस ने मुख्य साजिश कर्ता आरोपी की पत्नी कंचन दाहिया एवं अपराधियों को आश्रय देने पर आरोपिया संजना सिंह के ऊपर धारा 61 व 249 बीएनएस के तहत प्रकरण दर्जकर गिरफ्तार कर दोनों का मोबाइल जब्त कर न्यायालय में पेश कर रिमांड में लिया गया। घटना कारित करने वाला आरोपी आर्यन उर्फ गबरू तथा बाबा पंडित इन्दौर में भी किसी हत्या के अपराध में फरार था, पुलिस ने इसकी तस्दीक इन्दौर पुलिस से बातचीत कर की। प्रकरण के मुख्य आरोपी बाबा पंडित एवं आर्यन उर्फ गबरु की तलाश पुलिस टीम कर रही है, अलग-अलग पुलिस टीम उ.प्र. के कोरांव, प्रयागराज, फूलपुर में दबिश देकर आरोपियों की तलाश में लगी हुई है।

### शराब पार्टी के बहाने बुलाया

बताया गया कि आरोपियों ने सुधीर दाहिया को शराब पार्टी देने के लिए सतना से रीवा बुलाया। मृतक एंबुलेंस चालक था, उसे नहीं पता था कि आज उसकी जान जाने वाली है। चोरहटा में जीजा से मिला, जिसके बाद दोनों आरोपियों के साथ वह पार्टी मनाने चला गया। इसके बाद आरोपियों ने उसकी हत्या कर शव को डगडौआ के पास सड़क किनारे फेंक दिया। रातभर आरोपी मृतक की पत्नी की सहयोगी के घर में ठहरे इसके बाद फरार हो गए। फिलहाल पत्नी सहित आरोपी महिला को पुलिस गिरफ्तार कर लिया है, जबकि फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस टीम लगी हुई है।

# दबंगों ने घर में घुसकर महिलाओं से की मारपीट, वीडियो वायरल

### शाहपुर थाना क्षेत्र के दुबिया गांव की घटना



**जागरण, रीवा।** शाहपुर थाना क्षेत्र के दुबिया गांव में दबंगों ने घर में घुसकर महिलाओं से मारपीट की। पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम दुबिया में पुराने जमीनी विवाद को लेकर दबंगों ने एक परिवार पर हमला कर दिया। पीड़ित ज्ञानेन्द्र तिवारी ने घटना की शिकायत शाहपुर थाना पुलिस से की है, जिसके बाद पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। बताया गया कि आरोपी बिना किसी उकसावे के उनके घर पहुंचे और महिलाओं को निशाना बनाते हुए गंदी गालियां देने लगे। आरोप है कि सुरेन्द्र गिरी और पुष्कर गिरी ने घर के अंदर घुसकर महिलाओं के साथ धक्का-मुक्की, झीना-झपटी की और बेरहमी से मारपीट की। जब फरियादी बीच-बचाव करने आया तो अन्य आरोपी भी मौके पर पहुंच गए और लाठी-डंडों के साथ परिवार पर टूट पड़े। सरहंगों ने फरियादी व उसके परिजनों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। घटना में पीड़ित की पत्नी, भाई, भतीजे और भतीजियों सहित कई लोग घायल हुए हैं। मारपीट में घायलों के शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। हमले के बाद आरोपियों ने खुलेआम धमकी दी कि यदि जमीन नहीं छोड़ी गई तो पूरे परिवार को जान से खत्म कर देंगे। फिलहाल पुलिस ने धारा 296(ए), 115(1), 351(3) और 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

# गौवंश से क्रूरता का सामने आया मामला, पैर बांधकर पीटा फिर छोड़ा

### हनुमना थाना क्षेत्र की घटना



**जागरण, रीवा।** मऊगंज जिले के हनुमना थाना क्षेत्र अंतर्गत गौवंश से क्रूरता का मामला सामने आया है। दामोदरगढ़ गौशाला के पास सरहंगों ने दो निरीह बैलों को डंडों से मारा और फिर उन्हें घसीटते हुए गौशाला तक ले गए। इसके साथ ही बैलों के पैर को रस्सियों से कसकर बांधे गए और उन्हें मरने के लिए छोड़ दिया गया। घटना की जानकारी ग्राम पंचायत के सरपंच को मिली तो वो तत्काल दामोदरगढ़ गौशाला पहुंचे। गौशाला का मंजर ऐसा था कि सरपंच भी स्तब्ध रह गए उन्होंने बिना वक्त गंवाए बैलों के बंधे पैर खुलवाए, उन्हें पानी पिलाया और उनकी जान बचाने की कोशिश की। सरपंच ने गांव के ही कुछ लोगों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि यही लोग लगातार गौशाला की व्यवस्था को नुकसान पहुंचा रहे हैं। सबसे चौंकाने वाली बात ये है कि सरपंच का कहना है जब वे ऐसे मामलों का विरोध करते हैं तो उन्हें धमकियां दी जाती हैं ताकि वे चुप रहें। फिलहाल सरपंच ने साफ शब्दों में चेतावनी दी है गौवंश के साथ की गई ऐसी क्रूरता किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।


**कार्यालय प्राचार्य, शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय, रीवा (म.प्र.)**

क्रमांक/5774/स्टोर/2025 रीवा, दिनांक 03.01.2026

**निविदा आमंत्रण सूचना वर्ष 2025-26**

प्राचार्य शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय रीवा द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु योजना क्रमांक 5550 पुस्तकालय विकास योजनान्तर्गत कंप्यूटर एवं प्रिंटर क्रय किया जाना है। अत: निविदा दिनांक 19.01.2026 शाम 04.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदाकार निविदा की विस्तृत शर्ते निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी स्टोर शाखा एवं महाविद्यालय की वेबसाइट www.trscollege.com से प्राप्त कर सकते है।

प्राचार्य
शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय
रीवा (म.प्र.)



**MP POORVA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.**
**OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER**
**O&M CIRCLE, M.P.P.K.V.V.Co.Ltd., SHAHDOL**
Telephone no. 9425185295, e-mail:- sesdl095@gmail.com

No. SE/O&M/139 dtd: 02/01/2026

**NOTICE INVITING TENDER**

Tender are invited as following -

| Sr. No | Tender Specification No | Name of the Work/ services | Approx. Value (Rs. In Crores) | Tender Fees (In Rs.) | EMD (In Rs.) | Due date of opening of tender online from 14:00 Hrs.* |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | TS.No. 139 (e-Tender No. 2026_PKVVC_472855_1) | Outsourcing of Manpower Required for Miscellaneous Works under the jurisdiction of O&M Circle MPPKVVCL, Shahdol | 26.09 | 11800/- With GST | 1.00 Lakh | 29.01.2026 |

For Other details please visit website https://mptenders.gov.in

SAVE ELECTRICITY

Superintending Engineer (O&M)
MPPKVVCL, Shahdol


# सीईओ जिला पंचायत ने खरीदी केन्द्र का किया निरीक्षण

### खरीदी केन्द्र में पर्याप्त मात्रा में बारदाने उपलब्ध कराने के दिए निर्देश



**रीवा।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने ग्रामीण क्षेत्र के भ्रमण के दौरान गंगेव जनपद अन्तर्गत दुअरा-1 धान उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण किया तथा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। श्री गुर्जर ने निरीक्षण करते हुए कहा कि किसानों से निर्धारित मात्रा में धान लें। खरीदी केन्द्र में पर्याप्त तौलकांटे की व्यवस्था करें जिससे किसानों को किसी तरह की परेशानी न हो। जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम खरीदी केन्द्र में पर्याप्त मात्रा में बारदाने उपलब्ध कराएं। समिति प्रबंधक तथा खरीदी केन्द्र प्रभारियों को निर्देश देते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि किसानों से उपार्जित धान को व्यवस्थित स्टैगिंग कराकर रखें। उपार्जित धान का समय पर परिवहन कराकर सुरक्षित भण्डारण कराएं। धान लेते समय गुणवत्ता की निगरानी अवश्य करें। उपार्जित धान को गोदाम में पहुंचाकर स्वीकृति पत्रक जारी कराएं जिससे किसान को समय पर भुगतान हो सके। निरीक्षण के समय संबंधित अधिकारी तथा किसान उपस्थित रहे।


**उत्तर मध्य रेलवे**

जेम टेंडर नोटिस संख्या :- GEM / 2026/B/7060382 दिनांक: 01.01.2026

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर मध्य रेलवे, झाँसी द्वारा निम्न कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

**कार्य का उसके स्थान सहित नाम :** आउटकम आधारित समग्र सफाई अनुबंध, जिसमें मशीनीकृत सफाई, कूड़ा-कचरा उठाना, कचरा निपटान, कीट और कृंतक नियंत्रण कार्य शामिल हैं, जो सांक माल गोदाम के रखरखाव के लिए 24 महीने की अवधि के लिए है।

| | |
|---|---|
| **ठेके की अवधि** : दो वर्ष | **कार्य का अनुमानित लागत (दो वर्ष हेतु)** ₹ 43,89,550/- |
| **बयाना राशि** : ₹ 87,790/- | **ई-निविदा** : 22.01.2026 को 16.30 बजे |

**वेबसाइट एवं निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है :** निविदा का पूर्ण विवरण ( ई-निविदा प्रपत्र सहित ) वेबसाइट **www.gem.gov.in** पर टेण्डर खुलने की तिथि 22.01.2026 को 16.00 बजे तक उपलब्ध है एवं ई- निविदा सूचना उत्तर मध्य रेलवे की बेवसाइट **www.ncr.indianrailways.gov.in** पर भी देखा जा सकता है। 10/26(DG)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in



**उत्तर मध्य रेलवे**

पत्र सं- No. JHS/Commercial/e-Auction/25/167 दिनांक : 02.01.2026

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)-झाँसी द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है:-

| | |
|---|---|
| श्रेणी : प्रचार | केटलोग संख्या : JHS-FREIGHT 01 |

**एसेट्स डिटेल्स : E-auction के माध्यम से मिस्लेनियस स्टेटिक पालिसी के तहत निम्न रेलवे स्टेशनों पर ठेकों का आवंटन** Contract For Installation, Operation & Maintenance Of Electronic Weighbridge At **Tikamgarh (TKMG)** Goods Shed Of Jhansi Division. Contract for Warehouse Facility (for parcel traffic) near parcel office at Gwalior Railway Station.

**ई-नीलामी प्रारम्भ की तिथि व समय : दिनांक 17.01.2026 को समय - 10:00 से**

**ई-नीलामी समाप्त की तिथि व समय : दिनांक 17.01.2026 को समय - 10:40 तक**

**नोट :** उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाइन वेवसाइट **www.ireps.gov.in** के **e-auction module** के माध्यम से की जाएगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलॉग संख्या के अंतर्गत उपलब्ध है। 17/26 (AS)

@CPRONCR North central railways cproncrly CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in


# स्कूल के खेल मैदान को कराया गया अतिक्रमण मुक्त

**रीवा।** सिरमौर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत डीही में स्थित सरकारी स्कूल के खेल मैदान को प्रशासन ने पुलिस बल के साथ मिलकर संयुक्त कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण से मुक्त कराया। बताया गया कि स्कूल के खेल मैदान में ग्रामीण आदिवासियों ने अवैध रूप से कब्जा किया गया था, करीब 2 हेक्टयर जमीन पर अवैध सांकेतिक कब्जा था, जिसकी शिकायत सरपंच सहित ग्रामीणों द्वारा प्रशासन और पुलिस से की गई थी। शिकायत मिलने के बाद मौके पर तहसीलदार अनुपम पाण्डेय सहित थाना प्रभारी सिरमौर दीपक तिवारी पहुंचे और स्कूल की सरकारी जमीन पर कब्जा कर रहे आदिवासी परिवारों को समझाइश देकर अतिक्रमण हटवाया गया। इस पूरे मामले को लेकर बताया गया कि शासकीय स्कूल की के खेल मैदान पर दो दिन पूर्व 40 से ज्यादा आदिवासी परिवारों द्वारा सांकेतिक कब्जा कर लिया गया था। जिसकी सूचना ग्राम पंचायत के सरपंच सहित स्थानीय लोगों द्वारा दी गई थी इसके बाद एसडीएम सिरमौर दृष्टि जायसवाल के निर्देश पर तहसीलदार अनुपम पाण्डेय थाना प्रभारी सिरमौर दीपक तिवारी मौके पर पहुंचे और सभी अतिक्रमण कारियों को समझाइश देकर स्कूल के खेल परिसर को खाली कराया है।

# लापता युवक की चार दिन बाद तालाब में मिली लाश

### नईगढ़ी थाना क्षेत्र के भीर गांव की घटना



**जागरण, रीवा।** नईगढ़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले भीर गांव में उस समय हड़कंप मच गया जब गांव में स्थित एक तालाब में ग्रामीणों ने एक उतराती हुई लाश देखी। गांव के बीच पानी से लबालब भरे तालाब में शव मिलने की जानकारी पूरे गांव में आग की तरह फैल गई। सूचना के बाद नईगढ़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जब तालाब में उतारती हुई लाश को बाहर निकाला गया तो मृतक की पहचान शिवम साकेत पिता द्वारिका प्रसाद साकेत उम्र 22 वर्ष निवासी भीर के रूप में की गई। बताया गया कि युवक 4 दिन से लापता था। पुलिस द्वारा मौके की वैधानिक कार्यवाही उपरांत मृतक के शव को पीएम के लिए नईगढ़ी भिजवाया गया। पुलिस मर्ग कायम कर पूरे मामले की जांच कर रही है। परिजनों ने पुलिस को जानकारी दी कि मृतक शिवम 4 दिन पूर्व घर से निकला था जिसके बाद से उसका कोई पता नहीं चला था। शनिवार को युवक की लाश तालाब में देखी गई। फिलहाल परिजनों ने युवक की हत्या की आशंका जताई है, जिसके बाद पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## 40 घंटे बाद तालाब से मिला युवक का शव



**जागरण, रीवा।** गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र के हर्दी शंकर गांव में नए साल के पहले दिन दोस्तों के साथ तालाब में मछली पकड़ने गया युवक तलाब के गहरे पानी में डूब गया था। गुरुवार से युवक की तलाश के लिए पुलिस सहित एसडीआरएफ के गोताखोर लगे हुए थे, जिसके बाद शनिवार की सुबह युवक के शव को तालाब से रेस्क्यू कर बाहर निकाला गया। करीब 40 घंटे से अधिक समय बाद मृतक का शव बाहर निकाला गया। हर्दी शंकर निवासी रोहित लोनिया 20 वर्ष अपने दोस्तों के साथ गांव के ही तालाब में मछली मारने गया था, अचानक युवक खुद तालाब में गिरकर गहरे पानी में समा गया। पुलिस ने मृतक के शव को पीएम के बाद परिजनों को सौंप दिया है, वहीं मर्ग कायम कर पूरी घटना की जांच की जा रही है।

# कोई कह रहा चीता, कोई बता रहा तेंदुआ

## वीडियो वायरल होने से लोगों में दहशत का माहौल



**जागरण, रीवा।** शहर में विगत कुछ दिनों से जंगली जानवर देखे जाने की अफवाह फैली हुई है। कोई इसे सही बता रहा है तो कोई वास्तविकता से परे बता रहा है। शनिवार को फिर से शहर के वार्ड 26 व 15 के मध्य बेलौहन टोला में तेंदुआ देखे जाने का वीडियो वायरल हुआ है, कुछ लोगों ने जंगली जानवर को देखे जाने का दावा भी किया है। जिससे उक्त क्षेत्र के रहवासियों में भय बना हुआ है। किसी ने इसे तेंदुआ बताया तो कोई चीता बता रहा है। वन विभाग को भी इसकी सूचना दी गई है, वन विभाग की टीम भी सर्चिंग में लगी हुई है, फिलहाल न तो तेंदुआ मिला है न ही कोई चीता। फिर भी लोग मारे डर के घरों से निकलने में कतरा रहे हैं।


**सूचना**

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरुरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।



**आवश्यकता है**

जी.एस. सिक्यूरिटी सर्विसेज को मुंबई महाराष्ट्र के लिए तत्काल सुरक्षाकर्मी की आवश्यकता है। वेतन 20000 रूपये प्रति माह + P.F. & ESIC + रहने के लिए रूम मिलेगा। योग्यता 10वीं पास, लम्बाई-5 फीट 10 इंच, इच्छुक उम्मीदवार मोबाइल- 8982149857, 8396010263 पर सम्पर्क करें। RN. GM Sir 7/1



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, म.प्र. लोक निर्माण विभाग, (भ./स.) सीधी संभाग सीधी**

Website-www.mppwd.gov.in/pwdmp, email-eepwdsidhi@mp.nic.in

नि सू क्र. 20/2025-26 सीधी, दिनांक 29.12.25

**निविदा आमंत्रण सूचना**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्न कार्यों हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा समस्त संसोधनों सहित के आधार पर, प्रपत्र 'अ' में निविदाकारों, जो केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली के तहत लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत हों, से आमंत्रित की जाती है:-

| ग्रुप क्र. | टेंडर आई.डी. | कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित राशि (रु.लाख में) | 1-अमानत राशि 2-नि. प्रपत्र का मूल्य | 1-निविदा आमंत्रण क्रमांक 2-कार्यवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_PWDRB_ 471138 | उपसंभाग मझौली अन्तर्गत सिलवार मड़वास मुख्य मार्ग से बगैहा टोला व्हाया श्री बबलू सिंह के घर तक पहुंचमार्ग लं.4.50 किमी.का निर्माण कार्य। लो.नि.वि.,सड़क एस.ओ.आर.11.04.2025 | 388.13 | 1. 388130 2. 15000 | 1. प्रथम आमंत्रण 2. 04 माह वर्षाकाल सहित |
| 2 | 2025_PWDRB_ 471139 | उपसंभाग मझौली अन्तर्गत सिरौला सहुआन बस्ती से खासाडोल जोगीपहाड़ी पटेल सिंह के घर तक नहर के बगल से पहुँचमार्ग लं.3.00 किमी. का निर्माण कार्य। लो.नि.वि.,सड़क एस.ओ.आर. 11.04.2025 | 253.93 | 1. 253930 2. 15000 | 1. प्रथम आमंत्रण 2. 04 माह वर्षाकाल सहित |
| 3 | 2025_PWDRB_ 471141 | उपसंभाग चुरहट अन्तर्गत आने वाले विभिन्न बी.टी.एवं सी. सी. मार्गों में एस.टी.एम.सी. कार्य। लो.नि.वि.,सड़क एस.ओ.आर. 11.04.2025 | 441.55 | 1. 441550 2. 15000 | 1. प्रथम आमंत्रण 2. 12 माह वर्षाकाल सहित |
| 4 | 2025_PWDRB_ 471142 | उपसंभाग मझौली अन्तर्गत आने वाले विभिन्न बी.टी. एवं सी.सी. मार्गों में एस.टी.एम.सी. कार्य। लो.नि.वि.,सड़क एस.ओ.आर. 11.04.2025 | 234.27 | 1. 234270 2. 15000 | 1. प्रथम आमंत्रण 2. 12 माह वर्षाकाल सहित |
| 5 | 2025_PWDRB_ 471143 | उपसंभाग सीधी अन्तर्गत आने वाले विभिन्न बी.टी. एवं सी.सी. मार्गों में एस.टी.एम.सी. कार्य। लो.नि.वि.,सड़क एस.ओ.आर. 11.04.2025 | 142.27 | 1. 142270 2. 12500 | 1. प्रथम आमंत्रण 2. 12 माह वर्षाकाल सहित |
| | | योग :- | 1460.15 | | |

1. ऑन लाइन पोर्टल http://mptenders.gov.in के माध्यम से निविदा प्रपत्र क्रय करने, डाउनलोड एवं निविदा डालने का समय एवं दिनांक 05.01.2026 सुबह 10.00 से 21.01.2026 शाम 6.00 तक है।
2. अमानत राशि, केन्द्रीयकृत पी.डब्लू.डी. पंजीयन, शपथ पत्र, जी. एस. टी. एन. एवं अन्य तकनीकी विड से संबंधित अभिलेख (लिफाफा-अ,एवं ब), स.क्र. 01 से 04 हेतु सिर्फ ऑनलाइन अपलोड किये जा सकते है।
3. निविदा से संबंधित सशोधन, समय परिवर्तन आदि की सूचना केवल बेवसाइट के माध्यम से दी जावेगी।
4. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट पर देखा जा सकता है।
5. म.प्र. शासन राज्य पत्र दिनांक 09.09.2025 के अनुसार शपथ पत्र रू. 50 के स्थान पर रू. 200.00 के स्टाम्प पर प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

(एम.के.परते)
कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि., संभाग सीधी (म.प्र.)

G-23795/25



**कार्यालय वन मण्डलाधिकारी अनूपपुर वनमण्डल**
**जिला- अनूपपुर 484224 (म.प्र.)**

PHONE -07659-222038 MAIL-dfotanppur@mp.gov.in

क्रमांक/भण्डार/2025/7191 अनूपपुर दिनॉक 30/12/2025

**ई-निविदा प्रेस विज्ञप्ति सूचना**

वन मण्डल अनूपपुर अंतर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृति की प्रत्याशा में वन मण्डल अनूपपुर अंतर्गत भवन निर्माण कार्य में लगने वाली सामग्री की आवश्यकता होने से क्रय किया जाना है, विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | सामग्री का नाम | इकाई (Unit) | मात्रा |
|---|---|---|---|
| (A) | भवन निर्माण सामग्री | | |
| 1 | कलर कोटेड प्रोफाइल शीट 0.18-1.2 mm | प्रति वर्गफिट | आवश्यकतानुसार |
| 2 | चोरस पाईप 2 x 1 inch | किलोग्राम | |
| 3 | ग्रेनाईट स्टोन | प्रति वर्गफिट | |
| 4 | रेड सेंड स्टोन | प्रति वर्गफिट | |
| 5 | कोटा अल्मारी स्टोन | प्रति वर्गफिट | 30/12/2025 |
| (B) | सेनेटरी सामग्री | | |
| 1 | Indian Sheet 20" (ISI Standard) | नग में | आवश्यकतानुसार |
| 2 | Western Sheet (ISI Standard) | नग में | |
| 3 | Wash Basin (ISI Standard) | नग में | |
| 4 | Cink 24x18 (ISI Standard) | नग में | |
| 5 | Pipe 110 mm 3 mtr (ISI Standard) | प्रति वर्गफिट | |
| 6 | Pipe 75mm 3 mtr (ISI Standard) | प्रति वर्गफिट | |
| 7 | Elbow 110 mm (ISI Standard) | नग में | |
| 8 | T 110 mm (ISI Standard) | नग में | |
| 9 | Elbow 75 mm (ISI Standard) | नग में | |
| 10 | T 75 mm (ISI Standard) | नग में | |
| 11 | Pipe 1" UPVC (ISI Standard) | प्रति वर्गफिट | |
| 12 | Pipe 1" CPVC (ISI Standard) | प्रति वर्गफिट | |
| 13 | Pipe 3/4" UPVC (ISI Standard) | प्रति वर्गफिट | |
| 14 | Pipe 1/2" CPVC (ISI Standard) | प्रति वर्गफिट | |
| 15 | Pipe 3/4" CPVC (ISI Standard) | प्रति वर्गफिट | |
| 16 | Pipe 1/2" UPVC (ISI Standard) | प्रति वर्गफिट | |
| 17 | Elbow 1" (ISI Standard) | नग में | |
| 18 | T 1" (ISI Standard) | नग में | |
| 19 | T 1x1/2" (ISI Standard) | नग में | |
| 20 | Elbow ½" (ISI Standard) | नग में | |
| 21 | T ½" (ISI Standard) | नग में | |
| 22 | Elbow ½" Brass (ISI Standard) | नग में | |
| 23 | Elbow ¾" (ISI Standard) | नग में | |
| 24 | Water tank (ISI Standard) | प्रति लीटर | |
| 25 | एल्यूमीनियम सेक्शन 02 ट्रेक | प्रति वर्गफिट | |
| 26 | एल्यूमीनियम सेक्शन 03 ट्रेक | प्रति वर्गफिट | |
| 27 | पी-टेप | नग में | |
| 28 | ओ.पी. पेन | नग में | |
| (C) | विद्युत सामग्री | | |
| 1 | 7x4 board (PVC) (ISI Standard) | नग में | आवश्यकतानुसार |
| 2 | 4x4 board (PVC) (ISI Standard) | नग में | |
| 3 | Holder A+B (ISI Standard) | नग में | |
| 4 | Celling Fan 48" (ISI Standard) | नग में | |
| 5 | LED Tubelight (ISI Standard) | नग में | |
| 6 | Modular Switch (ISI Standard) | नग में | |
| 7 | 5 Pin Socket (ISI Standard) | नग में | |
| 8 | 16A Switch (ISI Standard) | नग में | |
| 9 | 16A Socket (ISI Standard) | नग में | |
| 10 | Regulator 2 mod (ISI Standard) | नग में | |
| 12 | Wire 1.5mm (ISI Standard) | फीट में | |
| 13 | Wire 2.5 mm (ISI Standard) | फीट में | |
| 14 | Pipe 25mm (ISI Standard) | फीट में | |
| 15 | Pipe 25Hid (ISI Standard) | फीट में | |
| 16 | Street Light LED 50w (ISI Standard) | नग में | |
| 17 | 16/32 A Single MCM (ISI Standard) | नग में | |
| 18 | 32A Double Pole (ISI Standard) | नग में | |
| 19 | 2 Core Cable 6mm (ISI Standard) | फीट में | |
| 20 | LT Cable 25mm (ISI Standard) | फीट में | |
| 21 | Service Cable 8mm (ISI Standard) | फीट में | |
| 22 | Three phase Conection box (ISI Standard) | नग में | |
| 23 | LED Penel light 15w/5w/9w/12w (ISI Standard) | नग में | |
| 24 | COB LED 3w (ISI Standard) | नग में | |
| (D) | पोताई सामग्री | | |
| 1 | व्हाईट सीमेंट | किलोग्राम में | आवश्यकतानुसार |
| 2 | डिस्टेम्पर | किलोग्राम में | |
| 3 | इमलसन पेंट | लीटर में | |
| 4 | तारपिन ऑयल | लीटर में | |
| 5 | ब्रश 2" | नग में | |
| 6 | ब्रश 4" | नग में | |
| 7 | ब्रश 6" | नग में | |
| 8 | ब्रश रोलर | नग में | |
| 9 | वाल पुट्टी | किलोग्राम | |
| 10 | आक्साईड कलर | लीटर में | |
| 11 | थिनर | लीटर में | |
| 12 | प्राईमर | लीटर में | |

ऊपर दी गई समस्त सामग्री हेतु प्रदायकर्ताओं से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा संबंधित दस्तावेज website- www.mptenders.gov.in पर प्रकाशन दिनांक 31.12.2025 से दिनांक 14.01.2026 को समय 01.00 PM बजे तक देखे जा सकते हैं।

| विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|
| Tender Publishing Date & Time | Date 31/12/2025 Time 11:00 AM | निविदा आनलाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट https://mptender.gov.in प्रदर्शित है। |
| Tender Sale Start Date & Time | Date 31/12/2025 Time 11:00 AM | |
| Pre Bid Meeting Date | Date .............. Time ............. AM | |
| Bid Submission Start Date & Time | Date 31/12/2025 Time 11:00 AM | |
| Bid Submission closing Date & Time | Date 14/01/2026 Time 01:00 PM | |
| Bid Opening Date & Time | Date 15/01/2026 Time 03:00 PM | |

निविदादाता निविदा की सूचना एवं सामग्रियों के विस्तृत विवरण हेतु एवं अन्य संबंधित जानकारी वेबसाईट https://mptenders.gov.in एवं विभाग की वेबसाईट https://mpforest.gov.in पर देख सकते है।

G- 23810/25

वन मण्डलाधिकारी
वन मण्डल अनूपपुर

# महिलाओं के कारण सुरक्षित है धर्म: डॉ. भागवत

## संघ के मातृशक्ति संवाद में महिलाओं की भूमिका पर विस्तार से चर्चा, महिलाओं को घर तक सीमित रखने का समय गया

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्त्री शक्ति संवाद को संबोधित करते हुए सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि जब हम सभ्य समाज की बात करते हैं तो उसमें महिलाओं की भूमिका स्वतः ही केंद्रीय हो जाती है। हमारा धर्म, हमारी संस्कृति और हमारी सामाजिक व्यवस्था महिलाओं के कारण ही सुरक्षित है। अब वह समय चला गया जब महिलाओं को केवल सुरक्षा की दृष्टि से घर तक सीमित रखा जाता था। आज परिवार और समाज दोनों को स्त्री और पुरुष मिलकर आगे बढ़ाते हैं, इसलिए दोनों का प्रबोधन आवश्यक है। उन्होंने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण, उन्हें अवसर देना और उनका वैचारिक प्रबोधन आज की आवश्यकता है। यह प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है और समाज के हर क्षेत्र में महिलाएं आगे बढ़ रही हैं, लेकिन इसे और अधिक सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता है।



### लव जिहाद रोकने के प्रयास अपने घर से होने चाहिए

डॉ. भागवत ने कहा कि लव जिहाद रोकने के प्रयास सबसे पहले हमारे अपने घरों और परिवारों से शुरू होने चाहिए। यह विचार करना होगा कि हमारे परिवार की बेटी किसी अपरिचित के बहकावे में कैसे आ गई। उन्होंने इसका एक बड़ा कारण आपसी संवाद की कमी को बताया। जब परिवार में नियमित संवाद होगा तो धर्म, संस्कृति और परंपरा के प्रति गौरव स्वाभाविक रूप से विकसित होगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए तीन स्तरों पर प्रयास आवश्यक हैं।

### मातृत्व हमारे संस्कारों का मूल

डॉ. भागवत ने कहा कि स्वामी विवेकानंद कहते थे कि पश्चिमी समाज में महिला का स्थान विवाह के बाद तय होता है, जबकि भारतीय परंपरा में महिला का स्थान मातृत्व से और अधिक ऊंचा हो जाता है। मातृत्व हमारे संस्कारों का मूल है। डॉ.भागवत ने कहा कि आधुनिकता की आड़ में जो पश्चिमीकरण थोपा जा रहा है, वह एक अंधी दौड़ है। इसलिए यह अत्यंत आवश्यक है कि हम बचपन से बच्चों को क्या संस्कार दे रहे हैं, इस पर गंभीरता से विचार करें। महिलाओं को आत्मसंरक्षण के लिए सक्षम बनना चाहिए, क्योंकि हमारी परंपरा महिलाओं को सीमित नहीं बल्कि सशक्त और असाधारण बनाती है।

### कुटुंब व्यवस्था में महिलाओं की भूमिका निर्णायक

कुटुंब व्यवस्था पर बोलते हुए सरसंघचालक ने कहा कि परिवार में मुख्य भूमिका महिलाओं की होती है, क्योंकि वही पालनकर्ता और सृजनकर्ता है। उन्होंने कहा कि परंपरागत रूप से कमाई और सीमित समय की सुरक्षा पुरुष का कार्य रहा, लेकिन परिवार को संपूर्ण रूप से संभालने का कार्य महिलाओं ने ही किया है। कुटुंब में संतुलन, संवेदना और व्यवस्था बनाए रखने की दृष्टि मुख्य रूप से महिला की होती है। इसलिए कुटुंब व्यवस्था को प्रभावी बनाने में महिलाओं की भूमिका निर्णायक है और समाज के अन्य सदस्यों को इसमें सहयोगी बनना है। डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि गुलामी का दौर समाप्त हो चुका है और अब भारत मानसिक दासता से भी बाहर निकल रहा है। विश्व आज भारत की ओर देख रहा है और भारत उस भूमिका के लिए स्वयं को तैयार कर रहा है। उन्होंने कहा कि देश की लगभग 50 प्रतिशत आबादी महिलाएं हैं। बड़ी संख्या में महिलाएं समाज और राष्ट्र के लिए कार्य कर रही हैं, लेकिन अभी भी बहुत सी महिलाएं इस प्रक्रिया से जुड़ी नहीं हैं।

### समाज को चलाने के लिए सद्भावना जरूरी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख डॉ मोहन भागवत ने कहा कि समाज में भ्रम फैलाकर जनजातीय और अन्य वर्गों को यह कहकर तोड़ने का प्रयास किया गया कि वे अलग हैं, जबकि सच्चाई यह है कि हजारों वर्षों से अखंड भारत में रहने वाले सभी लोगों का डीएनए एक है। कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में शनिवार को आयोजित सामाजिक सद्भाव बैठक को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा कि सामाजिक सद्भाव कोई नई अवधारणा नहीं है, बल्कि यह हमारे समाज का स्वभाव रहा है। समाज में सज्जन शक्ति का जागरण, आचरण में पंच परिवर्तन और निरंतर सद्भावना संवाद आज की अनिवार्य आवश्यकता है। समाज शब्द का अर्थ ही समान गंतव्य की ओर बढ़ने वाला समूह है। भारतीय समाज की कल्पना सदैव ऐसी रही है जिसमें जीवन भौतिक और आध्यात्मिक दोनों दृष्टियों से सुखी हो। ऋषि-मुनियों ने यह समझा कि अस्तित्व एक है, केवल देखने की दृष्टि अलग-अलग है। उनकी तपस्या और साधना से ही राष्ट्र का निर्माण हुआ और हमारी सांस्कृतिक नींव है। उन्होंने कहा कि कानून समाज को नियंत्रित कर सकता है, लेकिन समाज को चलाने और जोड़कर रखने का कार्य सद्भावना ही करती है। बैठक में मौजूद कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि सभी समाज अपने स्तर पर कार्य कर रहे हैं, लेकिन यह प्रश्न भी आवश्यक है कि हमने राष्ट्र के लिए क्या किया और राष्ट्र को क्या दिया। उन्होंने कहा कि संघ और शिव के भाव में अद्भुत समानता है। जैसे शिव ने समस्त सृष्टि के लिए विष पिया, वैसे ही संघ प्रतिदिन आरोपों का विष पीकर भी संयम और राष्ट्रहित में कार्य करता है। धर्मांतरण को उन्होंने केवल वर्तमान पीढ़ी ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी प्रभावित करने वाला गंभीर षड्यंत्र बताया और इसके प्रति समाज को सजग रहने का आह्वान किया।

## संक्षिप्त खबरें

### मांगों को लेकर 15 को कर्मचारी करेंगे आंदोलन

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ प्रदेश कार्य समिति की बैठक में दिल्ली से आए राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश के पदाधिकारी ने कर्मचारी हितों को लेकर अपने विचार रखे। तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के महामंत्री उमाशंकर तिवारी ने बताया कि तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ की प्रदेश कार्य समिति की बैठक कर्मचारी भवन में हुई। इसमें नई दिल्ली से अखिल भारतीय राज्य कर्मचारी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लांबा, तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष अतुल मिश्रा, राष्ट्रीय सचिव वीरेंद्र सिंह बघेल, संरक्षक लक्ष्मी नारायण केलाशिया, कार्यकारी व भोपाल जिला अध्यक्ष मोहन अय्यर, महामंत्री उमाशंकर तिवारी, शिव शंकर रजक, विजय रघुवंशी, मुकेश खरे सहित सभी नेताओं ने आने वाले समय में कर्मचारी हित में आंदोलन की रणनीति लेकर जिला अध्यक्ष प्रदेश पदाधिकारी के साथ चर्चा की। इस दौरान कर्मचारियों को विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन की रणनीति बनाई गई। आंदोलन 15 जनवरी को मंत्रालय के समक्ष होगा। कर्मचारियों की मांगों में केंद्र के समान केंद्रीय तिथि से महंगाई भत्ता और राहत प्रदान करने सहित अन्य मांगे शामिल हैं।

### राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा रायफल शूटिंग प्रतियोगिता 5 से

**जागरण, भोपाल।** स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह 69वीं राष्ट्रीय स्तरीय शालेय क्रीडा रायफल शूटिंग प्रतियोगिता 2025-26 का शासकीय सुभाष उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 5 जनवरी को दोपहर 2 बजे शुभारंभ करेंगे। प्रतियोगिता का आयोजन 5 से 9 जनवरी तक होगा। समारोह में भोपाल नगर निगम महापौर मालती राय भी उपस्थित रहेंगी। शालेय क्रीडा रायफल शूटिंग प्रतियोगिता में 14 से 19 आयु वर्ग के बालक-बालिका भाग लेंगे। प्रतियोगिता का आयोजन लोक शिक्षण, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम में लोक शिक्षण, स्कूल शिक्षा आयुक्त, शिक्षक और छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहेंगे।

### ईसीआई मीडिया अवॉर्ड-2025 के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित

**भोपाल।** भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने वर्ष 2025 में बेस्ट कैम्पेन ऑफ वोटर्स, एजुकेशन एंड अवेयरनेस कार्यक्रम चलाने वाले मीडिया संस्थानों के लिये 4 श्रेणियों में पुरस्कार देने का निर्णय लिया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक (टेलीविजन) मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक (रेडियो) मीडिया और ऑनलाइन (इंटरनेट)/सोशल मीडिया श्रेणी में वर्ष 2025 में उत्कृष्ट योगदान देने वालों को पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे। प्रविष्टियां 7 जनवरी, 2026 तक आमंत्रित की गई हैं।

# नकली खाद पर दिग्विजय सिंह का मुख्यमंत्री को पत्र

## निर्माता कंपनी को ब्लैकलिस्ट कर एफआईआर की मांग

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** राज्यसभा सांसद एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने राजग? जिले में नकली खाद बेचे जाने के मामले में कृषि विभाग पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।



उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को पत्र लिखकर कहा है कि उनके गृह जिले में खाद की कालबाजारी की जा रही है और सिंगल सुपर फास्फेट में भारी मात्रा में रेत मिली हुई पाई गई है, जिससे फसलों को गंभीर नुकसान की आशंका है। उन्होंने इस संबंध में कृषि विभाग के द्वारा खाद विक्रेता पर कराई गई एफआईआर को नाकाफी बताते हुए इस खाद की सप्लाई करने वाली कंपनी पर भी सख्त कारर्रवाई की मांग उठाई है। उन्होंने इस मामले में विभाग द्वारा धीमी गति से की जा रही कार्रवाई पर भी सवाल खड़े करते हुए सीएम से इस मामले पर संज्ञान लेने का आग्रह किया है। उनूहोंने नकली खाद खरीदने वाले किसानों को मुआवजा देने की भी मांग सीएम से की है।

### कोरामंडल कंपनी से हुई थी सप्लाई

जांच के दौरान कृशि विभाग के अधिकारियों ने पाया कि न केवल किसानों को खाद अधिक कीमत पर बेची गई थी, बल्कि इसके नूमने जबलपुर स्थित फर्टिलाइजर क्वालिटी कंट्रोल लेबोरेटरी द्वारा अपनी जांच रिपोर्ट में अमानक घोषित किए गए हैं। दिग्विजय सिंह ने आरोप लगाया कि रिपोर्ट में सुपर फास्फेट खाद में नाइट्रोजन, फास्फोरस एवं पोटैशियम की मात्रा अत्यंत कम पाए जाने के बाद भी अब तक खाद की गुणवत्ता को लेकर कोई नई एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। पूर्व सीएम ने अब मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में मांग उठाई है कि खाद का यह स्टॉक भोपाल की कंपनी कोरामंडल इंटरनेशनल लिमिटेड से खरीदी गई थी। उन्होंने मांग की कि इस मामले में खाद निर्माता कोरामंडल इंटरनेशनल लिमिटेड के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज करते हुए कंपनी के साथ किया गया सरकारी अनुबंध निरस्त किया जाए और कंपनी को ब्लैकलिस्ट किया जाए।

### चक्काजाम हटाने पहुंची खरगोन पुलिस ने लोगों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

**जागरण, खरगोन।** जिले में आदिवासी समाज के चक्काजाम को हटाने के लिए पहुंची पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को न सिर्फ डंडों से पीटा बल्कि हिरासत में लिए गए युवकों को गाड़ी के गेट पर पटककर उन्हें अंदर ठूंसा। पुलिस की इस कार्रवाई में कई लोग घायल हो गए, जबकि 4 से 5 लोगों को हिरासत में लिया गया है। दरअसल घटना शनिवार दोपहर चित्तौड़गढ़-भुसावल हाईवे की है। जब आदिवासी समाज के युवक के घायल होने के मामले में करीब 100 लोग इलाज खर्च और 15 लाख रुपए मुआवजे की मांग को लेकर चक्काजाम कर रहे थे। प्रदर्शन करीब 45 मिनट तक चला, जिससे हाईवे पर यातायात पूरी तरह ठप हो गया। इसके बाद यहां पहुंची पुलिस के रौद्र रूप देखने को मिला। आक्रोशित भीड़ ने एक यात्री बस पर भी पथराव की कोशिश की, जिससे मौके पर तनाव बढ़ गया। प्रदर्शन के दौरान लोग शासकीय शराब दुकान परिसर तक पहुंच गए। परिजनों ने शराब ठेकेदार के कर्मचारियों पर टक्कर मारने का आरोप लगाते हुए पथराव की कोशिश की। सूचना मिलने पर एसडीओपी रोहित लखारे और कोतवाली थाना प्रभारी बीएल मंडलोई पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। चक्काजाम हटाने के लिए पहले समझाइश दी गई, लेकिन हालात बिगड़ने पर नियमानुसार हल्का बल प्रयोग करना पड़ा।

### जबलपुर में हंगामा: भीड़ से छुड़ाकर पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में लिया

# होटल के सामने गाली-गलौज को लेकर दो पक्ष भिड़े, पुलिस ने खदेड़ा

**जागरण, जबलपुर।** शहर के कोतवाली थाना इलाके में स्थित बड़कुल होटल के सामने गाली-गलौज को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। इसके बाद बड़ी संख्या में जैन समाज के सैकड़ों लोग सड़कों पर उतर आए। आधी रात तक हंगामा चला। घटना की सूचना मिलते ही 8-10 थानों का स्टाफ बड़ा फुहारा पहुंचा और भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठियां भांजी। विवाद में कुछ पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं। स्थानीय रहवासी राजकुमार जैन रात को बड़कुल स्वीट्स पहुंचे थे। इस दौरान यहां मौजूद मैनेजर रोहित राजपूत से उनकी कहासुनी हो गई। राजकुमार का आरोप है कि इस दौरान पहले उनके साथ गाली-गलौज की गई। विवाद बढ़ने पर मैनेजर रोहित ने किसी को फोन कर किया, जिसके बाद उसके साथी बेसबॉल के बैट लेकर मौके पर पहुंचे और उनके साथ मारपीट की। मारपीट की खबर लगते ही जैन समाज के सैकड़ों लोग मौके पर पहुंचे और मैनेजर रोहित राजपूत के साथियों पर टूट पड़े। अपनी जान बचाने युवक दुकान में घुस गए।



### समाज को लेकर अपशब्द कहने से फूटा गुस्सा

राजकुमार का आरोप है कि मारपीट के दौरान समाज विशेष के खिलाफ अपशब्द कहे गए, जिससे जैन समाज में भारी आक्रोश फैल गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दो आरोपियों को भीड़ से छुड़ाकर हिरासत में लिया और थाने ले गई। एक अन्य आरोपी बड़कुल स्वीट्स के अंदर छिप गया था, जिसे बाहर निकालने भीड़ अंदर घुसने लगी तो पुलिस ने रोका। विवाद और बढ़ गया, लिहाजा पुलिस ने लाठी चार्ज कर दिया। अगर पुलिस आरोपियों को छुड़ाकर थाने नहीं ले जाती तो बड़ी घटना हो सकती थी।

### तत्काल गिरफ्तारी की मांग करते भीड़ हुई उग्र

देर रात करीब 1 बजे जैन समाज के लोग कमानिया गेट पर जमा हो गए। भीड़ आरोपी को फौरन गिरफ्तार करने की मांग करते हुए उग्र हो गई। पुलिस ने पहले समझाइश देकर शांति बनाए रखने का प्रयास किया, लेकिन भीड़ ने एक युवक से मारपीट शुरू कर दी। हालात को काबू में करने के लिए पुलिस को लाठी चार्ज करना पड़ा। मौके पर भगदड़ के हालात बन गए। कुछ लोग घायल हुए, पुलिसकर्मियों को भी चोट लगी है। हंगामा बढ़ता देख मौके पर दो एडिशनल एसपी, चार सीएसपी सहित 8 से अधिक थानों और पुलिस लाइन से भी अतिरिक्त बल लगाया गया।

**दो लोग गिरफ्तार** राजकुमार जैन की शिकायत पर तीन लोग अतुल पटेल, रोहित राजपूत और सचिन के खिलाफ मामला केस दर्ज कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

# परीक्षा में चयनित अभ्यार्थियों की नहीं हो सकी पदस्थापना

## एक माह से मंत्रालय में धूल खा रही फाइल

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** स्कूल शिक्षा विभाग एक माह में राज्य शिक्षा केंद्र की डीपीसी (जिला परियोजना समन्वयक) परीक्षा से चयनित अभ्यार्थियों की पदस्थापना नहीं कर सका है। चयन परीक्षा में एक हजार 300 उम्मीदवार शामिल हुए थे। इनमे सें दस ही चयनित हुए हैं। उनकी पदस्थापना की फाइल एक माह से मंत्रालय में धूल खा रही है। परीक्षाएं नजदीक होने के कारण उक्त अधिकारियों की जिलों में काफी आवश्यकता है। राज्य शिक्षा केंद्र के अधिकारियों का कहना है कि कि लोक शिक्षण संचालनालय से एनओसी जारी नहीं होने के कारण पदस्थापना अटकी हुई है। प्रदेश में 40 जिलों में जिला शिक्षा केंद्रों डीपीसी नहीं हैं। उनके स्थान पर उच्च माध्यमिक शिक्षा, हायर सैकेण्डरी और हाईस्कूलों के प्राचार्य प्रभार में बने हुए हैं। अधिकांश जिलो में प्राचार्य और शिक्षक अपने स्कूल के साथ डीपीसी की जिम्मेदारी तक निभा रहे हैं। राज्य शिक्षा केंद्र ने सितम्बर में डीपीसी की परीक्षा कराई थी। परीक्षा में व्याख्याता, उमावि शिक्षक और प्राचार्य ही शामिल किए गए थे। एक्सीलेंस स्कूल में आयोजित चयन परीक्षा में होने डेढ हजार उम्मीदवारों में से एक हजार 300 उम्मीदवार ही शामिल हो सके थे। इसके बाद केंद्र ने तीन दर्जन उम्मीदवारों को साक्षात्कार में बुलाया था, लेकिन बिहार चुनाव की आड लेकर चयन प्रक्रिया को रोक दिया गया। बिहार की चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद साक्षात्कार कराए गा। लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण 36 में से साक्षात्कार में महज 10 ही उम्मीदवार नवंबर में चयनित हुए थे। चयन हुए एक माह से ज्यादा का समय बीत गया है, लेकिन उम्मीदवारों की पदस्थापना जिलों में नहीं हो सकी है।

### कांग्रेस का प्रदर्शन



पुलिस और कांग्रेसियों की झड़प, छीना पुतला – ग्वालियर में अंबेडकर की फोटो जलाने के विरोध में शनिवार को सीएम हाउस का घेराव करने जा रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं की पुलिस से झड़प हुई। कांग्रेस अनुसूचित जाति विंग के कार्यकर्ता जैस ही प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में बैठक करने के बाद पीसीसी से बाहर निकले तो पुलिस ने रेडक्रॉस हॉस्पिटल के सामने बैरिकेड लगाकर उन्हें रोक दिया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं की सुरक्षाबलों से झड़प हुई और सभी धरने पर बैठकर नारेबाजी करने लगे। इसी बीच तीन-चार कार्यकर्ता सीएम का पुतला लेकर सड़क पर ही जलाने के लिए ले आए। मौके पर सिविल ड्रेस में मौजूद पुलिसकर्मी ने पुतला छीन लिया।

# भोपाल आने वाले शिक्षकों के ठहरने के लिए एक शिक्षक ने बनाया अतिथि गृह

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** प्रदेश के शिक्षकों को शिक्षक सदन में आवास की सुविधा नहीं मिल रही है। प्रदेश भर से शिक्षक भोपाल आते हैं। उन्हें ठहरने के लिए काफी मशक्कत करनी होती है। इस समस्या को देखते हुए भोपाल के प्राथमिक शाला के शिक्षक राकेश पटेल ने अपनी ही जमीन पर अतिथि गृह तैयार कर दिया है।

यहां शिक्षकों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था की गई है, जो पूर्णरूप से निशुल्क है। शिक्षक राकेश पटेल का कहना है कि सूबे में करीब दो लाख 84 हजार शिक्षक और कर्मचारी हैं, जो शासकीय और निजी कार्यों के लिए भोपाल आते रहते हैं। उनके पास ठहरने की कोई उचित व्यवस्था नहीं होने पर उन्हें आसरा तलाशना पड़ता है। ऐसे शिक्षकों के लिए अब तक रेस्ट हाउस या अन्य प्रकार की ठहरने की उचित व्यवस्था शासन की तरफ से नहीं की गई है। शिक्षक और कर्मचारियों की समस्या को देखते हुए भोपाल के नजीदक एक अतिथि गृह की व्यवस्था की गई है। इस अतिथि गृह में किचन, शौचालय, स्वच्छ पेयजल तथा ई-ऑटो परिवहन सहित कई सुविधाएं जोड़ी गई हैं। इससे दूर-दराज से आने वाले शिक्षकों को सुरक्षित, सम्मानजनक और निशुल्क आसरा मिल सके। अभी यहां अशोकनगर जिले से आये शिक्षकों में कृष्ण भान सिंह यादव, रामवीर सिंह चंदेल, रणवीर सिंह रघुवंशी, सत्तार खान और नीलम तिगरी अतिथि गृह में ठहरे हैं। यहां उन्हें सभी सुविधाएं मिल रही हैं। वरिष्ठ शिक्षक राकेश पटेल ने बताया कि उनकी 29 वर्षों की सेवा पूर्ण हो चुकी है और अब शेष सेवा अवधि तथा सेवानिवृत्ति के बाद भी शिक्षक समाज की सेवा के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहेंगे।

**प्रदेशभर के शिक्षकों की परेशानी को देखते हुए उठाया कदम, निशुल्क रहेगी व्यवस्था**

### बैठक

## प्रदेश में हुआ देश की राज्य स्तरीय ड्रोन डेटा रिपोजटिरी का शुभारंभ

# ड्रोन एवं जियोस्पेशियल इकोसिस्टम में मप्र अग्रणी: सीएम

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देते हुए प्रदेश में देश की पहली राज्य-स्तरीय ड्रोन डेटा रिपोजटिरी (डीडीआर) शुरू की गई है। इससे मध्यप्रदेश भारत के ड्रोन एवं भू-स्थानिक इकोसिस्टम में अग्रणी राज्य बन गया है। यह पहल प्रदेश में गवर्नेंस को पूर्णतः डिजिटल बनाने की राज्य सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह तकनीक शासन की प्रक्रियाओं को सुगम, सुदृढ़ और पारदर्शी बनाती है। विभागों के बीच ड्रोन-आधारित इंटेलिजेंस को संस्थागत रूप देकर प्रदेश एक अधिक कनेक्टेड, पारदर्शी और भविष्य के लिए तैयार प्रशासनिक ढांचे की ओर तेजी से अग्रसर है। डीडीआर का शुभारंभ 'एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2.0' के अवसर पर किया गया था। इसे राष्ट्रीय भू-स्थानिक नीति 2022 तथा डीजीसीए के यूएएस नियम 2021 के अनुरूप विकसित किया गया है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत मध्यप्रदेश स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एमपीएसईडीसी) द्वारा विकसित यह रिपोज़िटरी फ्यूचर-रेडी डिजिटल गवर्नेंस की एक सुदृढ़ आधारशिला सिद्ध होगी।



### एकीकृत, सुरक्षित और पारस्परिक रूप से सक्षम भू-स्थानिक प्लेटफॉर्म

डीडीआर एक केंद्रीकृत, क्लाउड-आधारित, सुरक्षित और इंटर-ऑपरेबल डिजिटल अवसंरचना है। इससे भू-स्थानिक प्रशासन के भविष्य का आधार तैयार होता है। इसमें उच्च गुणवत्ता वाले ड्रोन डेटा संग्रहित किए जा रहे हैं। इस डेटाबेस में उच्च-रिज़ॉल्यूशन ऑर्थोमोजाइक, 3ष्ठ टेरेन मॉडल, लिडार स्कैन, वीडियो इमेजरी, लिगेसी बेसलाइन डेटा और बहु-विभागीय सर्वेक्षण रिकॉर्ड शामिल किये जाते हैं।

### डेटा दोहराव में कमी और दक्षता में वृद्धि

प्रदेश में पहली बार सभी विभागों के ड्रोन सर्वे डेटा को एक ही प्लेटफॉर्म पर समेकित किया है। इसके परिणामस्वरूप ड्रोन सर्वेक्षणों के दोहराव में 30-50न्न तक कमी आई है। डेटा पारदर्शिता में वृद्धि, विभागीय सहयोग में सुधार,फील्ड-वेरिफिकेशन में सटीकता और निर्णय लेने की गति में अत्यधिक बढ़ोतरी संभव हुई है। अब विभाग स्थान, परियोजना, मेटाडाटा, विषय या उद्देश्य के आधार पर आसानी से आवश्यक भू-स्थानिक डेटा खोज सकते हैं।

### अटल प्रोग्रेस-वे परियोजना से चंबल क्षेत्र के विकास को मिलेगी गति

मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास में सड़कों की महत्वपूर्ण भूमिका है। अटल प्रोग्रेस-वे परियोजना से प्रदेश के चंबल क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। इस मार्ग से मुरैना, श्योपुर और भिंड जिले, राजस्थान से निकल रहे दिल्ली-वदोदरा एक्सप्रेस-वे और उत्तर प्रदेश के आगरा-लखनऊ हाईवे से जुड़ेंगे। इससे क्षेत्र की कोटा, मुंबई, कानपुर, लखनऊ, आगरा और दिल्ली से कनेक्टिविटी बढ़ेगी तथा यात्रा का समय कम होगा। परिणामस्वरूप क्षेत्र में औद्योगिक गतिविधियों, व्यापार-व्यवसाय, पर्यटन और आवागमन को प्रोत्साहन मिलेगा। किसानों और क्षेत्रीय निवासियों की सहमति और संतुष्टि अनुसार भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया कर परियोजना को जल्द से जल्द पूर्ण किया जाए। यह निर्देश अटल प्रोग्रेस-वे परियोजना की मुख्यमंत्री निवास में हुई बैठक में दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पेंच राष्ट्रीय उद्यान-कान्हा टाइगर रिजर्व-बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व और पन्ना राष्ट्रीय उद्यान को जोड़ने वाले मार्ग को टाइगर टूरिज्म कॉरीडोर के रूप में विकसित किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 625 किमी लंबे इस मार्ग से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की मंशानुसार वाइल्ड लाइफ टूरिज्म को प्रोत्साहित करने में मदद मिलेगी।

### प्रथम पेज की खबर का शेष ..

**वेनेजुएला की ...**

उनका दावा है कि मादुरो और उनके करीबी अमेरिका में अवैध नशीले पदार्थों की सप्लाई में शामिल रहे हैं। इसी आधार पर उन पर ड्रग तस्करी और हथियारों से जुड़े गंभीर आपराधिक मामले दर्ज किए गए हैं।

**सड़कों पर आए वेनेजुएलावासी:** मादुरो की गिरफ्तारी की खबर के बाद चिली के सैंटियागो समेत कई देशों में रह रहे वेनेजुएलावासी सड़कों पर उतर आए और जश्न मनाया। वहीं, काराकस में माहौल ज्यादा शांत और तनावपूर्ण रहा।

रूस-चीन ने कहा सशस्त्र हमला ईरान बोला- यह खुली डकैती

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस हमले का तीखा विरोध दर्ज किया गया है। लैटिन अमेरिकी देशों ने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। वहीं क्यूबा ने अमेरिकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे 'स्टेट टेररिज्म' बताया और कहा कि किसी देश को दूसरे संप्रभु राष्ट्र पर हमला करने का अधिकार नहीं है। रूस और चीन ने भी इसे सशस्त्र हमला करार दिया और सभी पक्षों से संयम बरतने की अपील की। ईरान ने इस हमले को 'खुली डकैती और अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद' करार दिया है।

**मुकदमे की तैयारी:** जानकारी के मुताबिक, मादुरो को न्यूयॉर्क ले जाया गया है। जहां मैनहैटन की फेडरल कोर्ट में उन पर मुकदमा चलेगा। संभावना है कि उन्हें ब्रूकलिन के मेट्रोपॉलिटन डिटेंशन सेंटर में रखा जाएगा। मादुरो की पत्नी पर भी आपराधिक आरोप लगाए जाएंगे, हालांकि आरोपों का ब्योरा सार्वजनिक नहीं किया गया। जानकारी के मुताबिक, मादुरो पर 'नार्को-आतंकवाद', कोकीन तस्करी जैसे आरोप लगाए गए हैं।

**हमले के पीछे अमेरिकी तर्क :** पहला: अमेरिका का आरोप है कि वेनेजुएला की मौजूदा सरकार अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बन चुकी थी और वहां से अमेरिका विरोधी साजिशें रची जा रही थीं।

**दूसरा:** वाशिंगटन का दावा है कि वेनेजुएला में लोकतंत्र पूरी तरह खत्म हो चुका है और मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन हो रहा है।

तीसरा: अमेरिका के अनुसार मादुरो अवैध गतिविधियों, हिंसा और अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्करी को संरक्षण दे रहे थे।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान ने चीन को दिया संघर्ष रुकवाने का क्रेडिट

**बीजिंग/इस्लामाबाद, जेएनएन।** पाकिस्तान ने चीन के 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान मध्यस्थता के दावे का समर्थन किया है। चीन के दावे से जुड़े सवाल के जवाब में पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी ने गुरुवार को प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि चीनी नेता उन दिनों पाकिस्तानी नेतृत्व के साथ लगातार संपर्क में थे। चीन के नेताओं ने भारतीय नेतृत्व से भी कुछ बातचीत की थी। पाकिस्तान का यह बयान चीन के विदेश मंत्री वांग यी के बयान के बाद आया है। वांग यी ने 30 दिसंबर को बीजिंग में कहा था कि चीन दुनिया के कई संघर्षों को सुलझाने में मदद करता रहा है। उन्होंने बताया कि भारत और पाकिस्तान के बीच हुए तनाव के दौरान भी चीन ने मध्यस्थता की थी। पाकिस्तान सरकार ने ट्रंप को नोबेल पीस प्राइज के लिए नॉमिनेट किया था।

### संदेशखाली में पुलिस पर हमला, 9 गिरफ्तार

**कोलकाता, जेएनएन।** पश्चिम बंगाल में संदेशखाली के बोयरमारी गांव में टीएमसी कार्यकर्ता को गिरफ्तार करने गई पुलिस टीम पर शुक्रवार रात भीड़ ने हमला कर दिया। हमले में ६ पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस वाहन में भी तोड़फोड़ की गई। पुलिस के अनुसार टीम टीएमसी कार्यकर्ता मूसा मोल्ला को गिरफ्तार करने गई थी। उस पर अवैध रूप से जमीन और तालाब पर कब्जा कर मछली पालन करने का आरोप है। जब पुलिसकर्मी मोल्ला को उसके घर से पकड़कर पुलिस वाहन में बैठाने की कोशिश कर रहे थे, तभी मोल्ला के समर्थकों ने वाहन को घेर लिया और तोड़फोड़ कर पत्थरबाजी की। हमले में एक अधिकारी सहित ६ पुलिसकर्मी घायल हो गए। इन्हें स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। वहां प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई।

### पाकिस्तान में 7 इमरान समर्थकों को उम्रकैद

**इस्लामाबाद, जेएनएन।** पाकिस्तान की एक अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के समर्थक माने जाने वाले 7 लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। यह मामाला इमरान की गिरफ्तारी के बाद 2023 में हुए हिंसक प्रदर्शनों से जुड़ा है। सातों पर राज्य संस्थानों के खिलाफ डिजिटल आतंकवाद में शामिल होने का मुकदमा चलाया गया। कोर्ट ने कहा, इन लोगों ने विरोध प्रदर्शनों के दौरान हिंसा व अशांति भड़काने के लिए ऑनलाइन प्लेटफार्मों का इस्तेमाल किया। दोषी ठहराए लोगों में यूट्यूबर आदिल राजा, जर्नलिस्ट वजाहत सईद खान, साबिर शाकिर और शाहीन सहबाई, टेलीविजन एंकर हैदर रजा मेहदी, विश्लेषक मोईद पीरजादा और पूर्व सेना अधिकारी अकबर हुसैन शामिल हैं। यह फैसला इस्लामाबाद की एंटी-टेररिज्म कोर्ट के जज ताहिर अब्बास सिप्रा ने सुनाया।

### बांग्लादेश में 15 दिन में चौथे हिंदू की मौत

**ढाका, जेएनएन।** बांग्लादेश में हिंसा के बीच चौथे हिंदू की मौत हो गई। 50 साल के कारोबारी खोकन चंद्र दास पर 31 दिसंबर को धारदार हथियारों से हमला किया गया था। शनिवार को अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। खोकन पर तब हमला किया गया था, जब वह शरियतपुर जिले के दामुद्या इलाके में केउरभांगा बाजार के पास अपनी दुकान बंद कर घर लौट रहे थे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक हमलावरों ने उन्हें बुरी तरह पीटा, धारदार हथियार से हमला किया और फिर पेट्रोल डालकर आग लगा दी थी। जान बचाने के लिए वह सड़क किनारे तालाब में कूद गए, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने शोर मचाया। हमलावर मौके से फरार हो गए थे। स्थानीय लोगों ने उन्हें शरियतपुर अस्पताल पहुंचाया, जहां से हालत गंभीर होने पर ढाका रेफर कर दिया गया। ढाका में 3 दिन उनका इलाज चला, लेकिन शरीर के ज्यादा झुलस जाने की वजह से उन्हें बचाया नहीं जा सका। बांग्लादेश में 15 दिन के भीतर 4 हिंदुओं की हत्या की जा चुकी है।



प्रयागराज में शनिवार को 'माघ मेला' उत्सव शुरू हो गया। 'पौष पूर्णिमा' के अवसर पर सर्दियों की सुबह संगम में लाखों की संख्या में लोगों ने पवित्र स्नान किया।

#### बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमलों को लेकर विरोध का मामला

# आईपीएलः बांग्लादेशी क्रिकेटर मुस्तफिजुर केकेआर से बाहर

### बीसीसीआई के निर्देश के बाद शाहरुख की टीम ने लिया फैसला

**नई दिल्ली/ कोलकाता, जेएनएन।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की टीम कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने बांग्लादेशी क्रिकेटर मुस्तफिजुर रहमान को टीम से बाहर कर दिया है। यह फैसला भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के निर्देश के बाद लिया गया। मुस्तफिजुर को हटाने की मांग बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे हमलों के विरोध में उठ रही थी। केकेआर की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बयान जारी कर कहा गया कि बीसीसीआई के निर्देशों के अनुसार सभी जरूरी प्रक्रियाएं



पूरी करने और आपसी विचार-विमर्श के बाद मुस्तफिजुर रहमान को टीम से रिलीज कर दिया गया है। फ्रेंचाइजी ने यह भी बताया कि आईपीएल नियमों के तहत अब उसे एक रिप्लेसमेंट खिलाड़ी लेने की अनुमति दी गई है, जिसकी जानकारी बाद में साझा की जाएगी।

#### बीसीसीआई ने क्यों दिया निर्देश

इससे पहले बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने शनिवार सुबह बयान में कहा था कि हाल के घटनाक्रमों को देखते हुए बोर्ड ने केकेआर को मुस्तफिजुर रहमान को रिलीज करने का निर्देश दिया है। उन्होंने साफ किया कि यदि फ्रेंचाइजी किसी दूसरे खिलाड़ी को शामिल करना चाहती है, तो उसे इसकी अनुमति दी जाएगी। दरअसल, पिछले कुछ दिनों से बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हमलों की खबरें सामने आ रही हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक बीते 14 दिनों में वहां चार हिंदुओं की हत्या हुई है। इन्हीं घटनाओं के चलते भारत में मुस्तफिजुर के आईपीएल में खेलने को लेकर विरोध तेज हो गया था।

#### देशभर में विरोध

शिवसेना नेता संजय निरुपम ने केकेआर के मालिक शाहरुख खान से बांग्लादेशी क्रिकेटर मुस्तफिजुर रहमान को टीम से हटाने की अपील की थी। वहीं, शिवसेना (यूबीटी) के प्रवक्ता आनंद दुबे ने कहा-बांग्लादेशी खिलाड़ियों को आईपीएल में भारतीय धरती पर खेलने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं का बेरहमी से कत्ल किया जा रहा है, उनके घर जलाए जा रहे हैं और उनकी बहनों और बेटियों का रेप किया जा रहा है। ऐसी बेरहम हत्याएं देखने के बाद कोई इतना पत्थर दिल कैसे हो सकता है। हम केकेआर मैनेजमेंट और उनके बॉस से कहेंगे, इसको समझो व उस क्रिकेटर को टीम से निकालो। धीरेंद्र शास्त्री व जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने भी मुस्तफिजुर को हटाने की मांग की थी। भाजपा नेता संगीत सोम ने कहा, बांग्लादेश में हिंदुओं को चुन-चुनकर मारा जा रहा है, ऐसे में वहां के खिलाड़ियों को खरीदना, यह तो देश के साथ गद्दारी हुई न। शाहरुख खान जैसे लोग गद्दार हैं।

### छग में 14 नक्सली ढेर मोस्टवांटेड देवा का सरेंडर

**रायपुर, जेएनएन। रायपुर, जेएनएन।** सुकमा-बीजापुर जिले में जवानों ने 14 नक्सलियों को मार गिराया है। वहीं हैदराबाद में देवा समेत 20 नक्सलियों ने सरेंडर किया है। छत्तीसगढ़ में शनिवार सुबह दो अलग-अलग जगहों पर मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 14 नक्सलियों को मार गिराया है। सुकमा के किस्टाराम इलाके में 12 और बीजापुर में 2 नक्सली मारे गए हैं। सभी के शव और हथियार बरामद कर लिए गए हैं। इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है। उधर, छत्तीसगढ़ का मोस्ट वांटेड नक्सली स्पेशल जोनल कमेटी मेंबर (एसजेडसीएम) देवा बारसे ने हैदराबाद में अपने 20 साथियों के साथ हथियार डाल दिए हैं। हैदराबाद में पुलिस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी है। देवा अपने साथियों के साथ तेलंगाना के मुलुगु पहुंचा था, जहां से पुलिस उसे हैदराबाद लेकर पहुंची थी। बड़ी संख्या में हथियार और कैश भी नक्सलियों ने सरेंडर किए हैं। सुकमा के किस्टाराम इलाके में नक्सलियों की मौजूदगी के इनपुट पर डीआरजी टीम को ऑपरेशन के लिए रवाना किया गया था। इस दौरान शनिवार सुबह करीब 8 बजे नक्सलियों ने फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में फोर्स ने 12 नक्सलियों को ढेर कर दिया। सभी के शव और हथियार बरामद कर लिए गए हैं। सर्चिंग जारी है। इधर, बीजापुर में माओवादियों की मौजूदगी की इनपुट मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने अभियान शुरू किया। डीआरजी की टीम नक्सल विरोधी ऑपरेशन पर निकली थी। इसी दौरान शनिवार तड़के नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी।

#### मादुरो को पकड़ने के बाद राष्ट्रपति ट्रंप का ऐलान

# वेनेजुएला पर अब अमेरिका का कब्जा

**वॉशिंगटन, जेएनएन।** वेनेजुएला पर हमला और फिर राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और पत्नी को पकड़ने के बाद ट्रंप ने बड़ा ऐलान किया है।



उन्होंने कहा, जब तक वेनेजुएला की सत्ता सुरक्षित हाथों में नहीं चली जाती, अमेरिका का ही कब्जा होगा। ट्रंप ने कहा, वेनेजुएला में इन्फ्रास्ट्रक्चर मजबूत करने की जरूरत है और देश का संचालन सौंपने में अभी समय लगेगा। शनिवार तड़के अंजाम दिए गए ऑपरेशन ने पूरी दुनिया को चौंका दिया। ट्रंप ने फ्लोरिडा के मार-ए-लागो रिसॉर्ट से पुष्टि करते हुए इसे 'शानदार, सफल ऑपरेशन' करार दिया और कहा, अब वह अगली व्यवस्था होने तक वेनेजुएला का प्रशासन अपने हाथ में ले रहा है। ट्रंप ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, वेनेजुएला में तेल का कारोबार 'पूरी तरह फेल' हो गया है, और बड़ी अमेरिकी कंपनियां देश में जाकर इंफ्रास्ट्रक्कर को ठीक करेंगी और 'देश के लिए पैसे कमाना शुरू करेंगी'। उन्होंने कहा, अगर जरूरत पड़ी तो अमेरिका देश पर दूसरा 'और बहुत बड़ा' हमला करने को तैयार है। उन्होंने कहा, दुनिया का कोई भी देश वह हासिल नहीं कर सकता जो अमेरिका ने कल हासिल किया।

**मचा हड़कंप, चीन-रूस ने की निंदा**

इस हमले ने पूरे अंतरराष्ट्रीय जगत में हड़कंप मच गया। चीन, रूस और ईरान ने अमेरिका की इस कार्रवाई की कड़ी निंदा की है और इसे एक संप्रभु राष्ट्र पर हमला बताया है। कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने मानवीय संकट की आशंका जताते हुए सीमा पर सेना को अलर्ट कर दिया है। यूरोपीय संघ ने सावधानी भरा बयान जारी करते हुए अंतरराष्ट्रीय कानूनों के सम्मान और शांति बनाए रखने की अपील की है। अमेरिकी अटॉर्नी जनरल पाम बोंडी ने कहा है कि मादुरो को न्यूयॉर्क की अदालत में पेश किया जाएगा, जहां उन पर मादक पदार्थों की तस्करी और आतंकवाद से संबंधित गंभीर आरोप लगाए जाएंगे। अमेरिका ने वेनेजुएला के ऊपर अपने वाणिज्यिक विमानों की उड़ान पर भी रोक लगा दी है।

**मचादो ने लिखा खुला खतः** वेनेजुएला में विपक्ष की नेता और नोबल शांति पुरस्कार की विजेता मारिया कोरिना मचादो ने वेनेजुएला के लोगों को लिखे खुले खत में कहा, बातचीत से समाधान से इनकार पर अमेरिका ने कानून लागू करने का अपना वादा पूरा किया है।

**डेल्टा फोर्स के ऑपरेशन को दिया अंजामः** तड़के अमेरिकी सेना की सबसे घातक यूनिट 'डेल्टा फोर्स' ने काराकस में मादुरो के आवास पर धावा बोला। 30 मिनट से भी कम समय चले ऑपरेशन में मादुरो व पत्नी को पकड़ लिया गया। ऑपरेशन के दौरान काराकस के ला कार्लोटा एयरबेस, अन्य ठिकानों पर सात बड़े धमाके सुने गए।

### यूएस इवो जिमा से ऑपरेशन को दिया गया अंजाम



- **क्लासः** डब्ल्यूएएसपी-क्लास एम्फीबियस असॉल्ट शिप
- **लंबाईः** 843 फीट (257 मीटर)
- **चौड़ाई (बीम):** 104 फीट (31.8 मीटर)
- **ड्राफ्ट (पानी में डूबने की गहराई):** 27 फीट (8.2 मीटर)
- **डिस्प्लेसमेंट (वजन):** 40,500 लॉन्ग टन फुल लोड (41,150 मीट्रिक टन)
- **प्रोपल्शन (इंजन):** दो बॉयलर, दो गियर टर्बाइन
- **स्पीड :** लगभग 41 किलोमीटर प्रति घंटा
- **क्रूः** 1208 जहाजी + 1894 मरीन सैनिक
- **क्षमताः** 20-30 हेलीकॉप्टर (जैसे सीएच-53, एमवी-22), 6 एवी-8बी या एफ-35 बी फाइटर जेट, लैंडिंग क्राफ्ट (बीएलएसी)
- **हथियारः** 2 रैम मिसाइल लॉन्चर, 2 फालन× सीआईडब्ल्यूएस गन, तीन .50 कैलिबर मशीन गन, इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सिस्टम।
- **खास फीचर्सः** फ्लाइट डेक, वेल डॉक (समुद्र से जहाजों को लोड करने के लिए), मेडिकल सुविधाएं (अस्पताल जैसा)। यह 1894 मरीन सैनिकों को ले जा सकता है। यह एंफीबियस ऑपरेशनों के लिए बनाया गया है।

यूएस इवो जिमा एक डब्ल्यूएएसपी-क्लास एम्फीबियस असॉल्ट शिप है, जो सैनिकों, हेलीकॉप्टरों और लड़ाकू विमानों को ले जाता है। यह ऑपरेशन में मुख्य भूमिका निभा रहा है, जहां से हेलीकॉप्टर लॉन्च किए गए. यहां इसकी मुख्य स्पेसिफिकेशन हैं।

**यह जहाज 2001 में कमीशन हुआ**

इवो जिमा युद्धपोत द्वीप की लड़ाई के नाम पर रखा गया। ऑपरेशन में यह कैरेबियन से कमांड सेंटर का काम कर रहा है। ट्रंप ने इसे ड्रग तस्करी रोकने का कदम बताया, लेकिन वेनेजुएला ने निंदा की। रूस-चीन ने विरोध जताया है। न्यूयॉर्क पहुंचने पर मादुरो पर मुकदमा चलेगा। दुनिया इस पर नजर रखे हुए है।

#### 125 सालों बाद भारत आए बुद्ध के अवशेष

# उनके लिए ये एंटीक पीस हमारे लिए सबकुछः पीएम

**नई दिल्ली, जेएनएन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भगवान बुद्ध से जुड़े अवशेषों की भारत वापसी पर कहा कि इन अवशेषों को अपने बीच पाकर हम धन्य हैं। 125 साल के इंतजार के बाद भारत की विरासत लौटी है। अवशेषों का भारत से बाहर जाना फिर वापस आना एक बड़ा सबक है। गुलामी के काल में इन्हें भारत से छीना गया था। जो लोग इसे लेकर गए थे उनके ये केवल एंटीक थे, इसलिए उन्होंने अंतरराष्ट्रीय बाजार में नीलाम करने की भी कोशिश की। भारत ने तय किया कि हम इनकी नीलामी नहीं होने देंगे। हम गोदरेज समूह का आभार व्यक्त करते हैं उनके सहयोग से ये मुमकिन हो सका कि ये अवशेष बुद्ध की भूमि पर वापस आए। दरअसल, साल 1898 में उप्र के पिपरहवा (कपिलवस्तु क्षेत्र) में खुदाई के दौरान भगवान बुद्ध के अवशेष मिले थे। यह खुदाई ब्रिटिश काल में हुई थी। खुदाई कराने वाले व्यक्ति डब्ल्यूसी पेपे, उस समय ब्रिटिश शासन में एक इंजीनियर थे। उस वक्त इन अवशेषों



को भारत से बाहर भेज दिया गया था। इन्हें अब वापस लाया गया है। अवशेषों को दिल्ली के राय पिथौरा सांस्कृतिक परिसर में भगवान बुद्ध से जुड़े पवित्र पिपरहवा अवशेषों की एग्जीबिशन में रखा गया है। पीएम मोदी ने इस एग्जीबिशन का इनॉगरेशन किया। मोदी ने कहा, भगवान बुद्ध का ज्ञान पूरी मानवता का है। ये भाव हमने बीते कुछ महीनों में महसूस किया। ये अवशेष जिस देश में गए वहां आस्था का सैलाब उमड़ा। थाईलैंड में रखे गए अवशेषों का 40 लाख से ज्यादा लोगों ने दर्शन किया। मंगोलिया में हजारों लोग घंटो प्रतीक्षा करते रहे। कई लोग भारतीय प्रतिनिधियों को छूना चाह रहे थे, क्योंकि वे बुद्ध की भूमि से आए थे। रूस में भी लाखों लोगों ने इसके दर्शन किए। भगवान बुद्ध सबके हैं, बुद्ध सबको जोड़ते हैं। मैं खुद को भाग्यशाली समझता हूं।

## सर्दियों में वरदान है नारियल का पानी

हेल्थ-वॉच

सर्दियां सेहत के लिहाज से काफी चुनौतीपूर्ण होता है। यही वजह है कि सर्दियों में हमारे खानपान में बड़ा बदलाव आ जाता है। अक्सर मन में यह सवाल आता है कि क्या कड़ाके की ठंड में नारियल पानी पीना सेहत के लिए सही है या नहीं। आमतौर पर नारियल पानी को गर्मियों की ड्रिंक मानी जाती है, क्योंकि इसकी तासीर ठंडी होती है। लेकिन स्वास्थ्य विशेषज्ञों और आयुर्वेद के अनुसार, अगर इसे सही समय और सही तरीके से पिया जाए तो यह सर्दियों में भी शरीर के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। 90 प्रतिशत लोग जानकारी के अभाव में इसे ठंड में छोड़ देते हैं जबकि इसके फायदे बेमिसाल हैं। सर्दियों के मौसम में हम अक्सर पानी कम पीते हैं जिससे शरीर में पानी की कमी होने लगती है। ऐसे में नारियल पानी शरीर को अंदर से सींचने और प्राकृतिक रूप से तरल पदार्थों की पूर्ति करने का सबसे अच्छा तरीका है। नारियल पानी पोटेशियम, मैग्नीशियम और कैल्शियम जैसे खनिजों का भंडार है जो सर्दियों में होने वाली मांसपेशियों की जकड़न और थकान को दूर करने में मदद करते हैं। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं जिससे आप सर्दी-जुकाम जैसे संक्रमणों से बचे रहते हैं। हालांकि, ठंड के दिनों में नारियल पानी पीते समय कुछ सावधानियां बरतनी जरूरी हैं। चूंकि इसकी प्रकृति ठंडी होती है इसलिए इसे सुबह बहुत जल्दी या रात के समय पीने से बचना चाहिए. अगर आपको खांसी, दमा या साइनस की समस्या है तो इसे बिना डॉक्टर की सलाह के ना पिएं। नारियल पानी पीने का सबसे सही समय दोपहर का होता है जब सूरज की धूप खिली हो, इस समय इसे पीने से शरीर का तापमान संतुलित रहता है और इसके सभी पोषक तत्व पूरी तरह से अवशोषित हो जाते हैं।

### सीएमओ ने पकड़ा युवक का गिरेबान, थाने में शिकायत

**जागरण, मुरैना।** जिले की पोरसा नपा सीएमओ ने बाजार में युवक की गिरेबान पकड़ ली। युवक ने इसकी शिकायत थाने में कर कार्रवाई करने की अपील की है, उसने सीएमओ पर अभद्रता करने का आरोप भी लगाया है। युवक की गिरेबान पकड़ने का एक वीडियो भी सामने आया है। दरअसल दोपहर में सब्जी मंडी से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही चल रही थी। इसी दौरान एक चिकन शॉप चलाने वाले युवक ने अपना जब्त सामन वापस मांगा तो सीएमओ ने युवक का गिरेबान पकड़ लिया और उसे चांटा मारने की धमकी देते हुए काफी देर तक गिरेबान पकड़े रहे। इस दौरान युवक सीएमओ के हाथ जोड़ता रहा। उन्होंने युवक को पुलिस के हवाले कर दिया। अब युवक ने सीएमओ के खिलाफ पोरसा थाने में लिखित शिकायत देकर कार्यवाही की मांग की है।

#### बदलाव
#### एनसीईआरटी बन रहा यूनिवर्सिटी, केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की बड़ी तैयारी

# ओपन स्कूल में पढ़ाई के साथ कमाई कर सकेंगे बच्चे

**नई दिल्ली, जेएनएन।** शिक्षा मंत्रालय देश में ओपन स्कूलिंग सिस्टम का दायरा बढ़ाने के लिए एक विशेष योजना पर काम कर रहा है। अभी शिक्षा बोर्ड नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ ओपन स्कूलिंग (एनआईओएस) में करीब 6 लाख स्टूडेंट्स ही रजिस्टर्ड हैं। वहीं दूसरी ओर सीबीएसई के स्कूलों में 2.5 करोड़ स्टूडेंट्स हैं, जो छात्र सामाजिक-आर्थिक स्थिति के कारण अपनी स्कूली पढ़ाई पूरी नहीं कर पा रहे हैं या फिर फेल होने के कारण पढ़ाई छोड़ रहे हैं, ऐसे छात्रों को एनआईओएस से जोड़ने के लिए योजना बनाई जा रही है।

ओपन स्कूलिंग सिस्टम के लिए एक ऐसा मॉडल होगा जिसमें छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ काम करने का मौका भी मिलेगा। इससे उनकी आर्थिक दिक्कतें भी कम होंगी। इसके साथ ही एनआईओएस और सीबीएसई को मिलकर काम करना होगा, ताकि स्कूल छोड़ने वाले छात्रों को स्कूली सिस्टम में वापस लाया जा सके। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि ओपन स्कूल सिस्टम में इंडस्ट्री का सहयोग भी लिया जाएगा, ताकि छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ नौकरी के लिए भी तैयार किया जा सके। सीबीएसई समेत दूसरे शिक्षा बोर्ड की भी यह जिम्मेदारी है कि पढ़ाई बीच में छोड़ने वाले छात्रों को ओपन स्कूल सिस्टम के साथ जोड़ा जाए। वहीं, उच्च शिक्षा विभाग के सचिव विनीत जोशी ने कहा कि उच्च शिक्षा में छात्रो का नामांकन बढ़ रहा है और नई शिक्षा नीति के अनुरूप नए कोर्सेज लाए गए हैं।

#### एनसीईआरटी को डीम्ड यूनिवर्सिटी का दर्जा




राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) को 'डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय' का दर्जा दिए जाने का फैसला हो चुका है। स्कूली शिक्षा विभाग के सचिव संजय कुमार का कहना है कि अगले दो हफ्ते में एनसीईआरटी को डीम्ड यूनिवर्सिटी का दर्जा दिए जाने की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। यूजीसी कमीशन की बैठक में संस्थान को डीम्ड यूनिवर्सिटी का दर्जा दिए जाने के फैसले पर मुहर लगेगी। स्कूली शिक्षा और टीचिंग एजुकेशन के क्षेत्र में रिसर्च व इनोवेशन शुरू होंगे। उन्होंने बताया कि एनसीईआरटी एक विशेष प्रकार का विश्वविद्यालय बनेगा।

**टीचिंग एजुकेशन में एआई का प्रयोगः** टीचिंग एजुकेशन में एआई को परमानेंट फीचर के तौर पर शामिल किया जाएगा। नेशनल काउंसिल फॉर टीचर एजुकेशन (एनसीटीई) टीचिंग एजुकेशन के स्टैंडर्ड पर काम करती है और अब एआई को भी इसमें कंपलसरी तौर पर शामिल किया जाएगा। टीचिंग एजुकेशन में नए स्टैंडर्ड बनाए जाएंगे।

### पीएमश्री स्कूलों की तरह बनेंगे 1.27 लाख स्कूल

पीएमश्री स्कूल योजना में देश में 13700 स्कूलों का चयन किया गया है। इन स्कूलों में शैक्षिक गुणवत्ता, इंफ्रास्ट्रक्चर और छात्र परिणामों को बेहतर बनाने और अपग्रेडेशन पर काम किया गया है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने एक स्टडी भी की है, जिसमें बताया गया है कि पहले के मुकाबले छात्रों के नामांकन में इजाफा हुआ है। मंत्रालय की ओर से सभी राज्य सरकारों को लिखा गया है कि पीएमश्री स्कूल द्वारा एक बेंचमार्क तय कर दिया गया है। इन स्कूलों की तर्ज पर विभिन्न राज्यों में दूसरे स्कूल भी तैयार किए जाएं। देश में 1.27 लाख स्कूलों को पीएमश्री स्कूलों की तरह बनाने के लक्ष्य पर राज्य सरकारों से काम करने की अपील की गई है। इससे राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के लक्ष्यों के मुताबिक लर्निंग आउटकम को बेहतर किया जा सकेगा।

### पुलिस अफसर बनकर, बोले-बेटा रेप केस में पकड़ाया, पिता से तीन लाख रुपए की ठगी

**जागरण, ग्वालियर।** प्रदेश के ग्वालियर में वाट्सएप कॉल पर बेटे को रेप केस में फंसाने की धमकी देकर पिता से तीन लाख रुपए की ठगी कर ली गई। दअरसल पीड़ित संतोष कुमार राठौर शहर के गुड़ा गुड़ी इलाके में बालाजी विहार कॉलोनी के रहने वाले हैं। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया है कि कॉल करने वाले ने खुद को पुलिस अधिकारी बताया और कहा कि उसका बेटा दुष्कर्म के आरोप में पकड़ा गया है, उसे बचाने के लिए तीन लाख रुपए भेजने होंगे, घबराकर उन्होंने तीन लाख रुपए भेज दिए। इसके बाद जब उन्हें अहसास हुआ है कि उन्हें डिजिटली ठगा गया है तो शिकायत की गई। इसके बाद साइबर टीम ने तकनीकी विश्लेषण और बैंक



ट्रांजेक्शन की मॉनिटरिंग की और संबंधित बैंक खातों को फ्रीज कराया गया। इस तरह 2 लाख 47 हजार रुपए की राशि होल्ड कराई गई। सीएसपी नागेंद्र सिकरवार का कहना है कि इस तरह के मामलों में ठग फोन पर खुद को पुलिस अधिकारी या वकील बताकर लोगों को डराते हैं। कहते हैं कि बेटा या रिश्तेदार बलात्कार, ड्रग्स या स्मैक जैसे मामलों में पकड़ा गया है। फिर पैसे की मांग करते हैं। ऐसी स्थिति में तुरंत अपने नजदीकी थानों में जाकर संपर्क करना चाहिए।

### जन औषधि केंद्र पर छापा सामने आईं अनियमितताएं

**जागरण, नरसिंहपुर।** जिले के गोटेगांव में लगातार मिल रही दवा दुकानों की शिकायत को लेकर ड्रग इंस्पेक्टर ने टॉकीज रोड स्थित प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र की दवा दुकान पर छापामार कार्रवाई की है। इस दौरान दुकान संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। यहां नियम विरुद्ध दवाइयों का विक्रय किया जा रहा था।

## समाज में बदलाव की लहर लाने वाले वाहक होंगे सम्मानित

**भोपाल।** हम ऐसे दौर से गुजर रहे हैं, जहाँ समाज में बदलाव की सबसे बड़ी ताकत सरकारें, नीतियाँ या संसाधन नहीं, बल्कि लोग बन रहे हैं। ऐसे लोग, जो समाजसेवा की रोशनी दूसरों तक पहुँचाते हैं। ऐसे क्षण, जब कोई व्यक्ति अपने व्यक्तिगत लाभ से ऊपर उठकर समाज, शिक्षा, भूख, सम्मान, अवसर और परिवर्तन की दिशा में कदम बढ़ाता है, वहीं से भविष्य की नई सुबह जन्म लेती है। इसी सोच के साथ सतत विकास के प्रमुख लक्ष्यों को हासिल करने हेतु कार्यरत संस्था '2030 का भारत' नए साल में एक अनोखा और प्रेरणादायक समारोह आयोजित करने जा रही है, जहाँ उन लोगों को सम्मानित किया जाएगा, जिनके नेक कार्यों ने समाज में बदलाव की बयार पैदा की है। '2030 का भारत' के फाउंडर डॉ. अतुल मलिकराम ने बताया कि पहली श्रेणी प्रेरणादायी जेलर्स के सम्मान की है। इस श्रेणी के तहत संस्था उन जेलर्स को सम्मानित करेगी, जिन्होंने कारागार सेवा को महज़ सुरक्षा और अनुशासन तक ही सीमित नहीं रखा, बल्कि इसे मानवीय सेवा, सुधार, शिक्षा और पुनर्वास के रूप में आगे बढ़ाया है। दूसरी श्रेणी उन लोगों के सम्मान की है, जो पेशे से शिक्षक नहीं हैं, लेकिन बावजूद इसके शिक्षा के वाहकों की भूमिका निभा रहे हैं। तीसरी श्रेणी उन लोगों की है, जो भोजन की बर्बादी रोकने के लिए अभियान चलाते हैं। यह समारोह साबित करेगा कि बदलाव गाँव और शहरों से शुरू होकर जेलों तक पहुँच सकता है।

## जमीन विवाद पर हाईटेंशन टॉवर पर चढ़ा युवक, पूर्व विधायक वर्मा पर आरोप

**जागरण, खंडवा।** जमीन विवाद को लेकर एक युवक हाईटेंशन लाइन के टावर पर चढ़ गया। युवक का आरोप



है कि उसकी जमीन पर खंडवा के पूर्व विधायक देवेंद्र वर्मा द्वारा जबरन कब्जा किया जा रहा है। वर्मा अपने साथ राजस्व और पुलिस अमले को लेकर गए थे। मामला खंडवा सटे हुए जूनापानी क्षेत्र का है। यहां जमीन विवाद को लेकर रोहित उर्फ पिंटू पाल नामक युवक हाईटेंशन लाइन के टावर पर चढ़ गया। पिंटू पाल का दावा है कि उसकी करीब ढाई एकड़ जमीन पर खंडवा के पूर्व विधायक देवेन्द्र वर्मा कब्जा करने पहुंचे थे। वहीं पूर्व विधायक देवेन्द्र वर्मा का कहना है कि यह जमीन उन्होंने विधिवत रूप से खरीदी है और उसी के आधार पर वे कब्जा लेने पहुंचे थे। मौके पर राजस्व विभाग और पुलिस अमला भी मौजूद रहा। जावर थाने से पुलिस फोर्स पहुंचा था। वहीं राजस्व विभाग से नायब तहसीलदार परबीन अंसारी, महादेव राठौर, पटवारी बलवंत चौहान आदि पहुंचे थे। पुलिस ने युवक को टावर से नीचे उतरने के लिए लगातार समझाइश दी। काफी देर तक वह हाईटेंशन लाइन के टावर पर चढ़कर हंगामा करने लगा। कई देर तक मशक्कत के बाद पुलिस और प्रशासन ने स्थिति संभाली।

# नशे का इंजेक्शन लेकर छात्राओं के वीडियो बनाने से रोकने पर हेडमास्टर से मारपीट की

## बदमाश चाचा-भतीजे ने स्कूल में की तोड़फोड़ रजिस्टर भी फाड़ा

**जागरण, मुरैना।** स्कूल परिसर में नशे का इंजेक्शन लगाने और छात्राओं के वीडियो बनाने से रोकना हेडमास्टर को भारी पड़ गया। गांव के बदमाश चाचा-भतीजे ने टोकाटाकी करने पर हेड मास्टर की जमकर पिटाई कर दी। स्कूल में घुसे दोनों बदमाशों ने तोड़फोड करते हुए रजिस्टर भी फाड़ दिए। हेड मास्टर से पिटाई का वीडियो भी बदमाशों से वायरल कर दिया।

यह मामला पोरसा विकासखंड की ग्राम पंचायत तरसमा के माध्यमिक विद्यालय का है। प्रधानाध्यापक ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि तरसमा गांव के रहने वाले सफतू तोमर और उसका भतीजा छोटू तोमर अक्सर स्कूल परिसर में आकर नशा करते हैं। घटना वाले दिन भी करीब 2 बजे दोनों स्कूल के एक खाली कमरे में नशा करने के बाद छात्राओं के वीडियो बना रहे थे। छात्राओं ने इसकी शिकायत प्रभारी हेडमास्टर सतेंद्र तोमर से की। हेडमास्टर ने जब चाचा-भतीजे को स्कूल से बाहर जाने के लिए कहा, तो वे भड़क गए। उन्होंने हेडमास्टर के साथ मारपीट शुरू कर दी। स्कूल का सरकारी रजिस्टर भी फाड़ दिया। मारपीट होते देख आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव किया। घटना के बाद हेड मास्टर की तबियत बिगड़ गई। उन्हें इलाज के लिए ग्वालियर ले गया था। प्रकरण दर्ज कर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

## प्रताड़ना से तंग आकर छात्रा ने लगाई फांसी सुसाइड से पहले सहेली को बता गई दर्द

**जागरण, गुना।** शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ईदगाह बाड़ी इलाके में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहाँ पीजी कॉलेज में अध्ययनरत बीए सेकंड ईयर की छात्रा ने अज्ञात युवक की प्रताड़ना से तंग आकर मौत को गले लगा लिया। सुबह छात्रा का शव उसके कमरे में फंदे से लटका मिला। परिजनों का आरोप है कि एक युवक उसे लगातार फोन और मैसेज कर परेशान कर रहा था, जिससे वह मानसिक तनाव में थी।



**सुबह गेट नहीं खुला तो हुआ शक :** 20 साल की जानकी उर्फ दामिनी कुशवाह सुबह जब काफी देर तक वह बाहर नहीं निकली, तो परिजनों ने दरवाजा खटखटाया। अंदर से कोई प्रतिक्रिया न मिलने पर परिजन घबरा गए और छत के रास्ते कमरे में झांककर देखा। अंदर दामिनी दुपट्टे के फंदे पर झूल रही थी।

**परेशान करने वाले युवक का सुराग :** मृतिका के भाई और परिजनों ने बताया कि कुछ समय से वह गुमसुम रहने लगी थी। उसने अपनी एक सहेली को भी साझा किया था कि एक युवक उसे बेवजह परेशान कर रहा है। परिजनों को छात्रा के मोबाइल फोन में एक विशेष नंबर से लगातार आने वाले कॉल्स और मैसेज के रिकॉर्ड भी मिले हैं। पुलिस ने मोबाइल को जब्त कर लिया है और कॉल डिटेल्स खंगाली जा रही हैं।

**पुलिस जांच में जुटी :** जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। अधिकारियों का कहना है कि मोबाइल डेटा और सहेली के बयानों के आधार पर आरोपी युवक की पहचान की जा रही है। जल्द ही इस मामले में आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर गिरफ्तारी की जा सकती है।

## स्कॉर्पियो से खींचकर डॉक्टर को चाकुओं से गोद डाला

**जागरण, जबलपुर।** प्रदेश के जबलपुर जिले के ग्वारा गांव में दिनदहाड़े एक डॉक्टर को स्कार्पियो से उतारकर चाकुओ से गोदकर उसकी हत्या कर दी। मृतक की पहचान महेंद्र साहू के रूप में हुई है। वह अपने बड़े भाई की स्कॉर्पियो कार लेकर कहीं जा रहे थे। इसी दौरान पहले से घात लगाए आरोपियों ने उनकी गाड़ी को घेरकर वारदात को अंजाम दिया। आरोपियों ने महेंद्र को कार से जबरन नीचे उतारा और चाकुओं से गले पर ताबड़तोड़ वार कर उनकी हत्या कर दी। आरोपियों का भागते हुए सीसीटीवी भी सामने आया है। जानकारी मिलते ही पुलिस और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची और सबूत जुटाए। सीएसपी अंजुल आयंक, भेड़ाघाट थाना पुलिस और एफएसएल टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है और हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान के प्रयास तेज कर दिए हैं। मृतक के पिता महेश प्रसाद साहू ने बताया कि उनका बेटा शुक्रवार शाम करीब पांच बजे घर से कार लेकर निकला था, उसने परिजनों से कहा था कि वह बुकिंग पर गाड़ी लेकर उज्जैन जा रहा है। शनिवार सुबह करीब 10 बजे उसकी परिजनों से फोन पर बातचीत हुई थी। इस दौरान उसने गाड़ी खराब होने की बात बताई। इसके कुछ ही समय बाद हत्या की जानकारी मिली।

## एसपी ने छुट्टी से लौटते ही 'प्रभारी' न लिखने पर 26 को किया तलब

**जागरण, टीकमगढ़।** नियमित पुलिस कप्तान की गैर मौजूदगी में जिले की कमान संभालने वाले अस्थायी पुलिस अधीक्षक के पदनाम के साथ प्रभारी न लिखना अधिकारी-कर्मचारियों को काफी भारी पड़ा है। अवकाश से लौटते ही पुलिस कप्तान ने अपने कार्यालय के 26 अधिकारी-कर्मचारियों को नोटिस थमा दिए गए हैं। सभी ने पूछा गया है कि उन्होंने अस्थायी पुलिस कप्तान के आगे प्रभारी पुलिस अधीक्षक क्यों नहीं लिखा? निशाने पर कर्मचारियों से तीन दिन में जवाब तलब किया गया है।

चौंकाने वाा यह मामला टीकमगढ़ जिले का है। बताया जाता है कि टीकमगढ़ एसपी मनोहर सिंह मंडलोई ने 1 से 26 दिसंबर तक ट्रेनिंग पर थे। इस अवधि में शिवपुरी की 18वीं वाहिनी के सेनानी आलोक कुमार को टीकमगढ़ पुलिस अधीक्षक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया था। मंडलोई के ट्रेनिंग से लौटने और कार्यभार संभालने के बाद एसपी मंडलोई ने अपनी गैर मौजूदगी में कार्यालय द्वारा जारी किए गए पत्रों व आदेशों को देखा तो नाराज हो गए। उन्होंने आलोक कुमार को आधिकारिक पत्राचार में कहीं भी प्रभारी पुलिस अधीक्षक नहीं लिखने पर नाराजगी जताई। साथ ही तत्काल पुलिस आरआई कनक सिंह चौहान, यातायात प्रभारी कैलाश पटेल और स्टेनो भागीरथ प्रजापति सहित 26 अधिकारी-कर्मचारियों को नोटिस जारी कर दिए। नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि 1 से 26 दिसंबर तक उनके ट्रेनिंग पर रहने के कारण आलोक कुमार को पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था।

## गर्भवती महिला और नवजात की मौत पर आक्रोशित परिजनों का हंगामा

### आगर मालवा जिला अस्पताल पहुंची पुलिस ने संभाली स्थिति

**जागरण, आगर मालवा।** शनिवार को डिलीवरी के लिए जिला अस्पताल में लाई गई एक गर्भवती महिला और उसके नवजात बच्चे की मौत हो गई। मां-बच्चे की मौत की खबर फैलते ही अस्पताल में हड़कंप मच गया। गुस्साए परिजन ने अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया और प्रशासन को कोसा। माहौल बिगड़ता देख मौके पर पुलिस को बुलाना पड़ा। इसी बीच एनएसयूआई के राष्ट्रीय महासचिव अंकुश भटनागर भी कार्यकर्ताओं के साथ अस्पताल पहुंचे। उन्होंने इसे डॉक्टर्स की खुली लापरवाही बताते हुए दोषी डॉक्टर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

दरअसल नलखेड़ा के बड़ागांव की रहने वाली 31 वर्षीय यास्मीन को प्रसव पीड़ा होने पर जिला अस्पताल लाया गया था। परिजन का आरोप है कि ड्यूटी पर मौजूद डॉ. शीतल मालवीय ने डिलीवरी तो कराई, लेकिन न तो जरूरी सावधानी बरती और न ही समय पर सही इलाज दिया। इस लापरवाही की वजह से पहले बच्चे की जान गई और फिर कुछ ही देर बाद महिला ने भी दम तोड़ दिया।

### डॉक्टर ने आरोपों को नकारा

वहीं डॉ. शीतल मालवीय ने थाना प्रभारी को आवेदन देकर खुद को बेगुनाह बताया है। उनका कहना है कि डिलीवरी होने से पहले ही शिशु की गर्भ में मौत हो चुकी थी, जबकि महिला की जान बाद में गई। डॉक्टर का दावा है कि इलाज पूरी तरह नियमों के तहत किया और इसमें कोई लापरवाही नहीं बरती गई है। पुलिस अब बारीकी से मामले की जांच कर रही है।

## चलती ट्रेन में चढ़ते समय गिरी महिला को आरपीएफ ने बचाया

**जागरण, उज्जैन।** रेलवे स्टेशन पर चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश में एक महिला यात्री प्लेटफॉर्म और कोच के बीच गिर गई। मौके पर तैनात आरपीएफ हेड कॉन्स्टेबल की तत्परता से महिला की जान बच गई। घटना रात को प्लेटफॉर्म नंबर-1 पर हुई, जब सवारी गाड़ी संख्या 19712 रवाना हो रही थी। महिला के गिरते ही एस्कॉर्ट ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ हेड कॉन्स्टेबल रामाश्रे पाल ने दौड़कर उसे तुरंत बाहर खींच लिया। जरा सी देरी जानलेवा साबित हो सकती थी। सीहोर जिले के नंदी चौराहा क्षेत्र की रहने वाली संजना यादव अपने परिवार के साथ सीहोर से नीमच जा रही थीं। वह ट्रेन के एम-2 कोच में सवार थीं। उज्जैन स्टेशन पर ठहराव के दौरान वह खाने-पीने का सामान लेने प्लेटफॉर्म पर उतरी थीं। ट्रेन के चलने के समय वापस चढ़ते वक्त उनका संतुलन बिगड़ गया और वह कोच व प्लेटफॉर्म के बीच फंसकर गिर पड़ीं। घटना के बाद उन्हें मामूली चोटें आईं।

## तेंदुए का शव मिला, शिकार के शक में तीन गिरफ्तार

### देवास और रायसेन जिले में तेंदुए के शव मिले

**जागरण, रायसेन।** जिले के बेगमगंज रेंज में सुनेहरा बीट पीएफ 156 ए के एक नाले में सामने शनिवार को एक मादा तेंदुए का शव मिला है। मामले में शिकार के संदेह में तीन संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। डीएफओ प्रतिभा शुक्ला, रेंजर अरविंद अहिरवार, नायब तहसीलदार विक्रम सिंह राजपूत और भोपाल से आई जांच टीम सहित वनकर्मी मौजूद रहे। डीएफओ प्रतिभा शुक्ला ने बताया कि शव मिलने के बाद डॉग स्क्वॉड की मदद से तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान घटनास्थल से करीब 20 मीटर दूर एक खेत में एक बड़ी खूंटी मिली, जिस पर तेंदुए के बाल लगे थे। पास के एक अन्य खेत से भी तीन खूंटियां बरामद की गईं। डॉग स्क्वॉड की तलाशी के आधार पर सुनेहरा निवासी बीरबल पाल, पीर मोहम्मद और सलीम खां के खिलाफ केस दर्ज किया है। इन संदिग्धों के खिलाफ सर्च वारंट जारी कर कार्रवाई की है।

## खेत में मृत मिला तेंदुआ, विभाग जांच में जुटा

**जागरण, देवास।** शंकरगढ़ पहाड़ी क्षेत्र में स्थानीय किसानों को एक खेत में एक तेंदुए का शव मिला है। खेत में लगी जाली में फंसने से उसकी मौत होने की आशंका जताई जा रही है।



हालांकि वन विभाग ने पोस्टमार्टम के बाद मौत के कारणों का खुलासा होने की बात कही। तेंदुए के पिछले पैर में खून के निशान दिखाई दिए। शिकार से बचाव के लिए खेत में लगी जाली में फंसने की आशंका जताई जा रही है। सुबह खेत पर पहुंचे किसानों ने तेंदुए को मृत पाया और पार्षद प्रतिनिधि मौसम पटेल को सूचित किया। मौसम पटेल ने तुरंत वन विभाग को जानकारी दी। वन विभाग के कर्मचारी घटनास्थल पर पहुंचे और शव कब्जे में लेकर जांच शुरू की। अधिकारियों ने बताया कि तेंदुए का पीएम कराया जाएगा।

## घर जमाई पति को ताने मारती थी पत्नी, धारदार हथियार से काट डाला

**जागरण नरसिंहपुर ।** घर जमा पति को पत्नी काम नहीं करने को लेकर ताने मारती थी। पत्नी के तानों से पति इतना खफा हुआ कि उसने धारदार हथियार से पत्नी को काटकर उसकी जान ले ली। आरोपी पति को नरसिंहपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थाना कोतवाली अंतर्गत प्रार्थी अभिषेक नेमा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसके मित्र सौरभ सोनी की माता लता सोनी की उनके निवास के ऊपर वाले कमरे में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा धारदार हथियार से गले में गंभीर चोटें पहुंचाकर हत्या कर दी गई है। अज्ञात आरोपी के विरुद्ध केस दर्ज कर विवेचना में लिया गया। जांच में पाया गया कि उक्त घटना को मृतका के पति मनोज सोनी द्वारा कारित की गयी है जो अपनी पत्नी की हत्या करने के उपरान्त फरार हो गया है। । आरोपी की पतासाजी एवं गिरफ्तारी के लिए एसपी डॉ ऋषिकेश मीना द्वारा एएसपी संदीप भूरिया के मार्गदर्शन में तथा एसडीओपी नरसिंहपुर मनोज गुप्ता के नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस की एक विशेष टीम का गठन किया। विशेष टीम ने प्रकरण में संदेही मृतिका लता सोनी के पति मनोज सोनी की सतत तलाश की जा रही थी। मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि संदेही मनोज सोनी शहर के आसपास देखा गया है। परिणामस्वरूप आरोपी मनोज सोनीको को नरसिंहपुर-करेली मार्ग स्थित हाईवे के पास सिद्ध बाबा मंदिर के पीछे खेत से गिरफ्तार किया गया।

## सेलकॉर कंपनी की ग्रामीण-शहरी बाजार में मजबूत पकड़



**भोपाल।** भारतीय बाजार में तेजी से उभरती सेलकॉर कंपनी ने शहरों के साथ-साथ गांव-गांव में भी अपनी मजबूत पकड़ बना ली है। कंपनी की इस सफलता का सबसे बड़ा कारण उसके किफायती दाम और बेहतर सर्विस मानी जा रही है। भोपाल में आयोजित कूलर लॉन्चिंग कार्यक्रम में सेलकॉर कंपनी के डायरेक्टर निखिल अग्रवाल उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि अच्छे प्रोडक्ट्स, सही प्राइस, मजबूत सर्विस और उपभोक्ताओं का विश्वास ही वह आधार है, जिसके कारण कंपनी 2012 से भारतीय बाज़ार में लगातार आगे बढ़ रही है। अग्रवाल ने कहा कि कंपनी का उद्देश्य हर वर्ग तक पहुंचना है, ताकि गरीब से गरीब भारतीय भी सेलकॉर के प्रोडक्ट खरीदकर अपने परिवार को खुश रख सके। इसके लिए कंपनी सभी प्रमुख फाइनेंस कंपनियों से जुड़ी हुई है। कंपनी के नेशनल सर्विस हेड सौरभ चौहान ने बताया कि सेलकॉर की प्राथमिकता सर्विस है। घर-घर सेवा और 24 घंटे में शिकायत निवारण से ग्राहकों और रिटेलर्स का भरोसा बढ़ा है। वहीं एमपी-सीजी के रीजनल सेल्स मैनेजर त्रिवेणी प्रसाद ने बताया कि कंपनी के पास 32 से 98 इंच तक की एलईडी टीवी रेंज, वॉशिंग मशीन, फ्रिज, एसी, कूलर, स्पीकर सहित कई उत्पाद उपलब्ध हैं। हाल ही में लॉन्च जियो एलईडी टीवी में 400 फ्री चैनल की सुविधा भी दी जा रही है।

## टाटा मोटर्स यूनिट्स बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की

**मुंबई।** टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड ने क्यू-3 एफवाय-26 में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाज़ारों में कुल 1,71,013 यूनिट्स की बिक्री दर्ज की, जो क्यू-3 एफवाय-25 की 1,39,829 यूनिट्स की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि है। कंपनी के एमडी एवं सीईओ शैलेश चन्द्रा ने बताया कि सीवाय 25 टाटा मोटर्स के लिए रिकॉर्ड बिक्री का पांचवां लगातार वर्ष रहा, जिसमें 5,87,218 यूनिट्स की बिक्री और 81,125 ईवी यूनिट्स शामिल हैं। जीएसटह 2.0 के रोलआउट से मिली गति के चलते क्यू-3 में अब तक की सबसे अधिक तिमाही थोक बिक्री दर्ज हुई, जबकि रिटेल बिक्री 2 लाख यूनिट्स के ऐतिहासिक स्तर को पार कर गई। नेक्सन और पंच ने अपने-अपने सेगमेंट में नेतृत्व बनाए रखा। दिसंबर में 22 प्रतिशत सालाना वृद्धि के साथ डीलर इन्वेंट्री घटकर लगभग 18 दिन रह गई। सीएनजी, एसयूवी और ईवी सेगमेंट में मजबूत वृद्धि, नए लॉन्च और आगामी उत्पादों के दम पर एफवाय- 26 में तेज़ विकास के लिए आश्वस्त है।

## एनसीसी पीएम रैली 2026 के अंतर्गत पुणे से दिल्ली तक साइकिल अभियान

**भोपाल।** एनसीसी निदेशालय महाराष्ट्र द्वारा एनसीसी पीएम रैली 2026 के अंतर्गत आयोजित ऐतिहासिक साइकिल अभियान 'शौर्य के कदम, क्रांति की ओर' ने भोपाल स्थित आरकेडीएफ विवि पहुंचकर राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति का सशक्त संदेश दिया। यह साइकिल अभियान 24 दिसंबर 2025 को पुणे के ऐतिहासिक शनिवार वाड़ा से प्रारंभ हुआ, जो 1736 में मराठा पेशवा बाजीराव प्रथम द्वारा दिल्ली पर किए गए ऐतिहासिक अभियान के मार्ग का अनुसरण करता है। अभियान का नेतृत्व ब्रिगेडियर सचिन गवली, ग्रुप कमांडर, एनसीसी ग्रुप मुख्यालय अमरावती द्वारा किया जा रहा है। कुल 1680 किलोमीटर लंबे इस अभियान को 21 साइकिलिंग दिनों में पूर्ण किया जाना है, जो पाँच राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से होकर गुजरेगा। आरकेडीएफ विवि पहुंचने पर साइकिल अभियान दल का विवि प्रबंधन, एनसीसी कैडेट्स एवं विद्यार्थियों ने स्वागत किया। स्वागत समारोह के मुख्य अतिथि एडिशनल डायरेक्टर जनरल जेपी सिंह रहे। समारोह की गरिमा विशिष्ट अतिथि एपी सिंह, अध्यक्ष, ह्यूमन राइट्स कमीशन, प्रोफेसर विजय अग्रवाल, कुलपति, आरकेडीएफ विवि तथा प्रोफेसर एससी चौबे, कुलपति, राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विवि (आरजीपीवी) की उपस्थिति से और अधिक बढ़ गई।



## पेयजल गुणवत्ता व जलापूर्ति व्यवस्था सुदृढ़ करने एमपीयूडीसी में हुई समीक्षा बैठक

**भोपाल।** अपर मुख्य सचिव, नगरीय विकास एवं आवास विभाग श्री संजय दुबे द्वारा जारी आदेशों के पालन में मध्य प्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी (एमपीयूडीसी) द्वारा क्रियान्वित पूर्ण जलापूर्ति योजनाओं की अनुरक्षण व्यवस्था, पाइपलाइन रिसाव की पहचान, पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा शिकायत निवारण तंत्र को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से आज एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त प्रबंध संचालक श्री दिव्यांक सिंह ने की। बैठक में श्री दिव्यांक सिंह ने निर्देश दिए कि सभी पीआईयू स्तर पर विशेष टीमें गठित कर प्रत्येक नगरीय निकाय में योजना के विभिन्न स्तरों पर नियमित रूप से पेयजल के सेम्पल लिए जाएं। उन्होंने दो दिवस के भीतर सभी पीआईयू से सेम्पलिंग एवं परीक्षण की अद्यतन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही पीआईयू-वार कार्यों की विस्तृत समीक्षा कर जानकारी प्राप्त करने हेतु प्रमुख अभियंता को भी निर्देशित किया गया। प्रमुख अभियंता आनंद सिंह ने बैठक में बताया कि प्रत्येक पीआईयू द्वारा अलग-अलग स्तरों पर टीम गठित की जाएगी तथा जलावर्धन योजनाओं के जलशोधन संयंत्र के आउटलेट, ओवरहेड टैंक (ओएचटी) के इनलेट एवं आउटलेट तथा वितरण नेटवर्क के अंतिम बिंदु से पेयजल के सेम्पल लेकर अनिवार्य रूप से परीक्षण कराया जाएगा। उप परियोजना संचालक (तकनीकी) शैलेन्द्र शुक्ला द्वारा पीआईयू-वार समीक्षा करते हुए निर्देश दिए गए कि नगरीय निकाय स्तर पर सेम्पलिंग के लिए नामांकित अधिकारी एवं कर्मचारियों से संबंधित आदेशों की प्रति आज सायंकाल तक उपलब्ध कराई जाए तथा पेयजल सेम्पल टेस्टिंग की अद्यतन स्थिति भी प्रस्तुत की जाए। सभी पीआईयू को संबंधित नगरीय निकायों से समन्वय स्थापित कर कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में यह भी तय किया गया कि प्रत्येक पीआईयू द्वारा नगरीय निकायों के साथ न्यूनतम 15 दिवस एवं 30 दिवस में अनिवार्य रूप से समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी, जिससे योजनाओं की स्थिति की नियमित निगरानी की जा सके। इस संपूर्ण प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के सख्त निर्देश जारी किए गए हैं।

## लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट द्वारा ग्लोबल हंगर सर्विस वीक का शुभारंभ

**भोपाल।** लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233जी2 के तत्वावधान में डिस्ट्रिक्ट हंगर कोऑर्डिनेटर लायन सुमित अग्रवाल के नेतृत्व में 3 जनवरी को हंगर वीक के शुभारंभ अवसर पर जागरुकता रैली का आयोजन किया। रैली मध्यप्रदेश सिंधु भवन, भोपाल से प्रारंभ की गई। इस अवसर पर बताया गया कि ग्लोबल हंगर सर्विस वीकके अंतर्गत 10 मिलियन (1 करोड़) भोजन वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया है, ताकि जरूरतमंदों तक भोजन पहुंचाया जा सके और भूख के खिलाफ वैश्विक स्तर पर जागरुकता बढ़ाई जा सके। रैली को ऊर्जा प्रदान करने हेतु विशेष रूप से प्रथम वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन महेश मालवीय, लायन गायत्री मालवीय, भोपाल डिस्ट्रिक्ट के पूर्व गवर्नर, भोपाल हंगर को-ऑर्डिनेटर लायन भूपेंद्र पटेल, लायंस ऑफ भोपाल को-ऑर्डिनेटर लायन के. एल. चढ़ार, लायन कमलेश विश्वकर्मा, लायन दीपक गुप्ता, एडवोकेट लायन संजय गुप्ता सहित बड़ी संख्या में लायन साथी मौजूद रहे।

**बड़ी कामयाबी** — जिस बीमारी से गई थी स्टीव जॉब्स की जान, उसके इलाज में बड़ी सफलता

# एआई ने पहचाना बिना लक्षण वाला पैंक्रियाज कैंसर

**बीजिंग, जेएनएन।** चीन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) ने मेडिकल साइंस में एक बड़ी और उम्मीद जगाने वाली सफलता हासिल की है। यहां एक ऐसे मरीज में पैंक्रियाज (अग्नाशय) के कैंसर की पहचान एआई की मदद से की गई, जिसमें बीमारी के कोई लक्षण ही नहीं थे। यह वही कैंसर है, जिसने स्टीव जॉब्स की जान ले ली थी और जिसे दुनिया के सबसे घातक कैंसरों में गिना जाता है।

यह मामला 57 वर्षीय मजदूर किउ सिजुन का है, जो डायबिटीज की सामान्य जांच कराने अस्पताल गया था। जांच के तीन दिन बाद अस्पताल से डॉक्टर का फोन आया और उन्हें दोबारा बुलाया गया। इस फोन कॉल ने सिजुन को घबरा दिया। जांच के बाद जो सच सामने आया, वह चौंकाने वाला था- उन्हें पैंक्रियाज कैंसर था। राहत की बात यह रही कि यह कैंसर बहुत शुरुआती अवस्था में पकड़ में आ गया और तुरंत ऑपरेशन कर ट्यूमर निकाल दिया गया। इस पूरे मामले की खास बात यह है कि मरीज को कैंसर का कोई संदेह नहीं था। वह केवल डायबिटीज की जांच के लिए अस्पताल पहुंचा था। अस्पताल में एआई आधारित सिस्टम मरीजों के पुराने और नए टेस्ट डेटा का विश्लेषण कर रहा था। इसी दौरान एआई ने सिजुन की रिपोर्ट में असामान्य पैटर्न को पहचाना, जिसे इंसानी आंखें नजरअंदाज कर देती हैं।

### 90 फीसदी मरीज 5 साल भी नहीं रह पाते जीवित

डॉक्टरों के मुताबिक, अगर यह कैंसर कुछ महीने बाद पता चलता, तो शायद ऑपरेशन संभव नहीं होता। पैंक्रियाज कैंसर में अक्सर लक्षण तब सामने आते हैं, जब बीमारी काफी बढ़ चुकी होती है। यही वजह है कि इस कैंसर में 90 फीसदी मरीज पांच साल भी जीवित नहीं रह पाते।



### क्यों इतना खतरनाक है पैंक्रियाज कैंसर

पैंक्रियाज कैंसर को 'साइलेंट किलर' कहा जाता है। इसके शुरुआती लक्षण या तो बहुत हल्के होते हैं या नजर नहीं आते। पेट दर्द, वजन कम होना, मतली या पीलिया जैसे लक्षण तब दिखते हैं, जब कैंसर शरीर में फैल चुका होता है। नियमित स्क्रीनिंग भी मुश्किल मानी जाती है। कॉन्ट्रास्ट सीटी स्कैन या एमआरआई जैसे टेस्ट महंगे होते हैं।

### एआई ने बदली तस्वीर सूक्ष्म संकेत की पहचान


अब एआई इस चुनौती को बदल रहा है। चीन के निंगबो यूनिवर्सिटी से जुड़े पीपुल्स हॉस्पिटल में एक खास एआई टूल का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिसका नाम है पांडा- यानी पैंक्रियाज कैंसर डिटेक्शन विथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस। यह टूल नॉन-कॉन्ट्रास्ट सीटी स्कैन जैसी कम स्पष्ट तस्वीरों में भी अग्नाशय के कैंसर के सूक्ष्म संकेत पहचान लेता है।

### एक साल से चल रहा क्लिनिकल ट्रायल

नवंबर 2024 से इस एआई सिस्टम का क्लिनिकल ट्रायल चल रहा है। अब तक यह टूल 1 लाख 80 हजार से ज्यादा पेट और सीने के सीटी स्कैन का विश्लेषण कर चुका है। इसके जरिए करीब 24 पैंक्रियाज कैंसर के मामले सामने आए, जिनमें से 14 शुरुआती स्टेज में थे- ऐसा आमतौर पर बेहद दुर्लभ माना जाता है।

# साहित्य सृजन

## मेरी माँ



अल्पवयसि वैधव्य-व्रत, विधि का कठोर विधान।
धैर्य-दीप प्रज्ज्वलित किया, त्याग बनी पहचान॥
निज सुख सर्व विसर्जित कर, सुत-हित जीवन दान।
ममता की अविरल धरा, बनी गृह की प्राण॥
कृषि, गृह, संस्कार सब, धारित दृढ़ विवेक।
जननी नहीं, वरन् वही, गृह की आत्मा एक॥
बधुओं में कन्या-दर्शन, नाति-पौत्र में प्रीत।
जर्जर तन, पर चित्त में, कर्तव्य अमिट रीत॥
ऐसी त्यागमयी जननी, शत-शत शीश नमन।
धरती ने मातृत्व को, पाया सजीव बदन॥

**लाल जी मिश्रा `अडिग', रतहरा रीवा**

## नया वर्ष 2026



नए वर्ष में सबसे पहले, सबको आज बधाई।
मंगलमय हो जीवन सबका, ज्ञान की ज्योति जलाई।
स्वागत करें नववर्ष का, आनंद और उत्कर्ष का।
ईश्वर से है यही कामना,सबकी रहे निरोगी काया।
यश कीर्ति वैभव मिले,रहे प्रभु की हरदम छाया।
सदमार्ग पर चलते जायें,दीन दुखी का बने सहारा,
ऐसा होवे ध्येय हमारा।
2026 का हुआ आगाज, जैसे बजा सुरीला साज।
जगत का होवे कल्याण,पूरे हो सबके अरमान।
दुख दर्द का अवसान हो, शोषितों का उत्थान हो।
हर हाथ में अब काम हो, मंजिलों में अपना नाम हो।
बुलंद है अपने इरादे, पूरे होंगे अब हर वादे।
अविराम मन में हर्ष हो, मुबारक नया वर्ष हो।।

**कमलेन्द्र कुमार `मानव', रीवा**

## दाऊ साहब



मेरा स्वाभिमान हैं मेरे पापा मेरा अभिमान हैं मेरे पापा
जिम्मेदारी को जो जिम्मेदारी से निभा दे, वो हैं मेरे पापा
अपना सब कुछ त्याग जो मेरी दुनिया संवार दे
वो हैं मेरे पापा।
खुद को बेच कर जो मुझे बनाने में लग जाए
वो हैं मेरे पापा।
मेरी तरक्की में जो मुझसे ज्यादा खुश हो जाए
वो हैं मेरे पापा।
मुझे देख कर जो अपनी थकान भूल जाए वो हैं मेरे पापा।
जिनकी हर बात में मेरा नाम हो, जिनकी सुबह और शाम मेरे साथ हो,
जिनका सबसे बड़ा गुरूर मेरा नाम हो, वो हैं मेरे पापा।

**यशिका सिंह `भूमि', रीवा**

## आपन देस महान



स्वच्छ बनै सुंदर बनै आपन देस महान
स्वच्छतै सेबा बनै जन -जन केर अभियान।
इह्न उह्न ना थूंकी खायके गुटखा तंबाकू पान
गांव, मोहल्ला, सड़क गली ,मा देई सफाई पै ध्यान।
स्वच्छ बनै सुंदर बनै आपन देस महान।
कचरा घर अउर शौचालय के करबाई निर्मान
स्वच्छ स्वदेश बनाई आपन कैइके खुद श्रमदान।
स्वच्छ बनै सुंदर बनै आपन देस महान।
महामारी से खुदौ बची अउर बचाई सबके जान
लेई शपथ के राखब स्वच्छ आसपास केर बाग बगान।
स्वच्छ बनै सुंदर बनै आपन देस महान।
स्वच्छता ही सेबा ह्बै चाही सबके योगदान
सफाई कर्मिन का देई खूब सम्मान,
स्वच्छ बनै सुंदर बनै आपन देस महान।
सुगंध भारत के स्थापित करै विश्व मा नव कीर्तिमान,
स्वच्छता के विकास पथ पर बढ़ै दिनौ दिन हिन्दुस्तान।
स्वच्छ बनै सुंदर बनै आपन देस महान।

**आशीष तिवारी `निर्मल', लालगांव**

## पढ़ाई



पढ़ो इतना मेरे लालों, पढ़ाई काम आए जाए,
गढ़ो इतिहास जब लालों,पढ़ाई काम आए जाए,
ए जीवन एक सागर सा,जहां हिम्मत ही नौका है,
फंसे नौका समंदर में, पढ़ाई काम आए जाए,
पढ़ो इतना मेरे लालों, पढ़ाई...
किताबों में वही लिखा, जो अब तक हो गया होगा,
नया कुछ कर दिखाने मे,पढ़ाई काम आए जाए,
पढो इतना मेरे लालों, पढ़ाई...
न गिनती एक जैसी है ,न जीवन एक जैसा है,
कोई जब अर्थ समझाए,पढ़ाई काम आए जाए,
पढो इतना मेरे लालों, पढ़ाई...
दिनों दिन जिन्दगी के तो, अलग ही मायने होंगे,
बदलते हर पटल मे तो,पढ़ाई काम आ जाए,
पढ़ो इतना मेरे लालों, पढ़ाई...
विषय कोई भी हो लेकिन, विषय वस्तु जरूरी है,
पड़े विषयों से जब पाला,पढ़ाई काम आ जाए,
पढ़ो इतना मेरे लालों, पढ़ाई...

**आशीष खरे, रीवा**

## नवा साल



जब दार भात घिउ घाल मिलै।
जब घर बसंत मधुमास खिलै।।
जब ओन्ना टरै ठारी मा।
जब आबइ खुसी बिआरी मा।।
जब ठीक रहै सब हाल चाल।
तब जानइ आबा नवा साल।।
जब दँदकइ राति रजाई मा।
बनिके महिमान छनाई मा।।
दिन काटइ गप्प हँकाई मा। खुब जेवा भरइ विदाई मा।।
जब घाँमें पहुड़ै ओढ़ि साल। तब जानइ आबा नवा साल।।
जब चढ़िके बागइ लारी मा। तब काटइ मजा सबारी मा।।
मिलै फिरी के चाह समोसा। तब छूटइ घर पूर भरोसा।।
जब देंह परइ छानें म लाल। तब जानइ आबा नवा साल।।
बनी रहइ ससुरार के बखरी। मानउ घिउ मा पाँचउ अंगुरी।।
मिलइ खाइ का बरा मुगउरा। सरहज करैं बइठ के चउरा।।
जब पोंछै मुँह क लिहे रुमाल। तब जानै आबा नवा साल।।

**राम सुख `सफाया',अजोरा त्योंथर**

## ऐसा पावन हमारा...



तुम्हारी सुबह स्नेह किरणें बिखेरे
शान्ति संध्या तुम्हारा प्रदर्शन बने,
हो जीवन मरुस्थल, खुशियों का स्थल
परहित के भावों का अर्चन बने;
सद्भाव जाग्रत हो जाए हृदय में,
विचारों की वंशी का स्वर उत्कर्ष हो।
ऐसा पावन हमारा नया वर्ष हो।।
ईर्ष्या, हृदय की शोभा नहीं हो
हिंसा, मनुज आचरण न बने,
ग्रन्थों में मन को रमा दें सभी
अनाचार, व्यभिचार, आभरण न बनें,
संस्कारों का काजल, गुणों का नयन,
शब्द सार्थक विषय पर परामर्श हो।
ऐसा पावन हमारा नया वर्ष हो।।
भ्रष्ट तूफान का अब न साया यहां
हृदय दीप की लौ बुझाने उठे,
जागरण का उजाला सतत हो धरा पर
हम सभी को मनुजता जगाने उठे,
शील, समता हमारी मनोकामना,
मूल्य मानव से ज्योतित परम हर्ष हो,
ऐसा पावन हमारा नया वर्ष हो।।

**प्रविन्दु दुबे `चंचल', सिंगरौली**

---

### कलेक्टर कान्फ्रेंस के एजेण्डा बिन्दुओं में कार्यवाही की समीक्षा

# वर्ष 2047 तक मऊगंज को विकसित जिला बनाने की करें तैयारी : कलेक्टर

### एजेण्डा बिन्दुओं पर तत्परता से कार्यवाही करने के निर्देश



**मऊगंज।** मऊगंज के कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर संजय कुमार जैन ने कलेक्टर कान्फ्रेंस के एजेण्डा बिन्दुओं में कार्यवाही की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि कमिश्नर्स और कलेक्टर्स कान्फ्रेंस के एजेण्डा बिन्दुओं में की गई कार्यवाही की उच्च स्तर से निरंतर समीक्षा की जा रही है। सभी अधिकारी अपने विभाग से संबंधित बिन्दुओं पर तत्परता से कार्यवाही करके प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। जिले के विकास से संबंधित ग्राम पंचायतों की कार्ययोजना, विधानसभा क्षेत्र विकास के लिए बनाई गई कार्य योजना तथा वर्ष 2047 तक विकसित जिला बनाने के लिए निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप विभाग की तीन वर्ष की कार्ययोजना बनाएं। इस कार्ययोजना के वर्षवार लक्ष्य निर्धारित कर उसे पूरा करें। इसमें किसी तरह की कठिनाई होने पर वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल अवगत कराएं। विभागीय समीक्षा बैठकों का नियमित रूप से आयोजन करें। सभी अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण करके विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करें।

### एनिमिक गर्भवती महिलाओं पर दें विशेष ध्यान

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास महिलाओं और शिशुओं की स्वास्थ्य रक्षा के लिए संयुक्त रूप से प्रयास करें। गर्भवती महिलाओं में महिलाओं की जांच तथा टी.बी. स्क्रीनिंग की शत प्रतिशत पूर्ति करायें। हर महीने प्रसव के दौरान हुई मौत की घटनाओं की ऑडिट कराकर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। प्रत्येक गर्भवती महिला को यदि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अपने केन्द्र में ही आयरन की गोली खिला दें तो एनीमिया पर पूरा नियंत्रण हो सकता है। आमजनता के स्वास्थ्य और पोषण से जुड़े सूचकांकों में तथ्यपूर्ण जानकारी दें। गंभीर रूप से एनिमिक गर्भवती महिलाओं को आयरन सुक्रोज के इंजेक्शन लगाने तथा अतिरिक्त खून चढ़ाने की संवेदनशीलता से मॉनीटरिंग करें।

### व्यवस्थित तरीके से हो खाद वितरण

कलेक्टर ने कहा कि कृषकों को व्यवस्थित तरीके से खाद वितरण तथा स्प्रिंकलर सिंचाई के लिए अधिक से अधिक किसानों को जागरूक करें। उप संचालक पशुपालन नए मिल्करूट बनाएं तथा नई दुग्ध सहकारी समितियों का गठन कराकर दूध के संकलन में वृद्धि कराएं। रोजगारमूलक सभी योजनाओं के वार्षिक लक्ष्य की पूर्ति निर्धारित समय में किया जाना सुनिश्चित करें।

### बारदानों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करें

बैठक में कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास, स्वच्छ भारत मिशन, पीएम स्वनिधि योजना सहित लखपति दीदी के बैंक रेट वितरण व किसान क्रेडिट कार्ड के प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि उपार्जन के लिए बारदानों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित रखने के निर्देश दिये। उन्होंने भीमराव अम्बेडकर, कामधेनु योजना की प्रगति को बढ़ाने तथा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत हितग्राहियों को हितलाभ प्रदान करने के निर्देश दिये। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर पी.के. पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर ए.पी. द्विवेदी, डिप्टी कलेक्टर पवन गुरैया, एसडीएम मऊगंज राजेश मेहता, एसडीएम हनुमना रश्मि चतुर्वेदी तथा विभागीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# श्मशान घाट पर गेहूँ की फसल! हरिजन बस्ती में उपजा आक्रोश

### प्रशासन पर उठे गंभीर सवाल

**त्योंथर।** त्योंथर तहसील के ग्राम रायपुर में संवेदनाओं को झकझोर देने वाला मामला सामने आया है। यहाँ हरिजन बस्ती के शासकीय श्मशान घाट की भूमि पर गेहूँ की फसल उगा दी गई, जिससे पूरे गाँव में आक्रोश फैल गया है। जिस भूमि पर वर्षों से दाह-संस्कार होता रहा, उसी पवित्र स्थल को खेत में बदल देना ग्रामीणों के अनुसार मानव गरिमा और सामाजिक मर्यादा का खुला अपमान है। मामला यहीं नहीं रुका। आरोप है कि उसी व्यक्ति द्वारा शासकीय नाले पर भी अतिक्रमण किया गया, जिससे जल निकासी बाधित हो रही है और बस्ती के लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। प्रभावित हरिजन बस्ती की जनसंख्या लगभग 300-400 बताई जा रही है। इस गंभीर प्रकरण में मेवालाल हरिजन द्वारा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन (शिकायत क्रमांक 35246864) पर शिकायत दर्ज कराई गई थी। राजस्व विभाग की जांच में अतिक्रमण की पुष्टि और धारा 248 के तहत प्रकरण बनाए जाने की बात सामने आई, इसके बावजूद आज तक न तो अतिक्रमण हटाया गया और न ही श्मशान भूमि को मुक्त कराया गया। उल्टा, शिकायत को क्लोज्ड कर दिया गया, जिससे प्रशासनिक संरक्षण के आरोप लगने लगे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पंचायत स्तर पर भी चुप्पी साधी गई, जबकि सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा सरपंच का कर्तव्य है। श्मशान घाट जैसी संवेदनशील भूमि पर खेती होने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई न होना प्रशासन की कार्यप्रणाली पर बड़ा प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। हरिजन बस्ती के लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र श्मशान घाट और नाले से अतिक्रमण नहीं हटाया गया, दोषियों व संरक्षण देने वालों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो वे कलेक्टर व एसपी कार्यालय के समक्ष आंदोलन करने को बाध्य होंगे। ग्रामीणों ने इस मामले को जनहित, सम्मान और संवैधानिक अधिकारों से जुड़ा बताते हुए तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।

# माघ मेला के दौरान किये जाने वाले पार्किंग स्थल का किया निरीक्षण



**मऊगंज।** प्रयागराज में प्रारंभ हुए माघ मेला के दौरान मऊगंज जिले में वाहनों की पार्किंग के लिए विभिन्न स्थान निर्धारित किये गये हैं। कलेक्टर संजय कुमार जैन ने हनुमना में बनाये गये पार्किंग स्थल का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पार्किंग स्थल में वाहनों की पार्किंग के लिए व्यवस्था हेतु पर्याप्त कर्मचारियों की ड्यूटी लगायें तथा सीमावर्ती राज्य से समन्वय करते हुए सुविधाजनक ढंग से वाहनों को आने जाने की सतत निगरानी रखें। इस दौरान पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी ने पुलिस अधिकारियों को पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था रखने के निर्देश दिये।

# मां सावित्री बाई फूले की 195वीं जयंती मनाई ज्योतिबा राव स्कूल रामबाग में हुआ आयोजन



**जवा ब्यूरो।** महात्मा ज्योतिवा राव फूले विद्या परिषद द्वारा माँ सावित्री बाई फूले की 195वीं जयन्ती कार्यक्रम ज्योतिबा राव हाई स्कूल रामबाग में संस्थान के अध्यक्ष शम्भू सिंह पटेल के मुख्य आतिथ्य एवं पूर्व जनपद सदस्य राजमणि कुशवाहा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा मां सावीत्री बाई फूले के जीवन पर आधारित स्वागत गीत, संस्कृति कार्यक्रमों की प्रस्तुत दी गइ। मुख्य अतिथि शंभू सिंह ने मां सावित्रीबाई फूले के जीवन संघर्षों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज मुझे इस बात का गर्व है की मां सावित्रीबाई फूले जी की वजह से हमारे देश की महिला राष्ट्रपति व जिले की कलेक्टर महिला हैं। आज महिलाएं शिक्षा स्वास्थ्य सेना सहित हर क्षेत्र में आगे बड़ रही हैं। उक्त अवसर पर संस्थान के उप संचालक सुरेश सिंह, प्राचार्य अतिबल सिंह, सीएसी जगजीवन त्यागी,बबलू पाण्डेय,कैलाश प्रसाद तिवारी, सुरेश गुप्ता क्षेदीलाल कुशवाहा, अजीत खान सहित छात्र छात्रायें शिक्षक अभिवावक उपस्थित रहे।

# भाजपा जिलाध्यक्ष ने की क्षेत्रवासियों के कल्याण और खुशहाली की प्रार्थना



**आंचलिक डेस्क।** भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता ने महसांव स्थित पावन देवी माता एवं देव भूमि धाम में विधि-विधान से दर्शन, पूजन एवं आरती कर माता रानी का दिव्य आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने देवी माता के श्रीचरणों में शीश नमन करते हुए क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की। पूजन के पश्चात वीरेंद्र गुप्ता ने कहा कि देव भूमि धाम का दिव्य एवं आध्यात्मिक वातावरण श्रद्धालुओं को शांति, सकारात्मक ऊर्जा और आत्मिक बल प्रदान करता है। उन्होंने देवी माता से क्षेत्रवासियों के कल्याण, खुशहाली और उन्नति की प्रार्थना की।

# सराहनीय योगदान देने वाले समाजसेवियों का किया सम्मान



**मऊगंज ब्यूरो।** नव वर्ष की पूर्व संध्या पर विश्व गीता प्रतिष्ठानम के जिला अध्यक्ष रमेश पाण्डेय (मुन्ना) ने समाजसेवा के क्षेत्र में सराहनीय योगदान देने वाले समाजसेवियों के साथ ही जिले के अधिवक्ताओं पत्रकारों एवं अधिकारियों को अंग वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। इसमे प्रमुख रूप से वरिष्ठ पार्षद विश्वनाथ मिश्रा,पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष अजय मिश्रा,एस आरपी महाविद्यालय हनुमना के प्राचार्य रुक्मिणी रमण शुक्ल,अधिवक्ता संघ सचिव एड.उमेश दुबे,वरिष्ठ अधिवक्ता अरुण कुमार मिश्रा,एड.पंकज मिश्रा, एड.शिवशंकर मिश्रा,एड. मनीष मिश्रा,मऊगंज बीईओ शत्रुघ्न मिश्रा,यातायात प्रभारी नरेश प्रताप सिंह,शिक्षा विद पंडित रामकिंकर मिश्रा, रामकृष्ण मिश्रा,वरिष्ठ समाजसेवी केशव मिश्रा,कर्दम ऋषि तिवारी,रत्नेश्वर द्विवेदी, राष्ट्रीय पुनर्जागरण अभियान के सदस्य विपिन सिंह,आचार्य चन्दप्रताप दुबे, समाजसेवी नेता अखिलेश पाण्डेय प्रमुख रूप से शामिल रहे। इस अवसर पर सम्मानित लोगों ने कहा कि इस तरह का सम्मान उन्हें और अधिक जिम्मेदारी के साथ समाज सेवा करने के लिए प्रेरित करता है। इस कार्यक्रम में जिले के वरिष्ठ एवं युवा पत्रकारों के साथ-साथ कई समाजसेवी और अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने गीता स्वध्याय मंडल की इस पहल की सराहना की और इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। उल्लेखनीय है कि जिला अध्यक्ष श्री पाण्डेय लंबे समय से गीता स्वाध्याय के साथ ही योग विद्या में सक्रिय रहते हुए जनसेवा के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाते आ रहे हैं। क्षेत्र में उनकी छवि बड़े विद्वान गीता के कथाकार रूप में मानी जाती है।

## स्वास्थ्य शिविर में 44 मरीजों का हुआ परीक्षण

**गुढ़(नि.प्र)।** इंजी.(स्मृति शेष) संजय गुप्ता की याद में गठित समिति संजय गुप्ता स्मृति सेवा संस्थान गुढ़ द्वारा माह की प्रत्येक तीन तारीख को निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण व उपलब्ध दवाइयों का निःशुल्क वितरण किया जाता है। इसी तारतम्य में 25वाँ निःशुल्क शिविर 03 जनवरी शनिवार को स्वामी विवेकानंद क्लीनिक गुढ़ में 44 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण ,जांच और निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण डॉ. बृजेश कुमार गुप्ता,डॉ. आरती गुप्ता,डॉ. आकांक्षा गुप्ता एवं डॉ.साक्षी गुप्ता द्वारा किया गया। अगला निःशुल्क शिविर आगामी 03 फरवरी को आयोजित किया जाएगा।

# 'भ्रमर' ने संवेदित होकर कविताएं लिखीं और उसे जिया भी

### भृगुनाथ पाण्डेय 'भ्रमर' का सेवानिवृत्ति पर हुआ सम्मान

**रायपुर कर्चु./रीवा।** प्रसिद्ध साहित्यकार भृगुनाथ पाण्डेय 'भ्रमर' (कृषि विस्तार अधिकारी) की सेवानिवृत्ति पर जहां एक ओर कृषि विभाग विकासखंड रायपुर से उन्हें भावभीनी विदाई दी गई, वहीं उनके कार्यक्षेत्र अंचल सगरा में किसानों एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा आयोजित विदाई सम्मान समारोह में, अभिनंदन किया गया। उपसंचालक कृषि यू.पी.बागरी ने कहा की भ्रमर जी ने आम आदमी की पीड़ा से संवेदित होकर कविताएं लिखीं तो शासकीय सेवा के दौरान उसे जिया भी। पाण्डेय सदैव प्रेरक बनकर विभागीय साथियों का मार्गदर्शन करते रहेंगे। प्रगतिशील कृषक एवं कृषि स्थाई समिति रायपुर कर्चुलियान के अध्यक्ष राम नारायण सिंह बरहदी, अशोक श्रीवास्तव,और सनत पाण्डेय सगरा तथा कृषि विभाग के सभी अधिकारी, कर्मचारी इस अवसर पर उपस्थित रहे। इसी क्रम में पाण्डेय के सम्मान में उनके कार्यक्षेत्र सगरा म भी विदाई समारोह का आयोजन किया गया।




इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री के निज सचिव राजीव तिवारी ने कहा कि भ्रमर ऐसे अनोखे व्यक्ति हैं जिन्होंने शासकीय, सामाजिक और साहित्यिक दायित्वों को एक साथ पूरे मनोयोग से निभाते हुए अपनी कर्मठता और संवेदनशीलता का परिचय समाज को दिया है। वरिष्ठ समाजसेवी और किसान नेता महेन्द्र तिवारी टिकुरी ने कहा कि पाण्डेय अद्वितीय प्रतिभा के धनी और कर्तव्य परायण व्यक्ति हैं। हम सबको उनसे मार्गदर्शन की सदैव जरूरत रहेगी। बृजेन्द्र शरण पाण्डेय ने काव्य पंक्तियों के माध्यम से भ्रमर को कर्मयोगी की संज्ञा देते हुए समाज और किसानों का सहज हितैषी बताया। डी एल मिश्र वरिष्ठ समाजसेवी ने कहा कि पाण्डेय ने अपना हर पल समाज और किसानों के लिए समर्पित किया। अशोक श्रीवास्तव ने उन्हें किसानों का सच्चा दोस्त बताया। पूर्व मेजर अमृतलाल मिश्र ने कहा कि जो भी इनसे मिलता था उसे लगता था कि पाण्डे सबसे अधिक मुझे मानते हैं। इस अवसर पर भृगुनाथ पाण्डेय की पत्नी एवं पुत्रवधू का भी शॉल, श्रीफल, रामचरितमानस ग्रंथ एवं लड्डू गोपाल की मूर्ति प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ललित शरण पाण्डेय, गोविंद पाण्डेय,शिवानंद तिवारी, नागेश्वर परोहा, राज किशोर पांडे, डॉ राजेंद्र पांडे, संतोष पांडे, राजकुमार पाठक, मती कृष्णा सिंह एईओ (लौवा/सगरा), राजमुनि साकेत एईओ (चोरगढ़ी/मनकहरी), ज्ञानेंद्र पाठक, राजेंद्र पाठक, बक्छेरा से आशुतोष तिवारी, और के.डी तिवारी, दिलीप तिवारी, विनायक तिवारी, छोटेलाल विश्वकर्मा पूर्व जनपद सदस्य, लवकुश मिश्र, सुधांशु मिश्रा, मृत्युंजय पाठक, सनत पांडे, मुकेश पांडे, आशुतोष पांडे, आदित्य पांडे, रामानंद तिवारी, दयानंद तिवारी, अनुराग परौहा, संतभान पाल, रामनाथ तिवारी,अखंड ज्योति पाण्डेय, अमन श्रीवास्तव, मोहित श्रीवास्तव, किशन श्रीवास्तव सहित वरिष्ठ जन प्रतिनिधि एवं अधिवक्ता लाल जी पांडे इटौरा, निवास पटेल सोनोरा, नीलेश शुक्ला इटोरा, दिवाकर मिश्रा सरपंच टिकुरी, लक्ष्मीकांत तिवारी सरपंच बक्क्षेरा, सूर्य प्रसाद मिश्रा नवागांव, आदि आसपास के गांव से और सगरा के सैकड़ों कृषक और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। और पांडे जी के द्वारा किए गए कार्यों, उनके स्वभाव, उनके कृतित्व और व्यक्तित्व की सराहना किए। और उनको उनके परिजनों सहित सम्मान के साथ विदा किया गया।कार्यक्रम का सफल भावपूर्ण संचालन राजराखन पटेल एवं डी एल मिश्रा ने किया।

## न्यूज कार्नर

### स्व.रामलखन सिंह के व्यक्तित्व व कृतित्व को याद किया

**जवा ब्यूरो।** जवा तहसील के ग्राम पंचायत बसरेही में स्व. रामलखन सिंह पटेल पूर्व विधायक त्योंथर के जन्म जयंती समारोह मनाया गया। मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सांसद राजमणि पटेल किसान नेता अनिल सिंह कुढिला, डॉ.धीरज सिंह सहित अन्य मंचासीन अतिथियों के द्वारा स्व.रामलखन सिंह के चित्र पर दीप प्रज्वलन माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व कृतित्व को याद किया गया। तत्पश्चात श्रीराम हास्पिटल शंकरगढ के संचालक डॉ.धीरज सिंह की अगुवाई में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा एक सैकड़ा से ज्यादा मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं बीपी,खून जांच, शुगर की जांच कर निःशुल्क दवाई का भी वितरण किया गया। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि राजमणि पटेल ने कहा कि स्व.रामलखन सिंह पटेल गरीब किसान मजदूर सर्वहारा वर्ग के नेता थे, जिन्होंने अपने सिद्धांतों के साथ कभी भी समझौता नहीं किया। उनका पूरा जीवन क्षेत्र के विकास एवं पीड़ित मानवता के लिए समर्पित रहा है, साथ ही स्वास्थ्य परीक्षण शिविर की भी सराहना करते हुए उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुए नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। उक्त अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी धर्मेन्द्र सिंह,एस.के सिंह,प्रभाकर सिंह,सुनील सिंह, अनिल सिंह,नीरज सिंह कुढिला, जितेंद्र सिंह,आशीष सिंह, अजीत सिंह,बिमल तिवारी, श्रीकांत विश्वकर्मा, विनोद सिंह कुठिला, अनिल मिश्रा ओझापुर्वा सहित सैकड़ों के संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### नेबुहा को हराकर फाइनल विजेता बनी पटेहरानाथ



**बड़ी हरदी निप्र।** हरदी मोड़ प्रीमियर लीग सीजन 2 का शनिवार को समापन हुआ। टॉस जीत कर नेबुहा टीम ने फील्डिंग करने का निर्णय लिया गया जिसमे पटेहरानाथ ने बल्लेबाजी करते हुए 17 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 116 रन का लक्ष्य नेबुहा की टीम के सामने रखा। पीछा करते हुए 70 रन बनाकर नेबुहा की टीम ऑल आउट हो गई, इस तरह 46 रनों से पटेहरानाथ जीत हासिल की। विजेता टीम को 15000 नकद जबकि उपविजेता टीम को 7500 नकद एवं ट्राफी से नवाजा गया। मैन आफ द मैच इश्तियाक खान और मैन आफ़ द सीरीज राहुल यादव को दिया गया। मुख्य अतिथि जनपद सीईओ सिरमौर हरिश्चंद्र द्विवेदी रहे जबकि अध्यक्षता उमेश प्रजापति एसडीओपी सिरमौर ने की। विशिष्ट अतिथि के तौर पर घनश्याम मिश्रा, लक्ष्मण शुक्ला, रवि प्रताप सरपंच तेंदुन समाज सेवी दलगंजन सिंह ,शिवरंजन सिंह, राजेश सिंह, अनिल सिंह, सुखेन्द्र सिंह, राजू सिंह, अरूण सिंह, जितेंद्र सिंह,पंचायत सचिव योगेश सिंह रामसलोने विश्वकर्मा, विश्वनाथ साकेत,नवीन सिंह ,शेष सिंह, अलीराज सिंह, समयलाल सिंह, प्रदीप सिंह, शेष सिंह ,विकास सिंह, विकास सिंह (विक्कू) तैजूद रहे। इस अवसर पर अंकू सिंह कमेटी सदस्य शिवमोहन सिंह ,प्रवीण सिंह ,अंकित सिंह ,सूरज सिंह, पृथ्वीराज सिंह, अंशू सिंह ,अर्जुन सिंह, जय सिंह ,टोनी ,विम्मी, शेखर सिंह ,बृजलाल यादव, नीरज सिंह ,गुल्लू, अमर, सहित तेंदुन गांव के ग्रामीण किक्रेट प्रेमी मौजूद रहे।

### अलाव की व्यवस्था से वंचित हनुमना बस स्टैंड के यात्री

**ब्यूरो चीफ हनुमना।** हनुमना बस स्टैंड में हमेशा यात्रियों का आना-जाना लगा रहता है, ठहाके की ठंड में अलाव की व्यवस्था अभी तक नहीं हुई है, जबकि मऊगंज जिले के जिला अधिकारी द्वारा अलाव की व्यवस्था चिन्हित स्थानों में किए जाने के आदेश नगर परिषद अधिकारी को दिए गए थे। सवाल यह पैदा हो रहा है कि यह अलाव मुख्य नगर पालिका अधिकारी या उनके अधीनस्थ कर्मचारी कहां पर जला रहे हैं।

## न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज 11 जनवरी से, पहला मैच वडोदरा में

# गिल कप्तान, पंत, सिराज और श्रेयस की वापसी

जेएनएन, नई दिल्ली

अनुभवी भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की घरेलू वनडे सीरीज के लिए शनिवार को चुनी गई 15 सदस्यीय भारतीय टीम में वापसी की, जबकि श्रेयस अय्यर भी फिटनेस मंजूरी मिलने पर इस टीम का हिस्सा होंगे। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू सीरीज में नजरअंदाज किए गए सिराज की वनडे टीम में वापसी हुई है। नवंबर में ऑस्ट्रेलिया में वनडे सीरीज के दौरान 'स्प्लीन' (तिल्ली) में चोट लगने के कारण अस्पताल में भर्ती हुए अय्यर को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) से फिटनेस मंजूरी पाने के लिए इस महीने विजय हजारे ट्रॉफी में अपनी मैच फिटनेस साबित करनी होगी। दिग्गज हरफनमौला हार्दिक पंड्या को सीओई से मैच में 10 ओवर गेंदबाजी करने की अनुमति नहीं मिली इसलिए चयनकर्ताओं ने उन्हें 11 जनवरी से वडोदरा में शुरू होने वाली सीरीज के लिए टीम में शामिल नहीं किया। इस सीरीज के बाकी दो मैच राजकोट और इंदौर में क्रमशः 14 और 18 जनवरी को खेले जाएंगे। वनडे सीरीज के बाद भारत न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज भी खेलेगा, जिसकी शुरुआत 21 जनवरी को नागपुर में होगी।



**भारतीय टीम:** शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, केएल राहुल (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर (उपकप्तान; फिटनेस मंजूरी के अधीन), वाशिंगटन सुंदर, रविंद्र जडेजा, मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा, प्रसिद्ध कृष्णा, कुलदीप यादव, रिषभ पंत (विकेटकीपर), नितीश कुमार रेड्डी, अर्शदीप सिंह, यशस्वी जयसवाल।

### विजय हजारे ट्रॉफी में खेलेंगे श्रेयस अय्यर

श्रेयस चोट से उबरने के बाद पहला प्रतिस्पर्धी मैच खेलने के लिए तैयार हैं। वह विजय हजारे ट्रॉफी में मुंबई और हिमाचल प्रदेश के बीच छह जनवरी को होने वाले मैच में खेलेंगे, लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी सीरीज में उनकी उपलब्धता फिटनेस पर निर्भर करेगी। सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे और अंतिम वनडे मैच के दौरान अय्यर को चोट लगी थी। बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के एक सूत्र के अनुसार यह 31 वर्षीय खिलाड़ी अपनी घरेलू टीम मुंबई के लिए 50 ओवरों की प्रमुख घरेलू प्रतियोगिता में खेलेगा।

### शतक लगाने के बावजूद गायकवाड़ टीम में नहीं

दक्षिण अफ्रीका सीरीज के दौरान शानदार शतक बनाने के बावजूद रितुराज गायकवाड़ को चयनकर्ताओं ने नजरअंदाज किया। वहीं तिलक वर्मा और ध्रुव जुरेल बाहर हुए हैं। भारतीय दल में शामिल अन्य बल्लेबाजों में रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल और विराट कोहली शामिल हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में कप्तानी की भूमिका अदा करने वाले केएल राहुल और रिषभ पंत बतौर विकेटकीपर भारतीय दल में शामिल हैं। इसके साथ ही बतौर ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर, नीतीश कुमार रेड्डी और रवींद्र जडेजा शामिल हैं। वॉशिंगटन और जडेजा के अलावा स्पिन विभाग की जिम्मेदारी कुलदीप यादव संभालेंगे। जबकि सिराज के साथ तेज गेंदबाजी आक्रमण में प्रसिद्ध कृष्णा, अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा शामिल हैं।



### गेंदबाज मयंक एक साल बाद उतरेंगे मैदान पर

भारतीय तेज गेंदबाज मयंक यादव पीठ के निचले हिस्से में ऐंठन के कारण लगभग एक साल तक मैदान से बाहर रहने के बाद अब अपनी पूरी क्षमता से गेंदबाजी करने के लिए फिट होने के करीब हैं। इस 23 वर्षीय तेज गेंदबाज ने आईपीएल 2024 में अपनी तूफानी गेंदबाजी से सबका ध्यान खींचा था। इसके बाद वह सबसे छोटे प्रारूप में भारत के लिए भी खेले। हालांकि पीठ की चोट के कारण वह 2025 में केवल दो प्रतिस्पर्धी मैच ही खेल पाए। मयंक की फिटनेस संबंधी समस्याओं के बावजूद उनकी आईपीएल टीम लखनऊ सुपर जायंट्स ने इस तेज गेंदबाज पर भरोसा दिखाया और पिछले महीने हुई नीलामी से पहले उन्हें अपनी टीम में बनाए रखा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अधिकारी ने बताया, मयंक यादव अच्छी प्रगति कर रहे हैं और वह अपनी पूरी क्षमता के साथ गेंदबाजी करने के करीब हैं।

# पंत की तूफानी पारी से दिल्ली की जीत पडिक्कल का पांच मैचों में चौथा शतक

### विजय हजारे ट्रॉफी: दिल्ली ने 19.4 ओवर में सेना को हराया

जेएनएन, बेंगलुरु

भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज रिषभ पंत ने खराब लय से उबरते हुए नाबाद



अर्धशतक जड़ा, जिससे दिल्ली ने शनिवार को विजय हजारे ट्रॉफी ग्रुप-डी के पांचवें दौर के मैच में सेना को आठ विकेट से हराकर जीत की राह पर वापसी की। दिल्ली ने सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य (72 रन नाबाद) और पंत (37 गेंदों पर 67 रन नाबाद) के आक्रामक अर्धशतकों की बदौलत महज 19.4 ओवर में जीत के लिए मिले, महज 178 रन के लक्ष्य को हासिल कर लिया। भारतीय तेज गेंदबाज हर्षित राणा (47 रन पर चार विकेट) और उभरते हुए दाएं हाथ के तेज गेंदबाज प्रिंस यादव (28 रन पर तीन विकेट) ने सेना के बल्लेबाजी क्रम को ध्वस्त किया। अनुभवी तेज गेंदबाज इशांत शर्मा (16 रन पर एक विकेट) ने भी एक विकेट लिया। सेना की टीम 26वें ओवर में 82 रन पर पांच विकेट गंवाने के बाद 42.5 ओवर में ऑल आउट हो गई। पंत का पांच मैचों में यह दूसरा अर्धशतक था, जो दो निराशाजनक प्रदर्शनों के बाद आया।

### कनार्टक की लगातार 5वीं जीत



भारतीय टीम से बाहर चल रहे बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल ने विजय हजारे में सत्र का चौथा शतक लगाया, जिससे कर्नाटक ने त्रिपुरा को 80 रन से हराकर अपनी पांचवीं जीत हासिल की। घरेलू क्रिकेट के दिग्गज पडिक्कल ने 120 गेंद में 108 रन बनाए और कर्नाटक ने सात विकेट पर 332 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। फिर टीम ने त्रिपुरा को एक ओवर रहते 252 रन पर समेटकर आसान जीत हासिल की। कर्नाटक 20 अंक से शीर्ष पर है, उसके बाद मध्य प्रदेश (16), झारखंड (12) और केरल (12) की टीम हैं। पडिक्कल ने सिर्फ 10 दिन में पांच मैच में 500 से अधिक रन बना लिए हैं। सलामी बल्लेबाज ने भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज केएल राहुल (35) के साथ 65 रन की साझेदारी करके पारी को और मजबूत किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरे त्रिपुरा के शीर्ष पांच बल्लेबाज सिर्फ 59 रन पर आउट हो गए। मध्य क्रम में स्पिन ऑलराउंडर स्वप्निल सिंह ने 100 रन बनाकर उम्मीद जगाए रखी और यह उनके करियर का लिस्ट ए में सबसे बड़ा स्कोर है।

### हार्दिक का शतक, एक ओवर में पांच छक्के जड़े



राजकोट में हार्दिक पंड्या की 92 गेंद में 133 रन की आक्रामक पारी के बावजूद बड़ौदा को विदर्भ के खिलाफ नौ विकेट की करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। हार्दिक ने पारी में आठ छक्के और 11 चौके जड़े। उन्होंने इस दौरान पारी के 39वें ओवर में लगातार पांच छक्के और एक चौका भी लगाया। बड़ौदा का स्कोर एक समय पांच विकेट पर 71 रन था, लेकिन इसके बाद हार्दिक ने टीम को नौ विकेट पर 293 रन तक पहुंचा दिया। विदर्भ ने हालांकि लक्ष्य का पीछा करते हुए आसानी से जीत हासिल कर ली। अमन मोखाडे ने 121 गेंदों में 150 रन बनाकर नाबाद रहे और ध्रुव शोरे ने 76 गेंदों में 65 रन का योगदान दिया। टीम ने 294 रनों का लक्ष्य 41.4 ओवरों में ही हासिल कर लिया। हार्दिक 119वें मैच में लिस्ट-ए में पहला शतक जमाने में सफल रहे।

### अक्षर का पहला शतक

भारतीय हरफनमौला अक्षर पटेल की लिस्ट-ए क्रिकेट में पहली शतकीय पारी से गुजरात ने आंध्र को सात रन से हराया। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी-20 सीरीज खेलने के बाद विजय हजारे ट्रॉफी में पहला मैच खेल रहे अक्षर ने 130 रन की पारी के साथ गुजरात को संकट की स्थिति से बाहर निकला। गुजरात 99 रन पर पांचवां विकेट गंवाने के बाद संघर्ष कर रही थी, लेकिन अक्षर ने विशाल जायसवाल (70) के साथ 142 रन की साझेदारी कर टीम को नौ विकेट पर 318 रन तक पहुंचाया। आंध्र की टीम सात विकेट पर 311 रन बना सकी। अक्षर ने दो, जबकि रवि बिश्नोई को तीन सफलता मिली।

पुड्डुचेरी ने मध्यप्रदेश को चार विकेट से शिकस्त दी। मध्यप्रदेश पहले खेलते हुए 49.5 ओवर में 228 रन पर सिमट गया। उसके लिए अक्षत रघुवंशी ने 73, शुभम शर्मा ने 47 और आर्यन पांडे ने 46 रन बनाए। जवाब में पुड्डुचेरी ने परमेश्वरन शिवारामन (65) और अमन खान (59) के अर्धशतक की बदौलत 43 ओवर में छह विकेट खोकर 229 रन बना लिए। मप्र के शुभम ने दो विकेट भी लिए।

### 14 की उम्र में कप्तानी करने वाले वैभव बने दुनिया के पहले खिलाड़ी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** वैभव सूर्यवंशी ने रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज करा लिया, उन्होंने बेनौनी के विलोमूर पार्क में दक्षिण अफ्रीका अंडर-19 के खिलाफ तीन मैचों की यूथ वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में 14 की उम्र में भारतीय अंडर-19 क्रिकेट टीम की कप्तानी की। यह उनके युवा और तेजी से आगे बढ़ते करियर में एक ऐतिहासिक उपलब्धि साबित हुआ। सूर्यवंशी ने विजय हजारे ट्रॉफी में अपनी रिकॉर्डतोड़ और विस्फोटक बल्लेबाजी से खूब सुर्खियां बटोरी थीं। बिहार की ओर से अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ रांची में खेलते हुए उन्होंने महज 36 गेंदों में शतक जड़ दिया था। उनकी 84 गेंदों पर खेली गई 190 रन की तूफानी पारी में 16 चौके और 15 छक्के शामिल थे। इस ऐतिहासिक पारी के दौरान वैभव सूर्यवंशी ने लिस्ट ए क्रिकेट में सबसे तेज 150 रन बनाने के एबी डिविलियर्स के लंबे समय से चले आ रहे रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया। उन्होंने यह उपलब्धि 10 गेंदें पहले हासिल की। उनकी पारी में लगाए गए 15 छक्के लिस्ट ए फॉर्मेट में किसी भी भारतीय बल्लेबाज द्वारा लगाए गए सर्वाधिक छक्के हैं। महज 14 साल की उम्र में सूर्यवंशी यूथ वनडे में किसी टीम की कप्तानी करने वाले दुनिया के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए। इसके साथ ही उन्होंने 16 साल की उम्र से पहले किसी भी फॉर्मेट में अंतरराष्ट्रीय अंडर-19 मैच में किसी टीम का नेतृत्व करने वाले पहले क्रिकेटर बनकर भी इतिहास रच दिया। इस उपलब्धि के साथ उन्होंने पाकिस्तान के अहमद शहजाद का 19 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। हाल ही में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया। पीएमआरबीपी भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है, जो 5 से 18 वर्ष की आयु के बच्चों को विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धियों और उत्कृष्टता के लिए दिया जाता है।




## इंग्लैंड-ऑस्ट्रेलिया के बीच अंतिम मैच सुबह पांच बजे से, ऑस्ट्रेलिया 3-1 से आगे

# साल का पहला और एशेज सीरीज का आखिरी टेस्ट मैच आज से सिडनी में

जेएनएन, सिडनी

ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच चल रही एशेज सीरीज का अंतिम पड़ाव आ चुका है। पांच मैचों की सीरीज का आखिरी टेस्ट रविवार से सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) पर सुबह पांच बजे से खेला जाएगा। 3-1 से सीरीज में आगे चल रही ऑस्ट्रेलिया एक और जीत हासिल करना चाहेगी, जबकि लगातार दूसरा टेस्ट जीतकर इंग्लैंड भी दौरे का अच्छा अंत करना चाहेगी। अगर पांच में से इंग्लैंड को चौथी हार मिलती है, तो यह तय हो जाएगा कि ऑस्ट्रेलिया में उनका वापस एशेज जीतना सिर्फ एक भ्रम था। वहीं चौथे टेस्ट से पहले घर के 6 एशेज में तीसरी बार ऑस्ट्रेलिया के पास व्हाइटवॉश का मौका था, लेकिन एमसीजी में दो दिन में ही मिली हार के बाद यह संभावना खत्म हो गई है। उस्मान ख्वाजा के टेस्ट करियर का यह आखिरी मैच होगा, क्योंकि उन्होंने संन्यास की घोषणा कर दी है। वहीं इंग्लैंड ने एक साल से अधिक के समय बाद मैथ्यू पॉट्स को टेस्ट प्लेइंग इलेवन का हिस्सा बनाया है। मेलबर्न टेस्ट में गेंदबाजी के दौरान हैमस्ट्रिंग इंजरी के कारण गस एटकिंसन इस मैच के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। पॉट्स को उनकी जगह सिडनी टेस्ट के लिए प्लेइंग इलेवन में शामिल किया गया है। सिडनी टेस्ट में डब्ल्यूटीसी पॉइंट्स के लिए भी मुकाबला होगा और इंग्लैंड से ज्यादा ऑस्ट्रेलिया के लिए इसके मायने होंगे क्योंकि एक बार फिर से इंग्लैंड का फाइनल में जाना मुश्किल लग रहा है। सीरीज में 4-1 और 3-2 के परिणाम से ज्यादा फर्क नहीं पड़ेगा, जितना अलग संदर्भ में पड़ता। इस दौरे पर इंग्लैंड की नैतिक जीत भी अब फीकी पड़ गई है।





### पिच और परिस्थितियां

एमसीजी के बाद अब सारी निगाहें एससीजी के पिच क्यूरेटर पर होंगी। क्यूरेटर एडम लेविस ने 6एमएम की घास छोड़ी है (पिछले साल भारत के दौरे की 7एमएम वाली घास के मुकाबले, लेकिन उस 10एमएम से काफी कम जिसने बॉक्सिंग डे पर ऐसा कहर बरपाया था)। उन्होंने तैयारियों को लेकर खुद को सुखद बताया है भले ही उन्हें अपेक्षा के अनुसार धूप नहीं देखने को मिली है। पहले दिन हल्की बारिश और तूफान के संकेत हैं, जो दूसरे दिन भी हल्का असर छोड़ सकते हैं। हालांकि, इसके बाद मौसम साफ है।

**ऑस्ट्रेलिया:** जेक वेदरॉल्ड, ट्रेविस हेड, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ (कप्तान), उस्मान ख्वाजा, एलेक्स केरी (विकेटकीपर), ग्रीन, मिचेल नीसर, मिचेल स्टार्क, मर्फी/रिचर्डसन, स्कॉट बोलैंड।

**इंग्लैंड:** जैक क्रॉली, बेन डकेट, जैकब बेथेल, जो रूट, हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), विल जैक्स, ब्राइडन कार्स, मैथ्यू पॉट्स, जॉश टंग, शोएब बशीर।

■ ख्वाजा के संन्यास के बाद सभी की नजरें मार्नस लाबुशेन के ऊपर जाएंगी, जिनके लिए जुलाई 2025 में हुए वेस्टइंडीज दौरे के बाद से चीजें काफी बदल गई है। शेफील्ड शील्ड में उन्होंने जबरदस्त फॉर्म के साथ शुरुआत की और एशेज के पहले दो टेस्ट में दो महत्वपूर्ण अर्धशतक भी लगाया, लेकिन उसके बाद से उनका फॉर्म गिर गया है। जिस सीरीज में वह दो से ज्यादा टेस्ट खेले हैं, उसमें से इस बार उनका औसत सबसे कम है (24.85)। सिडनी में अगर उनका बल्ला नहीं चलता है तो फिर सवाल उठ सकते हैं।




### सिडनी में कड़ी सुरक्षा

सिडनी के बॉंडी बीच में हुई गोलीबारी की घटना को देखते हुए अंतिम एशेज टेस्ट मैच के लिए सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। इस मैच के दौरान लंबी राइफलों से लैस पुलिस गश्त करेगी। ऑस्ट्रेलिया में किसी खेल प्रतियोगिता के दौरान अमूमन इस तरह की सुरक्षा नहीं देखी जाती है। एससीजी में होने वाले इस मैच में स्टेडियम खचाखच भरे रहने की संभावना है।

## मैदान से हटकर

### सारा के वायरल वीडियो पर हंगामा सोशल मीडिया पर मिला समर्थन

महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा इन दिनों सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग का सामना कर रही हैं। वजह बना गोवा की सड़कों पर दोस्तों के साथ टहलते हुए उनका एक वीडियो, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। यह साफ नहीं हो पाया है कि यह वीडियो कब का है, लेकिन कुछ यूजर्स ने दावा किया कि यह नए साल के आसपास रिकॉर्ड किया गया है। वीडियो में सारा अपने दोस्तों के साथ सड़क पर चलते हुए नजर आती हैं। इस दौरान उनके हाथ में एक बोतल दिखाई दे रही है, जिसे कुछ सोशल मीडिया यूजर्स ने बीयर की बोतल बताकर आपत्तिजनक टिप्पणियां शुरू कर दीं। कई यूजर्स ने इस मामले में सचिन तेंदुलकर का नाम घसीटते हुए सारा को निशाना बनाया, जिसे लेकर विवाद और गहरा गया। हालांकि, ट्रोलिंग के बीच सारा के समर्थन में भी बड़ी संख्या में लोग सामने आए। एक यूजर ने लिखा, यह कैसी दकियानूसी सोच है? सारा के बीयर पीने और तेंदुलकर के शराब प्रमोशन में क्या संबंध है? क्या एक बेटी को अपनी जिंदगी जीने का हक नहीं है? (जेएनएन)



# भारत और बांग्लादेश के बीच राजनीतिक तनाव के कारण द्विपक्षीय क्रिकेट पर संदेह

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत और बांग्लादेश के बीच बिगड़ते राजनयिक संबंधों के कारण दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय क्रिकेट कुछ समय के लिए ठप पड़ सकता है और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) द्वारा कार्यक्रम की घोषणा के बावजूद भारतीय टीम के दौरे की संभावना कम है। बीसीबी ने शुक्रवार को घोषणा की है कि सितंबर में दोनों देशों के बीच सीमित ओवरों की छह मैचों की सीरीज खेली जाएगी। उसने बीसीसीआई से परामर्श करने का दावा करते हुए तारीखों की घोषणा भी की। बीसीबी के कार्यक्रम के अनुसार भारतीय टीम के 28 अगस्त को बांग्लादेश पहुंचने के बाद एक, तीन और छह सितंबर को तीन वनडे मैच खेलेगी, जबकि टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच नौ, 12 और 13 सितंबर को खेले जाएंगे। यह सीरीज मूल रूप से पिछले साल आयोजित होने वाली थी, लेकिन भारतीय बोर्ड की सुरक्षा चिंताओं के कारण इसे अनिश्चितकाल के लिए रद्द कर दिया गया था। विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि बीसीसीआई इस बार भी सहयोग करने के लिए तैयार नहीं है, जिसका एक बड़ा संकेत आईपीएल फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स को तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को टीम से 'रिलीज' करने का निर्देश देना है। बांग्लादेश पिछले छह महीने से राजनीतिक हिंसा की चपेट में है और बीसीसीआई इस अस्थिरता की स्थिति में इस देश के दौरे का जोखिम नहीं लेना चाहता है। बांग्लादेश को हालांकि अगले महीने से ही टी-20 विश्व कप मैचों के लिए भारत आना है। बीसीसीआई के निर्देशों पर रहमान को आईपीएल से 'रिलीज' किए जाने के बाद बीसीबी का इस पर रुख सबकी नजरों में रहेगा। हालात अगर और बिगड़ते हैं तो भारत और पाकिस्तान के बीच जैसी स्थिति उत्पन्न होना पूरी तरह से इनकार नहीं किया जा सकता है। भारत और पाकिस्तान अपने सभी आईसीसी मैच तटस्थ मैदानों पर खेलते हैं, क्योंकि पिछले साल पहलगाम आतंकी हमले के बाद उनके संबंध और भी खराब हो गए हैं। टी-20 विश्व कप का बहुप्रतीक्षित भारत-पाकिस्तान मैच अगले महीने श्रीलंका में खेला जाएगा।

# वावरिंका ने की जीत के साथ अपने विदाई वर्ष की शुरुआत

**पर्थ, जेएनएन।** इस सत्र के बाद संन्यास लेने की पहले ही घोषणा कर चुके स्टेन वावरिंका ने 40 वर्ष की उम्र में भी अपने दमखम का शानदार नमूना पेश करते हुए शनिवार को यूनाइटेड कप टेनिस टूर्नामेंट में जीत के साथ नए साल की शुरुआत की। तीन बार के ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन वावरिंका ने फ्रांस के आर्थर रिंडरकनेच को 5-7, 7-6 (5), 7-6 (5) से हराया। रिंडरकनेच की विश्व रैंकिंग 29, जबकि वावरिंका की 157 है। यह मैच तीन घंटे 16 मिनट तक चला। वावरिंका ने दिसंबर में घोषणा की थी कि यह वर्ष एटीपी टूर पर उनका आखिरी वर्ष होगा। स्विट्जरलैंड की उनकी साथी खिलाड़ी बेलिंडा बेनसिच ने इस मिश्रित टीम प्रतियोगिता के एक अन्य मुकाबले में फ्रांस की लियोलिया जीनजेन को 6-2, 6-4 से हराकर स्विस टीम को 2-0 से अजेय बढ़त दिलाई।



### सकारी से हारी बीमार ओसाका

चार बार की ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन नाओमी ओसाका यूनाइटेड कप के दौरान अस्वस्थ महसूस कर रही हैं, लेकिन उन्हें 18 जनवरी से शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलियाई ओपन तक पूरी तरह फिट होने की उम्मीद है। ओसाका शुक्रवार को यूनान की मारिया सकारी से 6-4, 6-2 से हार गई थी। उन्होंने मैच के बाद कहा कि वह क्रिसमस की छुट्टियों के दौरान 'वास्तव में बीमार' हो गई थीं और इसलिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाई। मैच के दौरान ओसाका को बीच-बीच में खांसी आ रही थी और वह थकी हुई लग रही थीं। उन्होंने कहा कि मैं कुछ स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रही थी, इसलिए अभी यहां आकर खुशी हो रही है।



## सिटी स्पोर्ट्स

### इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट आज से

**भोपाल, खेप्र।** 31वां आईईएस-डिजिआना इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट चार जनवरी से खेला जाएगा। टूर्नामेंट का उद्घाटन रविवार को सुबह 11 बजे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और खेल मंत्री विश्वास सारंग करेंगे। टी-20 फार्मेट में खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट में कुल 33 टीमें भागीदारी कर रही हैं। शुरुआत में लीग मैच होंगे फिर ग्रुप की शीर्ष टीमें सेमीफाइनल के लिए प्रवेश करेंगी। इसमें डिपार्टमेंटल और कार्पोरेट ग्रुप की टीमें भी भागीदारी कर रही हैं। प्रतिदिन दो मैच खेले जाएंगे। टूर्नामेंट ओल्ड कैंपियन मैदान पर खेला जाएगा। कुछ मैच फेथ क्रिकेट ग्राउंड और सेंचुरियन अकादमी मैदान पर भी होंगे। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले दो खिलाड़ियों को मान सरोवर प्लेयर ऑफ द मैच और आरएनटीयू मोस्ट वेल्युएबल प्लेयर के खिताब से नवाजा जाएगा। टूर्नामेंट में सेज ग्रुप की ओर से खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष अवार्ड दिया जाएगा। विजेता टीम को एक लाख और उप विजेता टीम को 50 हजार रुपए नगद पुरस्कार दिया जाएगा।

### जमना ने सीनियर जूडो चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण

**भोपाल, खेप्र।** शहर की जमना केवट ने सीनियर स्टेट जूडो चैंपियनशिप 2025-26 में स्वर्ण पदक जीता। स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी (एसजीएसयू) की छात्रा जमना ने यह पदक अंडर-57 किग्रा भार वर्ग में अर्जित किया। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने पदक विजेता खिलाड़ी जमना को बधाई दी।




### गोवा को हराकर मध्यप्रदेश कूच बिहार ट्रॉफी के सेमीफाइनल में



प्रतीक शुक्ला

**भोपाल, खेप्र।** मध्यप्रदेश ने कूच बिहार ट्रॉफी में गोवा को पारी और 105 रन से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सांगुएम क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए चार दिवसीय मैच के तीसरे दिन मप्र ने गोवा को दूसरी पारी में 121 रनों पर समेट दिया। इससे पहले मप्र ने गोवा की पहली पारी 164 रन के जवाब में 390 रन बनाए थे। इस तरह उसे 226 रन की बढ़त मिली थी। मप्र के कप्तान मनन चौहान प्लेयर ऑफ द मैच रहे, जिन्होंने पहली पारी में एक और दूसरी पारी में छह विकेट झटके, जबकि 95 रन की पारी भी खेली। विकेटकीपर बल्लेबाज स्पर्श ने 139 रन की शतकीय पारी खेली। वहीं प्रतीक शुक्ला ने 65 रन बनाए और 2 विकेट लिए।

### पाक ने टी-20 विश्व कप के लिए आईसीसी को सौंपी संभावित टीम

**लाहौर, जेएनएन।** पाकिस्तान ने टी-20 विश्व कप के लिए अपनी 15 सदस्यीय संभावित टीम आईसीसी को सौंप दी है, लेकिन अभी तक इसे सार्वजनिक नहीं किया है। पीसीबी के सूत्र ने यह जानकारी दी। संभावित टीम में चोटिल तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी, पूर्व कप्तान बाबर आजम और शादाब खान भी शामिल हैं। शादाब कंधे की चोट के कारण पिछले साल मई से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेल पाए हैं। शादाब ने पिछले महीने बिग बैश लीग में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की और उन्हें सात जनवरी से श्रीलंका में शुरू होने वाली तीन मैचों की टी-20 सीरीज के लिए पाकिस्तान की टीम में शामिल किया गया है। गेंदबाज हारिस को संभावित टीम में भी शामिल नहीं किया गया है, जबकि शाहीन का अंतिम चयन घुटने की चोट से उबरने पर निर्भर करेगा। स्पिनर उस्मान तारिक और अबरार अहमद, ऑलराउंडर फहीम अशरफ और मोहम्मद नवाज, साइम अयूब, साहिबजादा फरहान, फखर जमां, नसीम शाह, उस्मान खान, मोहम्मद वसीम जूनियर और सलमान अली आगा संभावित टीम में शामिल अन्य खिलाड़ी हैं।

## विवेकानंद पार्क में सपा की संभागीय बैठक 4 को

**रीवा।** रीवा संभाग की ज्वलंत समस्याओं को लेकर सपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनोज यादव के निर्देशन पर सपा के राष्ट्रीय सचिव शिव सिंह पटेल एवं सपा प्रदेश महासचिव रीवा संभाग प्रभारी रामप्रताप सिंह यादव की उपस्थिति तथा सपा जिला अध्यक्ष रीवा अमरेश पटेल की अध्यक्षता में रविवार जनवरी को दोपहर 1 बजे संभागीय बैठक विवेकानंद पार्क में आयोजित है।

## बैजू धर्मशाला में कुम्भकार महासंघ की बैठक आज

**रीवा।** अखिल भारतीय प्रजापति कुम्भकार महासंघ जिला इकाई की बैजू धर्मशाला में आज 04 जनवरी को बैठक आयोजित की गई है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक मनगवां इं. नरेन्द्र प्रजापति, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक पंचूलाल प्रजापति, पन्ना बाई प्रजापति, जिपं सदस्य रीना दाऊराम प्रजापति, पूर्व जिपं सदस्य मुकेश प्रजापति, पूर्व जिपं सदस्य सुमन प्रजापति मौजूद रहेंगे।


कठिन समस्याएं अब न होंगी
क्यूंकि सच्ची सहेली में हैं 67 खास आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियां जो मुश्किल तकलीफों को अंदर से ठीक करने में मदद करे।
24x7 Helpline: 77106 44444 • www.sachisaheli.in
Clinically Tested
67 दुर्लभ प्राकृतिक जड़ी-बूटियों से बना 'सच्ची सहेली' आयुर्वेदिक टॉनिक एवं टेबलेट्स
Helps in: कठिन दर्द | चिड़चिड़ापन | थकान | कमजोरी | कमर कटना | इम्यूनिटी
सच्ची सहेली®


## तेज रफ्तार कार ने गाय को मारी टक्कर युवक घायल



**जागरण, रीवा।** हनुमना- मिर्जापुर हाईवे पर बीती रात तेज रफ्तार कार की ठोकर से एक गाय गंभीर रूप से घायल हो गई तो वहीं कार के आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना में कार सवार युवक भी गंभीर रूप से घायल हुआ है । बताया गया कि घटना के बाद हाईवे में कुछ देर के लिए आवागमन बाधित हो गया। आसपास के लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल कार सवार को हनुमना स्थित अस्पताल पहुंचाया जहां हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने उसे संजय गांधी अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। बताया गया कि हाईवे पर घटित दुर्घटना के कारण काफी समय के लिए आवागमन बाधित हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक घने कोहरे के बीच कार सवार तेज गति से वाहन चला रहा था तभी यह हादसा हो गया।


चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर
डॉ. सिद्धार्थ तिवारी
MBBS, MD (Dermatology & STD)
परामर्श शुल्क मात्र 300/-
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे सायं 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)
चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
परामर्श- दाद, खाज, खुजली, मुंहासे, मस्से, अपरस, सोरायसिस, सफेद दाग, एक्जिमा, गंजापन, त्वचा की एलर्जी, नाखूनों का खराब होना, चेहरे पे दाग धब्बे, झाइयाँ, (Glow & Fairness), सेहुंआ, फोड़े, फुन्सी, गुप्त एवं यौन समस्या आदि।
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
9399312433, 9981287311



रीवा आयुर्वेद एवं पंचकर्म सेंटर
वैद्य एस.के.मिश्रा (B.A.M.S.) रजि. नं. - 51763
पूर्व चिकित्सक काया-माया आयुर्वेद रिसर्च सेन्टर, तुगलकाबाद, नई दिल्ली
कैंसर | चर्म रोग | लकवा | भगन्दर | पथरी
निःशुल्क स्वर्ण प्राशन संस्कार
प्रत्येक रविवार निःशुल्क परामर्श समयः 12 से 2 बजे तक
असुविधा से बचने के लिए पहले से रजिस्ट्रेशन करायें। 7049059178
Youtube Link: https://youtube.com/ @rewaayurvedandresearchcent7097
परोहा मोड, बोदाबाग, रीवा | गाँधी चौक, सीधी | लालघाटी, भोपाल


## बीच शहर में धू-धूकर जलीं कपड़े की दो दुकान, लाखों का नुकसान

### नगर निगम के सामने होटल नीलगगन के नीचे संचालित थी दुकानें, एक लाख नकदी भी चली





जागरण, रीवा

शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर निगम कार्यालय के सामने होटल नीलगगन के नीचे स्थित दो दुकानों में शुक्रवार-शनिवार की देर रात भीषण आगजनी की घटना सामने आई। आगजनी में दोनों दुकानें पूरी तरह जलकर राख हो गई। जिससे दुकानदारों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। दुकान संचालकों का आरोप है कि आगजनी की घटना किसी असमाजिक तत्व के द्वारा घटित की गई है। पूरे मामले की जांच अब पुलिस द्वारा की जा रही है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक बीती रात करीब 2 बजे नगर निगम के सामने स्थित गणेश कलेक्शन और गुप्ता हैंडलूम स्टोर में अचानक आग भड़क उठी। आग इतनी तेज थी कि कुछ ही देर में दोनों दुकानें भीषण आगजनी की चपेट में आ गई। एक दुकान में कपड़ा था तो दूसरी में रजाई गद्दा सहित कपड़ों का सामान भरा हुआ था। स्थानीय लोगों ने जब दुकानों से धुआं और आग की लपटें उठती देखीं तो तत्काल पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक दुकानों में रखा लाखों का सामान जलकर राख हो गया। घटना में दोनों दुकानदारों को लगभग 35 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। बताया गया कि आगजनी में गणेश कलेक्शन में रखा करीब एक लाख रुपये नकद भी जलकर खाक हो गया है। बताया जा रहा है कि गणेश कलेक्शन का संचालन रामनरेश जायसवाल द्वारा किया जा रहा था, जबकि गुप्ता हैंडलूम स्टोर मनीष पुरवार द्वारा संचालित की जा रही थी, किराए से दुकान लेकर संचालक लंबे समय से कारोबार कर रहे थे। घटना के बाद दोनों दुकानदार सदमे में दिखे। बहरहाल आगजनी के स्पष्ट कारण अभी सामने नहीं आ पाए है, वहीं बताया जा रहा है कि पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज भी चेक किए जा रहे हैं। सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचकर घटना की जांच में जुटी रही।

### दुकानों को लेकर चल रहा था विवाद

चर्चा है कि नीलगगन होटल के नीचे स्थित दुकानों को लेकर भी लंबे समय से विवाद चल रहा था, बताया गया कि जिसे दुकान किराए से दी गई थी उसने किसी दूसरे को दुकान किराए से दे रखी थी, इसे लेकर दुकान के मालिक और किरायादार के बीच विवाद भी चल रहा था, फिलहाल आगजनी की घटना के बाद तरह-तरह की बाते सामने आ रहीं हैं, पुलिस अब पूरे मामले की गंभीरता से जांच में लगी हुई है। जांच के बाद ही आगजनी के कारण स्पष्ट हो सकेंगे।


ADVERTISE FOR JOB OPPORTUNITIES
REWA HOSPITAL & RESEARCH CENTER
invites application for the following post.

| Sr. No. | POST | MINIMUM QUALIFICATION | MINIMUM EXPERIENCE |
|---|---|---|---|
| 1. | ICU NURSING STAFF | B.Sc. Nursing | 2 Years |
| 2. | WARD NURSING STAFF | B.Sc. Nursing | 2 Years |
| 3. | WARD ASSISTANT NURSING STAFF | B.Sc. Nursing | 2 Years |
| 4. | RECEPTIONIST | GRADUATION + PGDCA | 2 Years |
| 5. | RESIDENT MEDICAL OFFICER | MBBS/BAMS | 2 Years |

Terms & Conditions:-
- Applicants are required to be present at **06/01/2026 between 03:00 PM to 05:00 PM.**
- Only short listed candidates shall be called for interview.
- Applicants will bring original documents at the time of interview.
- Salary package will be negotiable according to qualification relevant experience & skills.
- The Hospital Authority reserve the right to review or cancel the recruitment process at any stage.

NEAR SATNAM PETROL PUMP, REWA
Cont. No.: 7999090175, 8839440665
Email ID - rewahospitalrc@gmail.com | hrrhrcrewa2017@gmail.com
HR MANAGER, RHRC, REWA



डॉ. निशा डायलिसिस सेंटर
पता- अग्रवाल नर्सिंग होम, खुटेही, रीवा
24/7 Our Services Dialysis (डायलिसिस)
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें 9174566996, 7771009417
नवीनतम मशीन द्वारा हीमो डायलेसिस
Hepatitis C (HCV) मरीजों के लिए अलग से समर्पित मशीन
अन्य सुविधाएंः
• 24x7 मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. ईशान गोयल
• 24x7 स्त्री रोग विशेषज्ञ
• वेंटिलेटर एवं Bipap
• 24x7 मेडिकल स्टोर



मेट्रो हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, रीवा
अब आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत निःशुल्क इलाज की सुविधा उपलब्ध
उपलब्ध विभाग
• जनरल सर्जरी • ऑर्थोपेडिक्स यूरोलॉजी • प्लास्टिक एवं रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी
• पॉलीट्रॉमा • मेडिकल ऑन्कोलॉजी • जनरल मेडिसिन • पीडियाट्रिक
न्यू बस स्टैंड के पास, शारदा पुरम रोड, रीवा
अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें: 07662-314775,7771000668



10 जनवरी 2026 को लीवर की विशेष जांच फाइब्रोस्कैन निःशुल्क की जाएगी
विंध्य के वरिष्ठ डॉक्टर
डॉ प्रदीप निगम
MD, DrNB (गैस्ट्रो)
उपलब्ध सुविधा: • एंडोस्कोपी • कोलोनोस्कोपी • फाइब्रोस्कैन • ERCP
पेट, लीवर, पित्त, आंत पैंक्रियाज एवं डायबिटीज रोग विशेषज्ञ
Call Now 8770352872,7566926696
पता -बाल भारती स्कूल के सामने, समदड़िया गोल्ड सिरमौर चौराहा रीवा



अब विंध्य हॉस्पिटल में कैंसर सर्जन भी स्थाई रूप से प्रतिदिन उपलब्ध
विंध्य हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर VHRC
डॉ.विनीत कुमार तिवारी
कैंसर सर्जन
DrNB (Surgical Oncology)
Max Hospital, Delhi-NCR
डॉ० विशाल मिश्रा यूरोलॉजिस्ट | यूरो एण्ड स्टोन सेंटर
डॉ. निशांत कुमार जैन गैस्ट्रो फिजिशियन | गैस्ट्रो एण्ड लिवर क्लीनिक
डॉ. मुकुंद पाण्डेय लेप्रोस्कोपी सर्जन | लेप्रोस्कोपी सर्जरी सेंटर
डॉ. सौरभ पाण्डेय चेस्ट फिजीशियन | चेस्ट एण्ड क्रिटिकल केयर क्लीनिक
मदर एवं चाइल्ड क्लीनिक | फ्रैक्चर एवं ट्रॉमा सेंटर | डायलिसिस | सी.टी. स्कैन | ब्लड बैंक | आई.सी.यू.
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: 07662-406000, 9589899826
पुराने बस स्टैण्ड के पास, जय स्तम्भ चौक, रीवा (म.प्र.) www.vindhyahospital.org



गठिया एवं पुराने रोगों के लिए नवीनतम आयुर्वेद चिकित्सा
शुद्ध आयुर्वेदिक इलाज के साथ-साथ पंचकर्म चिकित्सा एवं आहार-विहार परामर्श उपलब्ध है।
डॉ. ब्योमेश उपाध्याय
Ayurved Medical Officer, M. D. (Kayachikitsa),
जनरल मेडिसिन (आयुर्वेद)
विशेषताएं:- • जोड़ो का दर्द व सूजन, गठिया वात, साइटिका वात, कमर दर्द • एड़ी का दर्द, सिर का दर्द (माइग्रेन) • लकवा • दमा (सांस का रोग) • पुराना कफ व खांसी • स्किन एलर्जी, त्वचा में होने वाले रोग (सोरायसिस) • थायराइड • बवासीर • लीवर के रोग • शुगर (डायबिटीज) • शारीरिक कमजोरी
निःशुल्क परामर्श प्रत्येक सोमवार से शनिवार (रविवार अवकाश) शाम 05 से रात 08 बजे तक
पताः श्री सांवरिया फार्मेसी, न्यू बस स्टैण्ड से 300 मी. आगे आशीयाना मैरिज गार्डन गेट के सामने, गुलाब नगर समान रीवा (म.प्र.)
सम्पर्क सूत्रः 9630597027



मिनर्वा आई.व्ही.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर)
(निः संतान दंपतियों के लिए)
कम खर्च बेहतर इलाज
सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा
उपलब्ध सुविधाएँ • IUI, IVF, ICSI • फ्रोजन एंब्रियो ट्रांसफर साइकिल (FET) • एग फ्रीजिंग • एंब्रियो फ्रीजिंग • स्पर्म फ्रीजिंग
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा
स्त्री एवं प्रसूति रोग
निःसंतानता रोग एवं टेस्टट्यूब बेबी विशेषज्ञ
MBBS, MD (ऑब्स & गायनी)
फैलोशिप इन रिप्रोडक्टिव मेडिसिन
एण्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा



विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
समय-प्रतिदिन सुबह 10 से 2 एवं शाम 4 से 7 बजे तक रविवार अवकाश
डॉ. कोम्पल अग्रवाल
MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
अत्याधुनिक Laser द्वारा Hair Removal, Tattoo Removal एवं Facial की सुविधा उपलब्ध
परामर्श:- दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, सोरायसिस, सफेद दाग, चेहरे की कील, मुहांसे, बालों का झड़ना, गंजापन, इत्यादि समस्त चर्म, नाखून, बाल एवं यौन संबंधी समस्याएं।
विशेष- Co2 एवं MNRF LASER के द्वारा पिम्पल के गड्ढे, दाग, झुर्रियों Stretch Marks, आदि के लिए इलाज की सुविधा
मो.-7247097637
परामर्श शुल्क 300/- परामर्श क्लीनिक: शॉप नं. 86 तानसेन कॉम्प्लेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)



CENTRAL ACADEMY
AFFILIATED TO CBSE, NEW DELHI
Admissions Open
FOR NURSERY TO GRADE-I (SESSION 2026-27)
Prospectus cum Admission Forms are available at School Office between 10:00 am and 2:00 pm on all working days
EMPOWERING YOUNG MINDS
Add:Civil Lines, Rewa (M.P.) - 486001
Phone:07662-241788, 421665
www.centralacademyrewa.com centralacademyrewa@gmail.com



Minerva
मिनर्वा द मेडिसिटी
मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, रीवा
जन्मजात बाल्य हृदय रोग एवं बाईपास सर्जरी आयुष्मान कार्ड के तहत निःशुल्क इलाज
फोर्टिस हॉस्पिटल के विशेषज्ञों द्वारा
विशेष सूचना
दिनांकः 03,04,05 जनवरी 2026
कार्डियक सर्जरी पुनः निःशुल्क उपलब्ध
असुविधा से बचने के लिए पूर्व में ही रजिस्ट्रेशन करवाएं
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैंड, रीवा (म.प्र.)
9893516364, 8770288324 | टोल-फ्री नंबरः- 18008892250



100 बिस्तरीय मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल
प्रार्थना हॉस्पिटल & रिसर्च सेन्टर
24x7,ICU,NICU
• हड्डियों का निःशुल्क आपरेशन आयुष्मान से
• प्लास्टिक सर्जरी निःशुल्क आपरेशन आयुष्मान से
उपलब्ध विभाग • यूरोलॉजी • न्यूरोसर्जरी • कार्डियोलॉजी • सर्जरी (लेजर एवं लेप्रोस्कोपी) • आर्थोपेडिक्स • गैस्ट्रोलॉजी • प्लास्टिक सर्जरी • मेडिसिन • गायनी एवं आब्स • पिडियाट्रिक्स
मेडिसिन: डॉ. संदीप पटेल MBBS, MD (मेडिसिन)
यूरोलॉजिस्ट (किडनी और मूत्र रोग विशेषज्ञ): डॉ. प्रवीण कुमार सोनी MBBS, MS, Mch (यूरोसर्जरी)
आयुष्मान योजना के तहत निःशुल्क इलाज
मेडिक्लेम की सुविधा उपलब्ध
24/7 इमरजेंसी सुविधा
सिजेरियन | नार्मल डिलिवरी
बच्चेदानी का आपरेशन दूरबीन द्वारा
पी.टी.एस. न्यू बस स्टैंड रोड, फ्लाईओवर के बगल में, रीवा
संपर्क करें: 756690 8666, (07662) 469015
फॉलो करें: prarthanahospital22@gmail.com



जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता**। आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com